राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 137
लखनऊ, शनिवार 17 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एसपी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक में मातहतों के कसे पेंच 10

खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में असीम संभावनाएं मौजूद : केशव 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,43,550/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,31,600/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,77,00/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,92,000/किग्रा |



# एसआईआर के लिए चार विशेष तिथियां तय

## मतदाता सूची अपडेशन के लिए विशेष अभियान दिवसों की होगी निगरानी : रिणवा

▸ दावे व आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 फरवरी तक निर्धारित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 06 फरवरी तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष अभियान तिथियां 18 जनवरी, 31 जनवरी एवं 1 फरवरी तय की गई हैं।

एक चौथी विशेष अभियान तिथि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर निर्धारित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान तिथियों के दौरान प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ, सहायक स्टाफ सहित निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे।

बीएलओ के पास 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, गणना अवधि के दौरान अप्राप्य श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची के साथ दावे, आपत्तियों से संबंधित आवश्यक फार्म-6 घोषणा-पत्र सहित, 6ए, 7 एवं 8 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे।

**हर मतदान केन्द्र पर बनेगी हेल्प डेस्क, फार्म भरने में मिलेगी सहायता**

प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट बीएलए को अभियान तिथियों की जानकारी देते हुए उनसे सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी नियमानुसार सहयोग लिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि निर्धारित विशेष अभियान तिथियों पर अपने संबंधित बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें तथा आवश्यक होने पर फार्म-6, 6ए, 7 एवं 8 ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से भरकर दावे एवं आपत्तियां समय से दर्ज कराएं, ताकि मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाई जा सके।

# बनाएं वैश्विक मानकों वाले उत्पाद : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



▸ अब स्टार्टअप को उत्पादन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में अब स्टार्टअप को उत्पादन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने की ज्यादा आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें नए और दुनिया के श्रेष्ठतम गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करने होंगे।

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर आज प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में आयोजित स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने से जुड़े कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले केवल बड़े घराने के बच्चे ही नया व्यवसाय और उद्यम शुरू करते थे और मध्यम वर्ग व गरीब परिवारों के अधिकतर बच्चे नौकरी पाने का सपना ही देखा करते थे। लेकिन स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम ने इस मानसिकता को बदला है और इस कारण आज युवा स्टार्टअप के माध्यम से वास्तविक समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान स्टार्टअप इकोसिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत की। कुछ चुने हुए स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने अपनी उद्यमी यात्रा के अनुभव को साझा किया।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने नए स्टार्टअप्स में महिलाओं की लगातार बढ़ती भूमिका को गौरव का विषय बताते हुए कहा कि आज 45 प्रतिशत नए स्टार्टअप में महिला या निदेशक या फिर पार्टनर हैं। भारत महिला भागीदारी के हिस्से के तौर पर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको तंत्र बन गया है।

प्रधानमंत्री ने देश के स्टार्टअप मिशन को रेनबो मिशन की संज्ञा दी और कहा कि इसने विविध क्षेत्रों को आपस में जोड़ा है और नए अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने देश के युवाओं की जोखिम उठाने की प्रवृत्ति की सराहना करते हुए कहा कि आज मासिक वेतन से आगे सोचने वालों को न केवल स्वीकार किया जाता है बल्कि सम्मान भी दिया जाता है। पहले जोखिम भरे विचारों को लोग फ्रिंज (अटपटी) नजर से देखते थे लेकिन अब वह फैशन बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में स्टार्ट ऑफ इंडिया मिशन एक रिवॉल्यूशन बन चुका है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। स्टार्टअप की संख्या 500 से बढ़कर अब 2 लाख हो गई है और 125 एक्टिव यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है जहां इतनी बड़ी संख्या में यूनिकॉर्न है। अकेले साल 2025 में ही 44 स्टार्टअप रजिस्टर हुए हैं।

**आप सभी को तिरुक्कुरल अवश्य पढ़ना चाहिए : प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से अपील की कि वह महान दार्शनिक तिरुक्कुरल को अवश्य पढ़ें। खास बात यह है कि उनके सम्मान में हर वर्ष तिरुवल्लुवर दिवस मनाया जाता है। तिरुवल्लुवर दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा, आज तिरुवल्लुवर दिवस के अवसर पर, मैं उन महान तिरुवल्लुवर को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनकी रचनाएं और विचार आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सद्भाव और करुणा से परिपूर्ण समाज में विश्वास रखा। वे तमिल संस्कृति के श्रेष्ठ मूल्यों के प्रतीक हैं। तिरुवल्लुवर की असाधारण बुद्धिमत्ता को दर्शाने वाले तिरुक्कुरल को आप सभी अवश्य पढ़ें– यही मेरी अपील है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में 40 करोड़ से ज्यादा 5जी यूजर्स, दुनियाभर में दूसरा नंबर

**नई दिल्ली।** भारत ने डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी यूजर्स बेस वाला देश बन गया है। भारत में 400 मिलियन (40) करोड़ से ज्यादा लोग 5जी सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। 5जी के मामले में अब भारत से आगे केवल चीन है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट पर लिखा कि भारत में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा 5जी सब्सक्राइबर बेस है, अब यह दुनिया में इस टेक्नोलॉजी को सबसे तेजी से अपनाने वाले देशों में से एक है। सिंधिया ने आगे लिखा कि 400 मिलियन से ज्यादा 5जी यूजर्स के साथ भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी सब्सक्राइबर बेस बन गया है, जो दुनियाभर में सबसे तेज़ी से इसे अपनाने वाले देशों में से एक है।

### सुखात्मे राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सांख्यिकी के क्षेत्र में सुखात्मे राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य सांख्यिकी के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना और विशेषज्ञों के योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देना है। पुरस्कार विजेता को एक विशेष सत्र को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा, जहां वे अपने शोध कार्य के महत्व और उपलब्धियों पर प्रकाश डालेंगे। आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।

### वैज्ञानिकों ने खोजी अंधे केसिलियन की नई प्रजाति

**कोलकाता।** भारतीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने महाराष्ट्र के उत्तरी पश्चिमी घाट में एक अत्यंत दुर्लभ, भूमिगत जीवन जीने वाले उभयचर की नई प्रजाति की खोज की है। इस नई प्रजाति का नाम गेगेनियोफिस वाल्मीकि रखा गया है। यह खोज इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि एक दशक से अधिक समय बाद इस जीनस में किसी नई प्रजाति की वैज्ञानिक पहचान हुई है। इस समूह के जीवों को वैज्ञानिक जगत में अक्सर हिडन एम्फीबियंस यानी छिपे हुए उभयचर कहा जाता है। यह प्रजाति वर्ष 2017 में पहली बार महाराष्ट्र के सतारा जिले के वाल्मीकि पठार क्षेत्र से एकत्र की गई थी। कोलकाता स्थित भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केपी दिनेश ने इसे खोजा था। खोज स्थल के पास स्थित ऐतिहासिक महर्षि वाल्मीकि मंदिर के सम्मान में इसका नामकरण किया गया। इस महत्वपूर्ण शोध को अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका फिलोमेडूसा में प्रकाशित किया गया है।

### पुणे नगर निगम में भाजपा की बड़ी जीत, मोहोल ने जनता को दिया धन्यवाद



**एजेंसी, पुणे।** केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने पुणे नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर एक बार फिर विश्वास जताने के लिए यहां के लोगों को धन्यवाद दिया है। श्री मोहोल ने अपने बयान में कहा कि जिन्होंने काम नहीं किया, वे बातें करते रहे, लेकिन पुणे के लोगों ने हम पर भरोसा दिखाया और हमें नेतृत्व करने का एक और मौका दिया। हमने लगातार कहा था कि करीब 120 सीटें जीतेंगे और हमें इस पर पूरा भरोसा था। अभियान के दौरान हमारी आलोचना की गयी, लेकिन हमने विकास के मुद्दों पर ध्यान दिया। पुणेकरों के जबरदस्त समर्थन से से हम बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देने के लिए खुद फोन किया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री फडणवीस के भरोसे और शहर भर में पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों को दिया।

# खेलकूद को बनायें दिनचर्या का हिस्सा : सीएम

▸ मुख्यमंत्री ने किया अन्तर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता का उद्घाटन

▸ प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर बढ़ा रही खेल सम्बंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में खेल और उससे जुड़ी गतिविधियां हमारे जीवन का महत्वपूर्ण आयाम बन चुकी हैं। भारत की प्राचीन परम्परा ने खेलकूद की गतिविधियों को सदैव महत्व दिया है।

खेलकूद की गतिविधियां को केवल औपचारिकता न समझेंबल्कि अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता देश की बेटियों के उमंग और उत्साह के साथ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

मुख्यमंत्री दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर में पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता 2025-26 के आयोजन के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रति आभार प्रकट किया। ज्ञातव्य है कि पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में 14 राज्यों के 31 विश्वविद्यालयों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद देश में नई खेल संस्कृति विकसित की है। खेलो इण्डिया तथा फिट इण्डिया मूवमेण्ट के माध्यम से देशवासियों को स्वस्थ शरीर से सशक्त राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला तैयार करने की प्रेरणा प्रदान की। सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से गांव-गांव तक खेल भावना का प्रसार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अनेक परिवारों ने खेलकूद को अपने जीवन का हिस्सा बनाया है। अभिभावक बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं तथा उस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। अभिभावकों की इस प्रतिबद्धता को देखते हुए प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर खेल सम्बन्धित इन्फ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ा रही है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल का मैदान, ग्राम पंचायत व नगर निकाय में ओपन जिम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम तथा जनपद स्तर पर स्टेडियम के निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। अब ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड तथा वर्ल्ड चौम्पियनशिप में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भारत सरकार के साथ विभिन्न राज्य सरकारें भी पुरस्कृत करती हैं।

# 20 जनवरी को मिलेगा भाजपा को राष्ट्रीय अध्यक्ष, नोटिफिकेशन जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी हो गई है। नामांकन प्रक्रिया 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगी, जबकि 20 जनवरी को आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. के लक्ष्मण ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया। चुनाव को संगठन पर्व 2024 का नाम दिया है। पार्टी ने नितिन नबीन को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है और माना जा रहा है कि उन्हें ही पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। संगठन पर्व 2024 अपने गंतव्य की ओर अग्रसर है। आज पार्टी की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया की आधिकारिक घोषणा जारी की गई है। निर्वाचक मंडल की सूची भी प्रकाशित कर दी गई है। नामांकन प्रक्रिया 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी। उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच 19 जनवरी को शाम 4 से 5 बजे तक की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार शाम 5 से 6 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। शाम साढ़े 6 बजे राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी बयान जारी करेंगे। आवश्यक हुआ तो 20 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। इस चुनाव के लिए 30 राज्यों से 5708 मतदाताओं का इलेक्टोरल रोल तैयार किया गया है, जो पार्टी के विभिन्न स्तरों के प्रतिनिधियों को शामिल करता है।

### कठुआ में आतंकियों के तीन ठिकाने ध्वस्त, सर्च ऑपरेशन जारी



**एजेंसी, कठुआ।** कठुआ जिले के बिलावर क्षेत्र में पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों की संयुक्त कार्रवाई में आतंकियों के तीन ठिकानों का भंडाफोड़ किया गया है। बीते 7 जनवरी 2026 को कामाड़ नाला, कलाबन और धनु परोल के जंगलों में आतंकियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना के आधार पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की, जिसके बाद रात भर मुठभेड़ चलती रही। सर्च के दौरान एक आतंकी ठिकाने से एम-4 राइफल के खाली कारतूस, खाने-पीने का सामान, कंबल, तिरपाल और अन्य उपयोगी वस्तुएं बरामद की गईं। इसके बाद 16 जनवरी 2026 को कलिखड़ और कलाबन इलाकों में दो और आतंकी ठिकानों का पता लगाकर गैस सिलेंडर, बर्तन, टॉर्च, कंबल और अन्य सामग्री जब्त की गई। एसएसपी कठुआ मोहिता शर्मा ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

# न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को बड़ा झटका, याचिका खारिज

▸ संसदीय जांच समिति के गठन को दी थी चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की ओर से दायर उस रिट याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत जांच समिति गठित करने के लोकसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी थी। यह निर्णय न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुनाया।

उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद उनके खिलाफ शुरू किए गए महाभियोग प्रस्ताव के संबंध में यह समिति गठित की गई थी। न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और लोकसभा सचिवालय का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद आठ जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। न्यायमूर्ति वर्मा ने जांच समिति के गठन को इस आधार पर चुनौती दी थी कि महाभियोग नोटिस लोकसभा और राज्यसभा दोनों में एक ही दिन (21 जुलाई) पेश किए गए थे, फिर भी लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा सभापति के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना या अनिवार्य संयुक्त परामर्श किए बिना एकतरफा रूप से समिति का गठन कर दिया। याचिका में तर्क दिया गया कि अपनाई गई प्रक्रिया न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3(2) के विपरीत थी।

### माघ मेला क्षेत्र में लगी आग मुजफ्फरनगर डीएम के रिश्तेदार की झुलसकर मौत

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर-5 स्थित एक शिविर में गुरुवार रात आग लगने से मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के रिश्तेदार मानस मिश्रा (35) की आग में झुलसकर मौत हो गई हैं। पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार रात मेला क्षेत्र के सेक्टर-5 स्थित एक शिविर में आग लग गई। सूचना पर अग्निशमन के कर्मचारी दमकल गाड़ियों के साथ पहुंचे और अतिशीघ्र आग पा लिया गया है। आग की चपेट में आने से प्रयागराज जिले के सराय इनायत थाना क्षेत्र के लीलापुर गांव निवासी मानस मिश्रा झुलस गए। उसे तत्काल उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हज यात्रा के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हज यात्रा संबंधी प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जनवरी कर दी गई है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने साफ किया है कि इसके बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रियों से हज बुकिंग और अन्य कागजी प्रक्रिया 25 जनवरी 2026 तक पूरा कर लेने का अनुरोध किया है। हज यात्रियों को अपना वैध पासपोर्ट अपने चुने हुए एचजीओ (हज ग्रुप ऑर्गनाइजर) या संबंधित कार्यालय में जमा करने, नुसुक पोर्टल पर अपना पंजीकरण विवरण दर्ज करने को कहा गया है। मंत्रालय ने हज यात्रियों से कहा है कि बुकिंग करने से पहले यह जरूर जांच लें कि हज ग्रुप ऑर्गनाइजर सरकार द्वारा अधिकृत है या नहीं। उनका कोटा और रजिस्ट्रेशन स्टेटस चेक करना न भूलें।

# भारत-जापान ने आर्थिक, समुद्री सुरक्षा में सहयोग को और मजबूत करने पर जतायी सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को यहां जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी के साथ 18वीं भारत-जापान रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ीकरण, महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच, उभरती प्रौद्योगिकियां, जन-से-जन संपर्क तथा बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जतायी।

विदेश मंत्री ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर दोनों नेताओं ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की निरंतर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी वैश्विक व्यवस्था को आकार देने और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के जोखिमों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, इंडो-पैसिफिक सहित क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। यह संवाद भारत और जापान के बीच आपसी विश्वास, साझा हितों और दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे पहले विदेश मंत्री ने हैदराबाद हाउस में आयोजित बैठक से पूर्व अपने शुरुआती वक्तव्य में कहा कि हम अग्रणी लोकतंत्र और विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं हैं। आज हमारे सामने केवल अवसर ही नहीं, बल्कि यह साझा दायित्व भी है कि बदलती और अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों में हम मिलकर सहयोग करें तथा साझा रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप वैश्विक व्यवस्था को सकारात्मक दिशा प्रदान करें।



# महिला की मौत, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

तरब गंज थाना क्षेत्र के ढ़ोढ़ेपुर ग्राम के निवासी रंजीत मोदन वाल की पत्नी 22 वर्षीय शीतल मोदन वाल की बृहस्पतिवार की बीती रात्रि में फांसी लगने से मरणासन्न हो गई। इलाज के लिए देर रात्रि में उस को मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने देखने बाद मृत्यु घोषित कर दिया गया। महिला के भाई अमर नाथ मोदन वाल ने हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। मृतका का मायका बलराम पुर जिले के उतरौला कस्बा के निवासी श्याम बाबू मोदन वाल की पुत्री थी। मृतका के चचेरे भाई अमर नाथ मोदन वाल ने बताया कि दो साल पहले शादी किया था।शादी में दहेज का सारा सामान दिया गया। मृतका तीन बहन थी। सब से बड़ी शीतल मोदन वाल कुंकुम कोमल और सब से छोटा भाई राजवंत है। दहेज के लिए उस का पति बराबर प्रताड़ित करते थे। बीती रात्रि में उस का गला दबा कर फांसी पर लटका दिया गया।उस ने बताया कि मृतका के पिता श्याम बाबू की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। दुर्घटना बीमां का पैसा करीब तीन लाख रुपए मिला था उस का पैसा भी मृतका के पति रंजीत मोदन वाल को दे दिया गया था। इस के बाद भी उस को दहेज के लिए बराबर प्रताड़ित करते थे।

# जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

**कॉलेज में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश : जिलाधिकारी**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन द्वारा मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज की नई इमारत के प्रथम तल, द्वितीय तल, तृतीय तल तथा पंचम तल का गहन अवलोकन किया और वहां उपलब्ध एवं प्रस्तावित स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) जिला अस्पताल को स्पष्ट निर्देश दिये कि जिला अस्पताल की समस्त ओपीडी सेवाओं को आगामी 15 दिवस के भीतर मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में अनिवार्य रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि ओपीडी के स्थानांतरण से मरीजों को एक ही परिसर में बेहतर, आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे उपचार की गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नई बिल्डिंग में ओपीडी संचालन से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। इसमें साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था, संकेतक बोर्ड, पंजीकरण काउंटर, दवा वितरण कक्ष एवं चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी समय से उपस्थित रहें और मरीजों के साथ संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार करें। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में ओपीडी संचालन से न केवल मरीजों को उन्नत सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि जिला अस्पताल पर भी दबाव कम होगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारीडॉक्टर संत लाल पटेल, सीएमएस जिला अस्पताल डॉक्टर अनिल तिवारी, डॉक्टर कुलदीप पाण्डेय, डॉक्टर डीएन सिंह सहित सभी अन्य संबंधित आधिकारिक उपस्थित रहे।

# गोण्डा में 18 जनवरी को सभी बूथों पर मतदाता सूची का वाचन, 6 फरवरी तक दावे-आपत्तियां

**चार विशेष अभियान तिथियों पर बीएलओ करेंगे आवेदन स्वीकार**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनपद गोण्डा के सभी 2978 मतदेय स्थलों पर 18 जनवरी 2026 (रविवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली का पुनः वाचन किया जाएगा। इस दौरान बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसके लिए आयोग द्वारा चार विशेष अभियान तिथियां तय की गई हैं– 17 जनवरी (शनिवार), 18 जनवरी (रविवार), 31 जनवरी (शनिवार) और 1 फरवरी (रविवार)। इन तिथियों पर बीएलओ मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर आवेदन स्वीकार करेंगे। उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों की आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और जिनका नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जुड़वा सकते हैं। मृतक, स्थानांतरित या डुप्लीकेट नाम हटाने के लिए फॉर्म-7, जबकि नाम, पता, आयु आदि में सुधार अथवा एक स्थान से दूसरे स्थान पर नाम स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 जमा किया जा सकता है। ये फार्म संबंधित मतदेय स्थल, मतदाता पंजीकरण केंद्र, तहसील या जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। इसके अलावा ECINET मोबाइल ऐप तथा httpsÑ// voters.eci.gov.in/पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे अपने कार्यकर्ताओं और बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने में सहयोग करें। आयोग का उद्देश्य है कि सभी अर्ह नागरिक पंजीकृत हों, सूची में दर्ज प्रविष्टियों की त्रुटियां दूर हों और कोई भी अनर्ह नाम मतदाता सूची में शेष न रहे।

## विवाहिता की हत्या कर शव को फेका गन्ने की खेत में, एक माह पूर्व हुई थी शादी

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रामापुर टपरा गांव में शुक्रवार की सुबह गन्ने के खेत में एक नवविवाहिता का शव मिलने पर हड़कंप मच गया।मृतका की पहचान पूजा के रूप में हुई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। बृहस्पतिवार की सुबह लगभग दस बजे पूजा अपने घर से बाहर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, किंतु कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बगल के गांव रामापुर टपरा स्थित गन्ने के खेत में उसका शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अभय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# सफाई कर्मचारी संघ ने मासिक बैठक में लिया निर्णय जल्द होंगे ब्लॉकों के चुनाव

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ गोंडा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष नरसिह नारायण पांडे की अध्यक्षता में चौधरी चरण सिंह सिंचाई डाक बंगला में संपन्न हुई बैठक में जनपद के सोलह विकास खंड के ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक महामंत्री ब्लॉक कोषाध्यक्ष संगठन मंत्री संप्रेक्षक मौजूद रहे बैठक में जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला ने कहा कि संगठन में अनुशनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी संगठन ठोस निर्णय लेकर कार्य करेगा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने ब्लॉकों के चुनाव की जिम्मेदारी व समय का निर्धारण करते हुए 20 फरवरी तक दिया मंडल अध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे ने कहा कि 20 फरवरी के बाद में ब्लॉकों के कार्यकारिणी को भंग कर



दिया जाएगा अन्यथा समय रहते अपने-अपने विकासखंड का चुनाव करा लें प्रदेश उपाध्यक्ष जिला कोषाध्यक्ष अमीर अहमद ने कहा कि ब्लॉक वार हो रही कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए ब्लाकों की बैठक की जाएगी बर्थडे के बाद उच्च अधिकारियों से वार्ता करके समाधान कराया जाएगा 15 फरवरी तक कर्मचारी अपने-अपने विकासखंड की मतदाता सूची बनवाकर जिला संगठन से अनुमोदन ले ले बैठक में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सरिता कश्यप वैभव राज मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष बभनजोत धर्मेंद्र वर्मा नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष राम सजीवन तिवारी वजीरगंज ब्लॉक अध्यक्ष सनी राम बेलसर ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ मौर्य झंझरी ब्लॉक अध्यक्ष पंकज पडरी कृपाल ब्लॉक अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार इटियाथोक ब्लॉक अध्यक्ष लोकनाथ शुक्ला रुपईडीह ब्लॉक अध्यक्ष लखनलाल पासवान कटरा ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र सिंह परसपुर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी कर्नलगंज ब्लॉक अध्यक्ष रवि गोस्वामी हलदरमऊ ब्लाक अध्यक्ष रमेश सिंह ब्लॉक महामंत्री मुझेहना अनंत राम वर्मा रामपाल सिंह फौजदार पांडे अरुण चतुर्वेदी संतोष वर्मा सहित सैकड़ो पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ता पर हमले के विरोध में भड़का आक्रोश, पुलिस कार्यशैली के खिलाफ उतरौला बार का बहिष्कार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** अधिवक्ता व उनके परिवार पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले को लेकर पुलिस की कार्यशैली के विरुद्ध अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को अधिवक्ता संघ उतरौला की एक आकस्मिक बैठक बार संघ भवन में अध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर की कार्यशैली की तीखी आलोचना करते हुए दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण में जिला बार संघ बलरामपुर जो भी निर्णय लेगा, अधिवक्ता संघ उतरौला उसका पूर्ण समर्थन करेगा। आक्रोश के प्रतीक स्वरूप अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया, जिसके चलते लगभग तीन घंटे तक मतदान कार्य पूरी तरह ठप रहा। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष मार्कण्डेय मिश्र ने कहा कि अधिवक्ताओं से जुड़े मामलों में पुलिस की निष्क्रियता अत्यंत चिंताजनक है और इससे अधिवक्ता समाज की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि अधिवक्ताओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है, जिस पर तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई आवश्यक है। पूर्व अध्यक्ष प्रह्लाद यादव ने स्पष्ट किया कि जिला बार संघ के हर निर्णय का अधिवक्ता संघ उतरौला पूर्ण समर्थन करेगा। पूर्व मंत्री अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र जायसवाल और ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखते हुए मामले में शीघ्र कठोर कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के कार्यकाल में अधिवक्ताओं का उत्पीड़न बढ़ा है और साथी अधिवक्ता व उनके परिवार पर हुए हमले में अब तक ठोस कार्रवाई न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर की कार्यशैली की निंदा का प्रस्ताव पारित किया गया और जिला बार संघ के निर्णयों के पूर्ण समर्थन का संकल्प लिया गया। बैठक में आलोक गुप्त, दीप चंद, शत्रुघ्न लाल, रघुवंश सिंह, परशुराम यादव, रामचंद्र, अखिलेश यादव, नीरज गुप्त, आशीष कसौधन, अजीत यादव, शादाब अहमद, व्यासमुनि पांडेय सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में कोतवाली उतरौला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के कुशल नेतृत्व में कोतवाली उतरौला पुलिस टीम ने मु0अ0सं0-005/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त राजेश चौरसिया को गिरफ्तार किया। अभियुक्त पर बीएनएस की धारा 137(2), 87, 64(1), 351(3), 352 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के अंतर्गत गंभीर आरोप दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को अभियुक्त राजेश चौरसिया पुत्र धारीलाल चौरसिया, निवासी ग्राम दुबौली परसौना, थाना गैण्डास बुजुर्ग को बक्सरिया बाजार के आगे सड़क किनारे स्थित छोटी पुलिया के पास से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रभात कुमार, कांस्टेबल विजय कनौजिया एवं कांस्टेबल संदीप प्रेमी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### बदलते मौसम में बच्चों और बुजुर्गों पर खतरा ज्यादा : डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** जनवरी का महीना अब अपने मध्य चरण में पहुंच चुका है। मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है, सुबह के समय हल्की धूप, दिनभर ठंडी हवाएं और शाम होते-होते तेज ठंड। इस बदलते मौसम का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह के अनुसार, यह समय स्वास्थ्य के लिहाज से विशेष सावधानी बरतने का है, क्योंकि तापमान में उतार-चढ़ाव से कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

# शताब्दी संकल्प 2047 का प्रचार–प्रसार विकसित भारत की दिशा में संकल्प



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** शताब्दी संकल्प 2047 विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश एवं आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गोंडा के प्रधानाचार्य राम सिंह द्वारा शताब्दी संकल्प 2047 का बड़े विस्तार से प्रचार-प्रसार किया गया। प्रधानाचार्य राम सिंह ने प्रशिक्षार्थियों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, नवाचार और स्वरोजगार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी दक्षता बढ़ाकर देश और प्रदेश के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम के दौरान शताब्दी संकल्प 2047 के उद्देश्यों, सरकार की योजनाओं तथा आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर कौशल विकास मिशन के अविनाश सिंह, सोनू, मनोज संजय कुमार, विजय कुमार , शिवा कांत तिवारी, के. के यादव ,रजनीश सैनी, नितेश कुमार ,अभिजीत सिंह , रवि पाठक ,सोनू यादव ,अशोक कुमार,संस्थान के शिक्षकगण एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

# मिहींपुरवा में जीपीडीपी पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक क्षेत्र के विकास को गति देने के उद्देश्य से गुरुवार को ब्लॉक सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन आगा खान फाउंडेशन एवं इंडसइंड बैंक के सहयोग से संचालित समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के तहत किया गया, जिसमें ब्लॉक की ग्राम पंचायतों के प्रधानों और सचिवों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार, सहायक विकास अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी एवं पशु चिकित्साधिकारी विपिन बिहारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि आगा खान फाउंडेशन द्वारा



संचालित समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सतत विकास को बढ़ावा मिल रहा है। सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। संस्था द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है। सहायक विकास अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि पंचायतों का समग्र विकास योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने से ही संभव है। ग्राम पंचायत विकास योजना को प्राथमिकता के आधार पर बनाकर ही सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचाया जा सकता है। पशु चिकित्साधिकारी विपिन बिहारी ने पशुपालन से संबंधित संचालित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर विस्तार से चर्चा की। आगा खान फाउंडेशन के प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों में जैविक खेती, पशुपालन और स्किल इंडिया के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। संस्था की प्रतिनिधि अनामिका सिन्हा ने ग्राम पंचायत विकास योजना के प्रमुख घटकों की जानकारी देते हुए बेहतर योजना निर्माण के लाभ बताए और प्रधानों व सचिवों का क्षमता संवर्धन किया। कार्यशाला में राघवेन्द्र सिंह, मोहम्मद रईस, सना खातून, राधा कुमारी, पवन बाजपेई, महेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम महसी के खिलाफ कलेक्ट्रेट परिसर में होमगार्डों ने किया प्रदर्शन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की महसी तहसील में तैनात होमगार्डों ने उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद पर अभद्रता और जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाया है। होमगार्डों ने चेतावनी दी है कि यदि उपजिलाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे 1 फरवरी से कार्य बहिष्कार शुरू कर देंगे। यह मामला एक प्रारंभिक जांच में उपजिलाधिकारी को क्लीन चिट मिलने के बाद सामने आया है। होमगार्ड राम कुमार तिवारी, रमाकांत मिश्रा और राजाराम शुक्ला ने 7 जनवरी को जिलाधिकारी, होमगार्ड कमांडेंट और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आरोप लगाया था। उनके अनुसार, वे उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के कार्यालय में ड्यूटी पर थे, तभी एक दिव्यांग व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनसे मिलने आया। अर्दली के मौजूद न होने पर जब वे उसे लेकर उपजिलाधिकारी के कार्यालय के अंदर गए, तो उपजिलाधिकारी भड़क गए। उन्होंने कथित तौर पर अभद्रता करते हुए सभी को जातिसूचक गालियां दीं और अपमानित किया। होमगार्डों के आरोपों के बाद, जिलाधिकारी के निर्देश पर एक राजस्व अधिकारी ने मामले की जांच की। जांच के दौरान दिव्यांग फरियादी और होमगार्डों से बात की गई। इस जांच में ट्रेनी आईएएस आलोक प्रसाद पर लगे अभद्रता के आरोपों को निराधार पाते हुए उन्हें क्लीन चिट दे दी गई थी। इस मामले को लेकर जिले के होमगार्ड एकजुट हो गए हैं। शुक्रवार को जिला अध्यक्ष हीरालाल भास्कर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जवानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने राजस्व अधिकारी द्वारा की गई जांच पर संदेह व्यक्त करते हुए पांच सदस्यीय टीम गठित कर दोबारा जांच की मांग की। होमगार्डों ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए उपजिलाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उपजिलाधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो होमगार्ड 1 फरवरी से कार्य बहिष्कार शुरू कर देंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हीरालाल भास्कर, मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव, भगौती प्रसाद दीक्षित, राजू यादव, अरविंद कुमार मिश्रा, राजकुमार सिंह, किरन यादव, सुरेश कुमार पांडे, ओंकार नाथ सहित तमाम होमगार्ड जवान मौजूद रहे।

# किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जाँच मे जुटी

**विशेश्वरगंज, बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



फाइल फोटो

थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के ग्राम भरनपुरवा दाखिला बुढ़नी भुलहिया में एक 14 वर्षीय किशोरी कोमल पुत्री अनिल कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार कोमल मानसिक रूप से बीमार थी और उसका इलाज बीते तीन-चार वर्षों से चल रहा था। बताया गया कि किशोरी ने अपने कमरे की छत में लगे लोहे के छल्ले में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना विशेश्वरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायतनामा कराया। थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतका मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और उसका उपचार चल रहा था। पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

## महसी इलाके में दिखा बाघ, दहशत में लोग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के रामगांव इलाके में एक बाघ देखा गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में दहशत फैल गई। वन विभाग ने बाघ को सुरक्षित पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। गुरुवार को महसी तहसील के रेहुआ ग्राम में खेत के किनारे बाघ को देखा गया था। ग्रामीणों की सूचना पर प्रभागीय वनाधिकारी और स्थानीय रेंजर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ड्रोन से तलाश के दौरान झाड़ियों में बैठे बाघ की तस्वीर भी कैद हुई। प्रभागीय वनाधिकारी सुन्दरेसा ने बताया कि बाघ को पकड़ने के लिए चारों तरफ जाल लगाए गए हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व से दो प्रशिक्षित हाथियों को भी बुलाया गया है।

## संत रविदास मंदिर पर आयोजित किया गया समरसता भोज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच नगर के



गुल्लावीर बस्ती स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर प्रांगण में धूमधाम से सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज कार्यक्रम मनाया गया।कार्यक्रम में संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार क्या काम को संबंध करते हुए कहा कि मकर संक्रांति उत्सव सामाजिक समरसता का महान पर्व है और इसमें समाज के हर व्यक्ति को जोड़ने का कार्य करता हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बनता है उसमें मकर संक्रांति एक प्रमुख उत्सव है और कहा कि संघ स्वयंसेवक हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोने होने का कार्य करते हैं और कहाँ समरस समाज द्वारा ही देश को परम वैभव तक पहुंचाया जा सकता है कार्यक्रम में जिला प्रचारक अजय, साहित्य परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष और जिले के ख्याति प्राप्त कवि गुलाब चंद्र जायसवाल,जिला सेवा प्रमुख रमेश जी, जिला पर्यावरण प्रमुख अलोक नगर सह प्रचार प्रमुख इंद्रेश, सुरेश गुप्ता, गुल्लावीर बस्ती प्रमुख जितेंद्र,गुल्लावीर शाखा के मुख्य शिक्षक मनोज, शाखा कार्यवाह मंगल , आयुष जायसवाल, बबलू यादव,चन्दन यादव, नंदकिशोर , नंदू , गोविन्द सिंह भदौरिया , निर्मल कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# विशेष टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ, तीन चरणों में चलेगा अभियान

**318 भट्ठों पर 2500 से अधिक बच्चे व गर्भवती महिलाएँ होंगी सुरक्षित**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में ईट-भट्ठों पर काम करने वाले प्रवासी और श्रमिक परिवारों के बच्चों तथा गर्भवती को टीकाकरण से जोड़ने के लिए विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत चित्तौरा स्थित एसएएस ब्रिक फील्ड से की गई, जहाँ जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह की मौजूदगी में स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मौके पर ही टीके लगाए गए। यह अभियान तीन चरणों में संचालित होगा, जिसके तहत 318 ईंट-भट्ठों पर रह रहे लगभग 2500 बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कवर किया जाएगा। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि प्रवासी श्रमिक परिवारों के बच्चे अक्सर टीकाकरण से छूट जाते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MFKA-MX-149-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.01.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 155/2026

# खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में असीम संभावनाएं मौजूद : केशव



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार का स्पष्ट लक्ष्य उत्तर प्रदेश को फूड प्रोसेसिंग हब के रूप में स्थापित करना है। किसानों, युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों और उद्यमियों सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे आयोजनों से निवेश, नवाचार और रोजगार के नए अवसरों के द्वार खुलते हैं। श्री मौर्य ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग आयोजित इण्डिया फूड एक्सप्रो एवं सेमिनार में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, स्टॉलों पर जाकर खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े नवाचारों की जानकारी ली तथा सेमिनार में प्रतिभाग कर मीडिया को संबोधित किया।

श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना असंगठित खाद्य उद्योगों को संगठित और आधुनिक बनाने की दिशा में प्रभावी सिद्ध हो रही है। इस योजना के अंतर्गत सूक्ष्म इकाइयों को 35 प्रतिशत तक क्रेडिट लिंक्ड अनुदान, स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ, सहकारिताओं को कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर और ब्रांडिंग में सहायता दी जा रही है। एक जनपद एक उत्पाद और क्लस्टर आधारित विकास पर विशेष फोकस किया गया है पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत प्रदेश में 21,000 से अधिक इकाइयों को ऋण स्वीकृति प्रदान की गई है।

2025-26 में 5101 उद्यमियों को ऋण देकर प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा 246 करोड़ रुपये की अनुदान राशि वितरित की गई है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि 14 जनपदों में कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों को संचालन में प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।

### इंडिया फूड एक्सप्रो यूपी को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

इण्डिया फूड एक्सप्रो जैसे आयोजन प्रदेश के किसानों, उद्यमियों और निवेशकों को एक साझा मंच प्रदान करते हैं। उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में असीम संभावनाएं मौजूद हैं। यह एक्सपो विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 को निवेशकों के अनुकूल बनाया गया है, जिससे कृषि और उद्योग के बीच मजबूत सेतु स्थापित हुआ है। नीति के अंतर्गत भूमि खरीद, स्टाम्प शुल्क, मंडी शुल्क, बाह्य विकास शुल्क एवं भूमि उपयोग परिवर्तन में व्यापक छूट प्रदान की जा रही है। संयंत्र, मशीनरी एवं तकनीकी सिविल कार्यों पर 35 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी का प्रावधान है। कोल्ड चेन, वैल्यू एडिशन, रीफर वाहन, सोलर ऊर्जा एवं नियंत्रित परिवहन को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए एकीकृत बाजार क्षेत्र के रूप में विकसित किया गया है। अब तक नीति के अंतर्गत 1481 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 426 इकाइयों को स्वीकृति दी जा चुकी है। 289 परियोजनाओं को 387 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि हस्तांतरित की गई है, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिला है।

# जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं में तेजी शासन की प्राथमिकता : एके शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



▸ मंत्री एके शर्मा ने की नगर विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगर विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। श्री शर्मा ने कहा कि शहरी विकास से जुड़ी योजनाएं सरकार की प्राथमिकता हैं और शिथिलता स्वीकार नहीं।

स्मार्ट सिटी मिशन, गौशाला, डॉग शेल्टर, आकांक्षी नगर योजना, वैश्विक नगरोदय योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, सीएम ग्रिड योजना, स्मार्ट पालिका, पंडित दीनदयाल नगरीय विकास योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गति तेज की जाए और उनके परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दें।आवासीय योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर मंत्री ने असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। आवासीय योजनाएं आम नागरिकों से सीधे जुड़ी हुई हैं इसलिए इन योजनाओं में देरी जनहित के विपरीत है। श्री शर्मा ने सीएम ग्रिड योजना को पालिका स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे शहरी आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जा सकेगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित फाइलें अनावश्यक रूप से लंबित न रखी जाएं। निर्णय प्रक्रिया में तेजी लाकर योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से जनता तक पहुंचाया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में जल निकासी व्यवस्था, झील, तालाब, पोखर, वंदन एवं अंत्येष्टि स्थलों से संबंधित कार्यों में पुनर्विनियोग करने के निर्देश भी दिए गए।

## खबरें एक नजर में

### कड़कड़ाती ठंड में खुले में सोने को मजबूर हैं गरीब



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्पष्ट आदेश है कि कोई भी इस हाड़-कपाउ ठंड में खुले में सोता नजर न आये। बाबजूद हसके नगर निगम और पुलिस प्रशासन के जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आ रही है। थाना नाका किंडोला और थाना बाजारखाला, दो-दो थानों की सीमा के बीच स्थित ऐशबाग रेलवे पुल का हाल किसी को नजर नहीं आ रहा है। ऐशबाग पुल पर इस कड़कड़ाती ठंड मे भी गरीब खुले में सोने को मजबूर है। उसे रैनबसेरों की गर्माहट नसीब नहीं हो पा रही है। उ.प्र. के मुख्यमंत्री तो संवेदनशील है। परंतु मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करवाने वाले जिम्मेदारों के पास संवेदनशीलता नहीं है। खुले में सोने वाले ये गरीब कौन है, ये कहां से आते है और क्यों इस ठंड में खुले में सो जाते है? इसकी जानकारी न तो पुलिस प्रशासन और न नगर निगम के पास है। अनेक सामाजिक संगठन जो केवल अखबारों में फोटों खिचाने और अपने दान का प्रचार करते है, वे संगठन भी इन गरीबों की कोई सुध नहीं लेते हैं। गरीब तो बस खुले में सोने को मजबूर है।

### चोरों ने लाखों के गहने किये पार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बिजनौर थाना क्षेत्र में एक मजदूर के घर से लाखों रुपए के गहने और नकदी चोरी हो गई। चोरों ने बीती रात घर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित मजदूर मंसाराम गौतम ने शुक्रवार सुबह घर लौटने पर चोरी की जानकारी पुलिस को दी। नटकुर गांव निवासी मंसाराम गौतम मकर संक्रांति के त्योहार पर गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ ससुराल चंद्रावल गए थे। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे जब वे वापस लौटे, तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था और संदूक का ताला भी टूटा हुआ था। मंसाराम के अनुसार, संदूक में रखे लगभग दो लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के गहने गायब थे। हजारों रुपए से भरा गुल्लक भी मौके से गायब मिला। सूचना मिलने पर बिजनौर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। छानबीन के दौरान मंसाराम की छत पर टूटा हुआ गुल्लक मिला, जिसमें से करीब 5 हजार रुपए गायब थे। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है। उनका कहना है कि गांव से कुछ दूरी पर पुलिस चौकी होने के बावजूद गश्त नहीं की जाती, जिसके कारण चोर आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं, पुलिस का कहना है कि वे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का सुराग लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

### महिलाओं को सुरक्षा, अपराध रोकथाम के लिए किया गया जागरूक

**लखनऊ, समृद्धि न्यजू।** रहीमाबाद में शुक्रवार को मिशन शक्ति फेस-5.0 के तहत थाना रहीमाबाद के ग्राम जमोलिया में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एंटी रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम ने ग्रामीण महिलाओं को महिला सुरक्षा और महिला अपराधों की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया। कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें 1098, 1090, 181, 1076, 1930, 101, 112, 102 और 108 शामिल थे। महिलाओं को इन नंबरों के उपयोग के बारे में बताया गया।जागरूकता पम्पलेट भी वितरित किए गए। साथ ही, एंटी रोमियो टीम, पिंक बूथ, पिंक मोबाइल और महिला शक्ति केंद्र के कार्यों और उनकी भूमिका के बारे में भी महिलाओं को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में उपनिरीक्षक अनिल वर्मा, कांस्टेबल मनु कुमार और महिला कांस्टेबल प्रियंका डागर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### कुत्ते को कुचलने पर विवाद, मारपीट में कई घायल, पुलिस जांच में जुटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक कुत्ते को गाड़ी से कुचलने के बाद हुए विवाद में मारपीट हो गई। इस घटना में शिकायतकर्ता सलोनी और उसके परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। बंथरा थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुट गई है। खटोला गांव निवासी सलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 जनवरी 2026 को वह अपने पालतू कुत्ते को खाना खिला रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार (नंबर यूपी 32 ओएम6163) ने कुत्ते को कुचल दिया। सलोनी ने आवाज लगाकर गाड़ी रुकवाई। गाड़ी रुकने पर उसमें से चार लोग बाहर निकले, जिनकी पहचान हिमांशु (चालक), शिवा, हंसराज और लवकुश के रूप में हुई। इन लोगों ने सलोनी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। बात बढ़ने पर हमलावरों ने डंडे लेकर सलोनी पर हमला कर दिया। सलोनी को पिटता देख उसकी बहनें काजल और सलनी भी बीच-बचाव करने आईं, तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद सलोनी के पिता दयाराम, चचेरे भाई मनसेक और चाचा अशोक भी मौके पर पहुंचे। हमलावरों ने उन पर भी लाठी-डंडों से हमला किया और तब तक पीटते रहे जब तक वे बेहोश नहीं हो गए। इसके बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। सलोनी ने 16 जनवरी 2026 को बंथरा थाने में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई है। बंथरा थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह ने मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पुलिस ने कार नंबर (नंबर यूपी 32 ओएम6163) के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# नगर निगम की सफाई देखने सड़क पर उतरे मंत्री, गंदगी पर भड़के

▸ लोगों ने लगाई शिकायतों की झड़ी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में सफाई नहीं की जा रही है। इसका नजारा शुक्रवार सुबह दिखा जब प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना और मेयर सुषमा खर्कवाल व्यवस्था देखने निकले।

जोन-1 के निरीक्षण में विक्रमादित्य वार्ड, लाल कुआं वार्ड, जेसी बोस वार्ड, यदुनाथ सान्याल वार्ड और बाबू बनारसी दास वार्ड में सड़क पर गंदगी और अतिक्रमण दिखा। गंदगी देख प्रभारी मंत्री ने कहा यह अच्छी बात नहीं है। सफाई की बहुत जरूरत है।

मेयर ने कहा- ऐसा लगता है कि यहां 1 महीने से झाड़ू ही नहीं लगी। इस पर मंत्री ने जोनल अधिकारी से लेकर सुपरवाइजर तक का 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यहां नजर बनाए रखें। निरीक्षण में नगर आयुक्त गौरव कुमार भी साथ थे। मेयर ने आसपास के लोगों से व्यवस्था के बारे में पूछा। लोगों ने शिकायतों की झड़ी लगा दी। लोगों ने कहा कि रोज तो झाड़ू लगती है, लेकिन गंदगी साफ नहीं हो रही है। मोहल्ले में बहुत गंदगी है। कोई सुनवाई नहीं होती है। मेयर ने लोगों से पूछा कि झाड़ू वाले नहीं आते हैं? इसपर लोगों ने सड़क पर पड़ा गोबर भी दिखा दिया।

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पीडब्लयूडी कार्यशाला की रोड पर सड़क पर अतिक्रमण है। कई जगहों पर नाली के अंदर से पेयजल की लाइन गई है। इसे ठीक किया जाए। जलकल के स्थान पर कूड़े का ढेर है। ट्रांसफॉर्मर जहां लगे हैं, उनके आसपास बहुत गंदगी है। अब 30 जनवरी के बाद में फिर से निरीक्षण करेंगे। ड्रेनेज व्यवस्था सही होनी चाहिए। जोन-1 के लालकुआं वार्ड में नालियों की सफाई, कचरा नियमित उठाव और पेयजल की पाइपलाइन की समस्या है। मंत्री ने पाइपलाइन को जल्द दूसरी जगह शिफ्ट करने को कहा।

पार्षद सुशील तिवारी पम्मी, नगर आयुक्त और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बाबू बनारसी दास वार्ड में हैदर कैनाल की रिटेनिंग वॉल की मरम्मत और आसपास सफाई की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि सफाई जल्द शुरू होगी। हैदर कैनाल की दीवार ठीक करें। आसपास अच्छी सफाई करें। काम तेजी से पूरा किया जाए। विक्रमादित्य महात्मा गांधी वार्ड में डायमंड डेयरी के पास पंपिंग स्टेशन के आसपास सफाई व्यवस्था नहीं है। यहां वर्षों से खाली पड़े प्लॉट में जमा मलबा देखकर मंत्री ने नाराजगी जताई और तुरंत मलबा हटाने के निर्देश दिए।

# भाजपा पैसों को छोड़कर किसी की सगी नहीं है, अखिलेश यादव ने कसा तंज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तंज कसते हुए कहा कि ''सत्तारूढ़ पार्टी पैसों को छोड़कर किसी की सगी नहीं है।

सपा प्रमुख यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स के अपने आधिकारिक हैंडल से किये गए एक पोस्ट में कहा, भाजपा अपने संगी-साथियों को फायदा पहुंचाने के चक्कर में काशी की दाल मंडी में हर घर-दुकानदार को दर रही है। ये जुल्म और अत्याचार जनता अब और नहीं सहेगी।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया, ''भाजपा पैसों को छोड़कर किसी की सगी नहीं है। सत्ता भी भाजपाइयों को सिर्फ पैसे कमाने के लिए ही चाहिए। यादव ने कहा कि भाजपा विश्वासघात का दूसरा नाम बन गयी है। भाजपा जाए तो हर इंसान चैन पाए! सपा प्रमुख ने इस पोस्ट के साथ दो मिनट 19 सेकंड का एक वीडियो क्लिप भी साझा की, जिसमें लखीमपुर खीरी जिले के मूल निवासी और (राम मंदिर आंदोलन) कारसेवा के दौरान कथित तौर पर 22 दिनों तक जेल में बंद रहे संजीव जायसवाल नामक व्यक्ति को सरकार पर तंज कसते हुए सुना जा सकता है।

### यूपी में औद्योगिक विस्तार को रफ्तार

# डिफेंस कॉरिडोर में 1000 एकड़ भूमि आवंटन की तैयारी

▸ झांसी, अलीगढ़, चित्रकूट व लखनऊ बने निवेशकों की पसंद
▸ साढ़े तीन हजार करोड़ के निवेश से औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा बल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर अंतर्गत पाइपलाइन में मौजूद निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए लगभग 1000 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटन की तैयारी की जा रही है।

योगी सरकार की स्पष्ट डिफेंस इंडस्ट्रियल नीति, तेज निर्णय प्रक्रिया और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते देशदृविदेश की कंपनियां उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर में निवेश के लिए आगे आ रही हैं। उपलब्ध प्रस्तावों के अनुसार निवेश की इच्छुक कंपनियों को विभिन्न नोड्स में भूमि आवंटन प्रस्तावित है, जिनके माध्यम से करीब 3.5 हजार करोड़ रूपये के निवेश की संभावना है।उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत प्रस्तावित निवेश में झांसी नोड निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। यहां गुडलक एस्ट्रा द्वारा 247 एकड़ भूमि पर 1000 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। वहीं, रेडवुड ह्यूजेस द्वारा 247 एकड़ भूमि पर 700 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। यही नहीं, सिटाडेल और गुरुत्वा जैसी कंपनियों द्वारा भी डिफेंस एंड एलाइड मैन्युफैक्चरिंग में भारी निवेश का प्रस्ताव है। झांसी में यह निवेश बुंदेलखंड को डिफेंस इंडस्ट्रियल क्लस्टर के रूप में विकसित करने के योगी सरकार के विजन को मजबूती देगा। अलीगढ़ फेज-2 नोड में स्पेसकेम, मराल और जी-1 ऑफशोर जैसी कंपनियों द्वारा केमिकल, ऑफशोर और डिफेंस सपोर्ट मैन्युफैक्चरिंग में निवेश प्रस्तावित है।

चित्रकूट नोड में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा 209.95 एकड़ भूमि पर 672 करोड़ का निवेश प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त, आईजी ड्रोन्स द्वारा ड्रोन टेक्नोलॉजी सेक्टर में 100 करोड़ का निवेश प्रस्ताव है। लखनऊ स्थित डिफेंस नोड में भी नेक्सा मुंबई, इंद्रप्रस्थ और प्रोमोटेक जैसी कंपनियों द्वारा कम भूमि में उच्च तकनीक आधारित निवेश प्रस्तावित हैं। यह निवेश डिफेंस सप्लाई चेन, टेक्नोलॉजी और सपोर्ट सिस्टम को मजबूती प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी यूपीडा को डिफेंस कॉरिडोर में इसके अतिरिक्त भी निवेश के कई और आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, जिनके लिए आवश्यक भूमि के आवंटन की प्रक्रिया विभिन्न चरणों में है।

# नौका विहार करते समय अयोध्या की कहानियां सुनायेंगे नाविक

▸ सुरक्षित नौकायन के लिए 55 नाविकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण
▸ बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए नौका विहार को बनाया जा रहा रोचक : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।





अयोध्या में निरंतर बढ़ रही पर्यटक संख्या तथा सरयू नदी में नौकायन के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन से जुड़े हितधारकों, विशेषकर नाविकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या के होटल साकेत में प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नाविकों को डिजिटल पेमेंट, स्टोरीटेलिंग, आपदा प्रबंधन, आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार के लिए तैयार करना है।

अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद के बीच सरयू नदी पर सुरक्षित नौकायन की पहल की गई है। पर्यटन को भ्रमण तक सीमित न रखते हुए संस्कृति और सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान एमकेआईटीएम और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल एसडीआरएफ के संयुक्त सहयोग से 55 नाविकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षित नाविक अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के सशक्त प्रतिनिधि के रूप में भूमिका निभाएंगे। प्रदेश में तेजी से विस्तार ले रहे वाटर टूरिज्म को सुरक्षित स्वरूप देने की दिशा में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग लगातार ठोस कदम उठा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में नाविकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। नाविक पेशेवर सेवाएं प्रदान करने के साथ प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान के सशक्त प्रतिनिधि के रूप में स्थापित हों। यह पहल नाविकों के कौशल विकास के साथ-साथ उनके सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी मजबूती प्रदान करती है।

### मेजर जनरल बी कॉर्नेलियस (रिटायर्ड) ईएमई कोर के 47वें कर्नल कमांडेंट का निधन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मेजर जनरल बी कॉर्नेलियस, वीएसएम (रिटायर्ड) ईएमई कोर के 47वें कर्नल कमांडेंट का 14 जनवरी को कमांड हॉस्पिटल कोलकाता में कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया। लखनऊ के रहने वाले इस सैन्य अधिकारी के परिवार में उनके बेटे कर्नल रॉबिन कॉर्नेलियस और बेटी डेबोरा सिंह हैं। मेजर जनरल बी कॉर्नेलियस जून 1963 में ईएमई कोर में कमीशन हुए थे और उनका 35 साल से ज्यादा का शानदार करियर रहा। वह एक समर्पित अधिकारी थे और उन्होंने सैन्य संगठन की सेवा उच्च स्तर की ईमानदारी, व्यावसायिकता और अटूट कर्तव्यनिष्ठा के साथ की। मेजर जनरल बी कॉर्नेलियस (रिटायर्ड) को 16 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे निशातगंज क्रिश्चियन कब्रिस्तान में पूरे सैन्य सम्मान के साथ दफनाया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सेवारत सेना के जवान और पूर्व सैनिक शामिल हुए और आर्मी कमांडर, मध्य कमान और ईएमई के डायरेक्टर जनरल और ईएमई कोर के कर्नल कमांडेंट की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# डाबर च्यवनप्राश ने बताया मजबूत इम्युनिटी का महत्व

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सर्दी का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता लेकिन जब इस सर्दी में खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियाँ हो जायें तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है। आमतौर पर ये बीमारियाँ तापमान में होने वाले बड़े बदलाव एवं बदलते मौसम में किसी भी व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने के कारण होती हैं। ऐसे में हजारों वर्षों से प्रसिद्ध, लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा सफलतापूर्वक आजमाया हुआ आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्रास काफी राहत देता है।

डाबर का प्रमुख हेल्थकेयर ब्रांड डाबर च्यवनप्राश ने आज देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल की शुरूआत की घोषणा की। इस पहल के तहत, प्रमुख डॉक्टर के साथ मिलकर डाबर च्यवनप्राश ने परिवर्तनशील मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा सत्र आयोजित किया। आज इस अभियान को लखनऊ में राम किशोर कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के 250 से अधिक बच्चों के लिए आयोजित एक विशेष सत्र के साथ शुरू किया गया। इस मौके पर डाबर इण्डिया लिमिटेड के कार्पोरेट कम्युनिकेशंस के मैनेजर दिनेश कुमार, कालेज के प्रबन्धक जी.पी. शुक्ला, प्रधानाचार्या बीना त्रिपाठी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस सत्र का उद्देश्य सर्दियों में बीमारी से लड़ने के लिए बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करना था। बच्चों को बुनियादी स्वच्छता और पौष्टिक आहार के माध्यम से अपनी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के तरीकों में भी शिक्षित किया गया।

**सराहनीय** | योजनाओं से गांवों में बदली विकास की तस्वीर

# एस्पिरेशनल से इंस्पिरेशनल बन रहे यूपी के विकास खंड

▸ आकांक्षात्मक विकास खंडों को मिली प्रोत्साहन राशि का हो रहा सार्थक उपयोग
▸ शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, कौशल विकास तक दिख रहा समग्र बदलाव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी लगन से आकांक्षात्मक विकास खंडों की तस्वीर बदलने में जुटी है। विकास अब कागजों से निकलकर गांवों की जमीन पर नजर आ रहा है। पिछड़े व आकांक्षात्मक विकास खंडों में केंद्र व राज्य सरकार से प्राप्त प्रोत्साहन राशि का सदुपयोग कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, ऊर्जा, कौशल तथा आधारभूत सुविधाओं में ठोस बदलाव किया गया है। जो क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझते थे, वे अब प्रेरणादायी विकास मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। विकास खंडों को मिल रही प्रोत्साहन राशि से विकास के व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। बरेली के मझगवां विकास खंड में दो उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों की रचनात्मक क्षमता और वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए एस्ट्रोनॉमी लैब का निर्माण किया गया है। इससे ग्रामीण बच्चों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने का अवसर मिला।

न्याय पंचायत गैनी में छात्रों के शैक्षिक विकास के लिए पुस्तकालय का निर्माण कराया गया। मझगवां बरेली में ही ग्राम पंचायत बेहटा बुजुर्ग में शारीरिक व सामाजिक विकास के दृष्टिगत मिनी स्टेडियम व ओपन जिम का निर्माण किया गया। यह पहल ग्रामीण युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ नशामुक्त, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बदायूं के वजीरगंज विकास खंड में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भी देखा गया, जहां छात्राओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड तथा बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया। 'बेटी की सुरक्षा और शिक्षा' को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। बलिया के सोहांव विकास खंड में विकास खंड कार्यालय भवन पर 10 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल सिस्टम स्थापित किया गया है। इससे न केवल बिजली खर्च में कमी आई है बल्कि सरकारी कार्यालयों में ग्रीन एनर्जी मॉडल को भी बढ़ावा मिला है।आकांक्षात्मक ब्लॉकों में स्वास्थ्य एवं पोषण, पेयजल, मानव संसाधन विकास और कौशल उन्नयन जैसे क्षेत्रों में लक्षित निवेश किया गया है। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोरियों से जुड़े संकेतकों पर विशेष ध्यान देते हुए योजनाओं को लागू किया जा रहा है ताकि सामाजिक विकास के साथ मानव विकास सूचकांक में सुधार हो।आकांक्षात्मक विकास खंडों में दिख रहा परिवर्तन योगी सरकार के सुशासन, पारदर्शिता और निगरानी आधारित मॉडल का परिणाम है। योगी मॉडल आने वाले समय में प्रदेश ही नहीं देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक रोल मॉडल बनता दिख रहा है।

## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1663/ई.ई.-3/जीएल-7/2025-26 दिनांक- 16.01.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 24.01.2026 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 24.01.2026 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 24.01.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 90mm PVC pipeline 150m From Deepu Jaiswal Store To House of Rajesh, New Madevganj, Ayodhya Das First Ward. | रू. 6000/- | 300/- |
| 2. | Reboring of 1.5 H.P. Submersible pump 02 Nos at Karbala Dhal Near Imran's House Kabristan Near Rizwan's House Ayodhya First Ward. | रू. 7000/- | 350/- |
| 3. | Reboring of 1.5 H.P. Submersible Pump 02 Nos at Baccha Lal Press Wale ke Smane Gali main or Bhola Chaat Wale ke Pass Ayodhya Dass First Ward. | रू. 7000/- | 350/- |

(प्र.) अधिशासी अभियन्ता, जोन-3
जलकल विभाग, नगर निगम
लखनऊ

## खबरें एक नजर में

### सीडीओ ने किया अजीजगंज तटबंध का निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने शारदा नहर खण्ड अंतर्गत गर्रा नदी के दायें तट पर स्थित अजीजगंज तटबंध की सुरक्षा हेतु निर्मित 6 स्टड के नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त कांट निरीक्षण भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। कार्य मानक के अनुरूप प्रगति पर मिले। शेष निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

### गंगा सतलज एक्सप्रेस में गरम चाय गिरने से महिला झुलसी

**रोजा, शाहजहांपुर।** 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 3 घंटे की देरी से चल रही थी। ट्रेन के कोच संख्या 2 में बर्थ नंबर 18 पर प्रियंका राठौर 34वर्ष मुरादाबाद से अयोध्या जा रही थी। बरेली से ट्रेन निकलने के बाद पैंट्री कर वाले चाय बेचने के लिए आए इस समय किसी का हाथ लगने से पूरी चाय प्रियंका राठौर के पैर पर गिर गई। जिससे वह झुलस गई। उन्होंने ट्रेन में चल रहे टीटी को बताया। टीटी ने कंट्रोल को बताया। कंट्रोल के आदेश पर शाहजहांपुर में सुबह 9:53 पर ट्रेन को प्लेटफार्म नंबर एक पर रोका गया। जहां डॉक्टर राजेंद्र कुमार दधीस सिंह ने महिला यात्री का प्राथमिक उपचार किया। उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया। इस बीच ट्रेन 10 मिनट प्लेटफार्म पर खड़ी रही। इस बीच पीछे से आने वाली ट्रेनों को दो नंबर से निकल गया। स्टेशन अधीक्षक श्री तोमर ने बताया ट्रेन में महिला यात्री के ऊपर चाय गिर गई थी। कंट्रोल के आदेश पर शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर उसका प्राथमिक उपचार कराया गया।

### निगोही इंडियंस ने रॉयल्स को 4 रनों से हराया



**निगोही, शाहजहांपुर।** निगोही प्रीमियर लीग (एनपीएल-10) के लीग मैचों में क्रिकेट का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। एनपीएल ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में निगोही इंडियंस ने शानदार खेल दिखाते हुए निगोही रॉयल्स को मात्र 4 रनों से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी निगोही इंडियंस की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज मोहित मात्र 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। लेकिन कप्तान मुनव्वर ने एक छोर थामे रखा और विस्फोटक बल्लेबाजी की। उन्होंने 50 गेंदों में 74 रनों की आतिशी पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 133 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। रॉयल्स की ओर से गेंदबाजी में रवींद्र कुमार सबसे सफल रहे, जिन्होंने 4 ओवर में मात्र 14 रन देकर 3 विकेट चटकाए। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी निगोही रॉयल्स की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। मध्यक्रम में डॉलर सिंह ने 51 रनों (44 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) की जुझारू पारी खेलकर मैच को अंत तक खींचने की कोशिश की। अंत में रवींद्र कुमार ने भी 9 गेंदों में 19 रन बनाकर उम्मीद जगाई, लेकिन टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 129 रन ही बना सकी और लक्ष्य से 4 रन दूर रह गई। अंपायरिंग बाबू हरि और शुभनेश ने की और स्कोरिंग की जिम्मेदारी अरशद खान और दीपक राठौर ने निभाई। आज निगोही सुपर जायंटस और किंग्स इलेवन निगोही के बीच मैच खेला जाएगा।

### डीएम कंपाउंड मस्जिद की वक्फ ज़मीन पर अवैध कब्जे का आरोप

**शाहजहांपुर।** डीएम कंपाउंड स्थित मस्जिद मजार वक्फ संख्या 164 की भूमि पर अवैध कब्जा, निर्माण और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में महमूद अली ने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (जनसुनवाई पोर्टल) पर अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनके बुजुर्ग पिता महबूब अली से धोखाधड़ी कर अंगूठा लगवाकर वक्फ की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया। आरोप है कि मौलाना अनीस खान पुत्र इदरीस खान निवासी कटिया रज्जव, थाना रोज़ा द्वारा मस्जिद की भूमि पर अवैध रूप से चार दुकानें बनवाकर उनके ऊपर आवासीय निर्माण कराया गया है, जहां पूरा परिवार निवास कर रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जब इस अवैध कब्जे का विरोध किया गया तो शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की गई। इस संबंध में सदर बाजार थाना में लिखित तहरीर भी दी गई है। आरोप है कि धार्मिक स्थल की भूमि पर निजी आवास बनाना नियमों के विरुद्ध है, जिससे मस्जिद की पवित्रता और वक्फ संपत्ति की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया है कि मस्जिद की जमीन के एक हिस्से में पीडब्ल्यूडी की भूमि भी शामिल है, जिस पर अवैध निर्माण कराया गया है। महमूद अली ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध निर्माण हटाने, दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और वक्फ संपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि वक्फ बोर्ड, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन इस पूरे मामले में क्या कार्रवाई करता है।

### ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष का पटका पहनाकर किया स्वागत



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव करकौर में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। ग्राम प्रधान शिवशरन उर्फ पप्पू वर्मा के आवास पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप का आगमन हुआ। इस दौरान प्रधान और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी सरकार की तमाम उपलब्धियां के बारे में भी ग्रामीणों को बताया उन्होंने कहा भाजपा सरकार में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसे सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला हो यदि किसी को लाभ नहीं मिला है तो भी सरकार उस तक लगातार योजना को पहुंचाने का काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने पूर्व बरती सरकारों पर हमला बोला उन्होंने बताया इससे पहले भी सरकारी थी जिनमें लूट हत्या चोरी जैसे जघन्य अपराध हुआ करते थे लेकिन भाजपा सरकार आते ही सारे अपराधी जेल में है। यह डबल इंजन की सरकार है इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के भी बारे में जानकारी की। इस दौरान सुभाष वर्मा, रामवीर कश्यप, राजवीर गुर्जर, अवधेश गुर्जर, राजेश कश्यप, नन्हे वर्मा, गंगासरण वर्मा, प्रवीण वर्मा, महेंद्र राठौर, दुर्गापाल राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

# लापता युवक का मिला झाड़ियों में शव

- हत्या कर शव फेंकने की आंशका, जांच में जुटी पुलिस
- तीन दिन बाद भी युवक की तलाश नहीं कर पा रही थी पुलिस



**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

तीन दिन से लापता युवक का शव रोड किनारे झाड़ियों में मिला। मृतक की पहचान 25 साल के अरवेश कुमार के रूप में हुई है। जो बंडा नगर पंचायत में संविदा पर चपरासी के पद तैनात था। 13 जनवरी को ड्यूटी पर जाने के लिए निकला लेकिन वापस नही लौटा। शुक्रवार को शव मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक का स्वेटर और जूते अलग अलग मिले हैं और उसकी बाइक मौके पर नही मिली। परिवार ने हत्या की आशंका जताई है।

थाना पुवायां क्षेत्र के भंभापुर गांव के रहने वाले रामविलास का 25 साल का पुत्र अरवेश बंडा नगर पंचायत में संविदा पर चपरासी के पद पर तैनात था। 13 जनवरी की सुबह वह बाइक से ड्यूटी पर जाने का कहकर निकला था। मगर ड्यूटी पर भी नहीं पहुंचा। इधर परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नही चल सका। कई बार परिवार बालों ने उनके मोबाइल पर फोन किया लेकिन फोन भी नही लगा। परिजनों ने लापता युवक की जानकारी पुवायां थाने में दी। पुलिस ने 15 जनवरी को अरवेश की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को संजयनगर गांव से गुजर रहे लोगों ने रोड किनारे झाडियों में एक युवक का शव पड़ा देखा। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसकी शिनाख्त कराई। शव देखकर पत्नी रूची देवी 6 साल की बेटी आरोही, तीन साल की सुरभी और मां विटोला देवी का रो रोकर बुरा है। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी है और फरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। मृतक के शव से करीब पचास फुट दूर जूते और स्वेटर मिला है। यहां तक कि अरवेश की बाइक अभी नही मिली है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने जल्द घटना के खुलासे की मांग की है। मृतक अरवेश चार भाइयों में सबसे छोटा था। वह बंडा नगर पंचायत में संविदा पर चपरासी था। परिजनों ने मांग की है कि युवक की बाइक भी बरामद की जाए। पुलिस ने शव का पीएम कराया है।

## कलेक्ट्रेट कर्मचारी कल्याण समिति ने किया खिचड़ी भोज



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा महा संक्रांति के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने महा संक्रांति पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सौहार्द, सहयोग और सकारात्मक कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## नाबालिग को बहलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाज़ार पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया है। यहां बताते चले कि 27 दिसंबर को एक मुकदमा शिकायतकर्ता द्वारा दी गई तहरीर में आरोपियों के विरुद्ध द्वारा एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले की घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारीगण को प्रेषित की गई। उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित करते हुए टीम का गठन किया गया। दौराने विवेचना, प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 64(1) बीएनएस-2023 एवं धारा 5(स)/6 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। 15 जनवरी को थाना सदर बाज़ार पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे का वांछित आरोपी मो. सहजेव पुत्र मो. अजीम निवासी मोहल्ला शान्तिपुरम कॉलोनी जोकि लम्बे समय से फरार चल रहा है। शहवाजनगर रोड स्थित निर्माणाधीन पुल के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। यदि शीघ्र कार्यवाही की जाए तो पकड़ा जा सकता है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया। नाम-पता पूछे जाने पर उसने अपना नाम मो. सहजेव (21) पुत्र मो. अजीम निवासी मोहल्ला शान्तिपुरम कॉलोनी थाना सदर बाजार बताया। आरोपी को जेल भेजा गया।

## बाबा साहब ने शाहजहांपुर को प्रदेश, देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक नई पहचान दिलाई: जिलाध्यक्ष

- कांग्रेस के नेताओं ने जितेंद्र प्रसाद (बाबा साहब) की पुण्यतिथि भावनात्मक वातावरण में मनाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन में कांग्रेस के वरिष्ठ, प्रखर वक्ता, कुशल संगठनकर्ता एवं जनसेवा को समर्पित महान नेता कुंवर जितेंद्र प्रसाद 'बाबा साहब' की पुण्य तिथि अत्यंत श्रद्धा, सम्मान एवं भावनात्मक वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में जिला, महानगर एवं ब्लॉक स्तर के कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कुंवर जितेंद्र प्रसाद बाबा साहब का राजनीतिक जीवन बहुआयामी एवं अत्यंत गौरवशाली रहा। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, लोकसभा सदस्य, राज्यसभा सदस्य, उत्तर प्रदेश विधान परिषद रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी एवं पी. वी. नरसिम्हा राव के राजनीतिक सलाहकार के रूप में रहकर राष्ट्रीय राजनीति में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में थी, जो संगठन, सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करता था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब ने अपने अथक प्रयासों से शाहजहांपुर को प्रदेश, देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक नई पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में शाहजहांपुर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत ढांचे से जुड़े अनेक विकास कार्य हुए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब का जीवन कांग्रेस की विचारधारा, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और लोकतंत्र का सजीव उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के सामाजिक सरोकारों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि वे केवल एक राजनेता ही नहीं बल्कि समाजसेवी, मार्गदर्शक और संरक्षक भी थे। विचार गोष्ठी के उपरांत बाबा साहब की स्मृति में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों नागरिकों ने सहभागिता की और बाबा साहब को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशफाक उल्ला खान, पवन सिंह, सुहेल बेग, तसनीम अली खान, कुमुद गंगवार, के. वी. मिश्रा, अनस इकबाल, सुधीर गुप्ता, सुरेश चंद्र शुक्ला, सईद अंसारी, अर्चना वाल्मीकि, संजय सक्सेना सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## बसंतकालीन गन्ना बुवाई का शुभारंभ



**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के आजमाबाद और भिटारा गांव में द्वारिकेश चीनी मिल फरीदपुर ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई का शुभारंभ किया। यह बुवाई विधिवत पूजा-पाठ के साथ शुरू की गई। इस अवसर पर गांव के किसानों ने ढोल बजाकर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक गन्ना पवन कुमार चतुर्वेदी ने इस मौके पर बताया कि समय पर गन्ना बुवाई करने से किसानों को अधिक पैदावार मिलती है। उप महाप्रबंधक गन्ना दिनेश शर्मा ने किसानों को ट्रेंच विधि से गन्ना बोने के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि इस विधि से कम लागत में अधिक पैदावार मिलती है। किसानों को गन्ना फसल में उर्वरकों का संतुलित मात्रा में प्रयोग करने के विषय में भी जानकारी दी। सहायक महाप्रबंधक गन्ना उपेंद्र कुमार उपाध्याय ने पेड़ी प्रबंधन और चीनी मिल द्वारा किसानों को दी जा रही अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।क्षेत्रीय प्रबंधक विजय शंकर सिंह ने कहा चीनी मिल में एक मृदा प्रयोगशाला स्थापित की गई है। किसान अपने खाली खेत की मिट्टी का नमूना चीनी मिल के कर्मचारियों के माध्यम से जांच करवा सकते हैं। इस दौरान चीनी मिल के कर्मचारी अमित कुमार, अनुपम, वरुण के साथ-साथ सूरजपुर के ग्राम प्रधान प्रवेंद्र सिंह, बहोरन राम रहीश, सत्य पाल और दुर्गेश कुमार सहित कई किसान मौजूद रहे।

### रोजा चीनी मिल ने 41 गांवों में कराई गन्ना बुवाई



**शाहजहांपुर।** अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड, यूनिट रोजा शुगर वर्क्स रोजा द्वारा क्षेत्र में गन्ना बुवाई विषय उड़ान समृद्धि की ओर का शुभारंभ 41 ग्रामो में 51 जगहो पर 51 एकड़ क्षेत्रफल पर किया गया। इस अवसर पर मिल के अधिशाषी अध्यक्ष पंकज गोयनका, जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र मिश्र, अधिशाषी उपाध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, सहायक उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक लाल चंद उपाध्याय, सचिव मानवेंद्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष प्रोडक्शन प्रदीप तोमर, महाप्रबंधक दिनेश सिंह एवं चीनी मिल के अधिकारी ने फीता काटकर बुवाई का उद्घाटन किया। अधिशाषी अध्यक्ष ने अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बसंतकालीन गन्ना बुवाई, गन्ना प्रजाति, गन्ना बीज सुरक्षण, चीनी मिल से दी जाने वाली सुविधाओं आदि के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई।

## बड़े बाबा साहब को पुण्यतिथि पर किया याद



**शाहजहांपुर।** भारतीय राजनीति में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले लोक सभा, राज्य सभा, विधान परिषद के सदस्य रहे जितेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर गृह जनपद सहित पीलीभीत, लखीमपुर, बरेली, सीतापुर सहित प्रदेश के अन्य जनपदों से बड़ी संख्या में लोगों ने आकर उनकी समाधि एवं चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी.मिश्र, विधायक अरविन्द सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, सुरेंद्र बाल्मिकी, उपेन्द्र पाल सिंह, देव स्वरूप पटेल, अवधेश दीक्षित, प्रशांत कठेरिया, रोहित सिंह आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जालौन, जनपद-जालौन

पत्रांक:- 1614/ निर्माण टेण्डर/2025-26 दिनांक 16.01.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय नगर पालिका परिषद जालौन निविदा सूचना के द्वारा राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड योजना के अंतर्गत निर्माण का कार्य का कार्य करना चाहती है। जिस हेतु समस्त अनुभवी ठेकेदारी को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु शीलबंद निविदाएं दिनांक 22.01.2026 को सांय 1:00 बजे दिन तक डाली जायेगी। जिनको उसी दिन उपस्थित/अनुपस्थित निविदाताओं के समक्ष उक्त स्थान पर समय 3 बजे दिन में अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री प्रत्येक दिन दिनांक 21.01.2026 तक नगर पालिका परिषद जालौन में कार्यालय समय तक की जायेगी। निविदा के साथ 02 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस. 5 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जालौन के पदनाम से बंधक हो को बनवाकर टेण्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं निविदा स्वीकार होने पर 08 प्रतिशत जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस. 5 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जालौन के पदनाम से बंधक हो को बनवाकर कार्यालय में जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति में बिना जमानत की प्राप्त निविददायें स्वतः निरस्त समझी जायेगी। निविदा स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

| क्र. सं. | निर्माण कार्य का नाम | आगमन धनराशि (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि (2 %) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं 18% जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डम्प साइड पर बल्ली, बांस, एवं मोटा तिरपाल लगाने का कार्य व एकत्रित लिगेसी वेस्ट के रेमेडिएशन हेतु बायो कल्चर के क्रय एवं छिड़काव का कार्य | 4.85 | 9700.00 | 485+88 Total 573,00 | 07 दिन |
| 2. | देश के महापर्व गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर नगर की साजोसज्जा एवं एल.आई.सी. पर लगे डिजिटल बोर्ड पर मई पी.वी.सी. सीट लगाकर मरम्मत का कार्य। | 4.90 | 9800.00 | 490+89 Total579,00 | 07 दिन |
| 3. | ई-रिक्शा की मरम्मत का कार्य एवं नई बैटरी लगाने का कार्य। | 2.90 | 5800.00 | 290+53 Total 343.00 | 07 दिन |
| 4. | शीत ऋतु के दृष्टिगत गरीब/निर्धन व्यक्तियों हेतु 700 नग कम्बली की आपूर्ति का कार्य। | 2.10 | 4200.00 | 210+38 total 248.00 | 07 दिन |

**शर्ते-**

1. सशर्त निविदाएं मान्य नहीं होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. नगर पालिका परिषद को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। निविदा शुल्क धनराशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद जालौन के पदनाम एफ.डी.आर./एम.एस. 5 निविदा के साथ सलंग्ल करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त प्रपत्र न होने की स्थिति में ठेकेदार की निविदा को अवैध माना जायेगा तथा प्रत्येक कार्य की पृथक-पृथक जमानत धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. यह कि जी.एस.टी. विभाग द्वारा देय होगा।
4. कार्यों की निविदा वर्णित सामग्री आदि पर आयेकर एवं अन्य करों की कटौती ठेकेदार के बिल से नियमानुसार की जायेगी।
5. शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-21-45 ज/21 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 के अनुसार संविदा की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आगणन की 10 प्रतिशत की धनराशि Security के रूप में निकाय में जमा करनी होगी तथा यह Security कार्य पूर्ण होने के 12 माह के पश्चात कार्य के संतोषजनक पाये जाने के बाद ही वापिस की जायेगी।
6. निविदा के साथ फर्म/ठेकेदार को 100 रू. की नॉन जुडिशियल स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित स्वघोषणा पत्र इस आशय का देना होगा कि कार्य में लगायी जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता/मानक शत-प्रतिशत सुनिश्चित की गयी है।
7. निविदा प्रकाशन की निर्धारित समयावधि में यदि किसी ठेकेदार के द्वारा निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग नहीं किया जाता है तथा बाद में प्राप्त दरों को लेकर किसी भी प्रकार की आपत्ति/शिकायत की जाती है तो किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।
8. निविदादाता को चरित्र प्रमाण-पत्र व हैसियत प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कराना अनिवार्य होगा।
9. वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पालिका परिषद जालौन में पंजीकरण होना अनिवार्य होगा।
10. यह कि टेण्डर के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जालौन के पदनाम के बंधक कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं ठेकेदार के पास उपलब्ध धरोहर धनराशि के अनुसार ही टेण्डर डाले जायेंगे।
11. यह कि निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि निविदा के आगणन के रेट, मात्रा, स्थिति व दशाओं का निरीक्षण परिक्षण व अवलोकन भलि-भांति कर ले निविदा देने के उपरान्त किसी भी प्रकार की शर्तें व क्लेम मान्य नहीं होगा।
12. यह कि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अंदर निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
13. यह कि शासन के द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जालौन**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जालौन**


## महानगर से भैंसों को बाहर करने को सहयोग संस्था ने दिया डीएम को पत्र

- जनसेवा के साथ-साथ जनहित के मुद्दों को भी उठाएगी सहयोग संस्था

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद की समाजसेवी संस्था सहयोग के पदाधिकारियो ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर महानगर की गंभीर समस्या को लेकर डीएम को पत्र दिया है। संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज खा एडवोकेट ने बताया कि नगर से महानगर बना हमारा शहर आज भी महानगर नहीं लगता है, यहां दिन भर रोड के ऊपर भैंसे घूमती रहती हैं, जिनका आने-जाने का कोई निश्चित समय भी नहीं है और शहर की गली मोहल्लों के बीच डेयरी खुली हुई है। यह डेयरी उद्योग शहर की सफाई व्यवस्था ब ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरीके से ध्वस्त करे हुए हैं। जैसे ही सफाई होती है, भैंसे रोड पर निकलते ही गोबर कर देती है और तिराहे, चौराहे पर जाम लगाती हैं, जिससे कि फंसे हुए वाहनों का खूब चालान भी हो जाता है। बच्चे स्कूल व ट्यूशन को जाते हैं उनकी साइकिल, स्कूटी के ऊपर यह भैंसे सीधी हो जाती है, जिससे बच्चे चोटिल भी हो जाते हैं और उनके बाहन भी टूटते है। यह डेयरी वाले जब डेयरी की धुलाई करते हैं तो गोबर सीधा नालियों में बहा देते हैं जिससे नालियां चोक हो जाती है। इस प्रकार की सभी समस्याओं को लिखकर सहयोग संस्था ने जिलाधिकारी को दिया है और जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वादा भी किया है कि यह समस्या जल्द ही खत्म की जाएगी, जल्द ही सभी डेयरी महानगर की सीमा से बाहर स्थापित की जाएंगी। संस्था के महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि इससे पहले हमारी संस्था ने शहीद उद्यान पार्क में बंद पड़े फब्बारे को जनहित में सही कराने हेतु भी पत्र दिया था, जिस पर कार्रवाई हुई और अब वह शुरू हो गया है, जिसको लेकर संस्था के पदाधिकारियो ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया है। पत्र देने में संस्था के कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे, वरिष्ठ सलाहकार प्रमोद गुप्ता, विधिक सलाहकार सफीकुद्दीन अंसारी, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, ममता यादव, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, कृष्णा गुप्ता आदि सभी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बुजुर्ग के साथ पिटाई मामले में रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव बवरा निवासी सद्दाम पुत्र मेहंदी हसन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 14 जनवरी को उसके बुजुर्ग पिता मेहंदी हसन पुत्र शहजादे जो अपने घर के सामने बैठे हुए थे। तभी गांव बवरा थाना सिंधौली निवासी किशन पाल व विजय उर्फ़ चिंटू पुत्र प्रदीप सिंह उसके घर के सामने आकर बैठे पिता को गालियां देने लगा जब उन्होंने गलियों का विरोध किया तो आरोपी लात घुसो से बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट करने लगा। उन्होंने बताया कि वह धमकाते हुए अपनी लाइसेंसी बंदूक निकाल लाया और तानते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इस पर मेहंदी हसन ने किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। आरोपी इससे पहले भी उपरोक्त के साथ मारपीट कर चुका है। बताते हैं कि आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### महिला पुलिस कर्मियों से सरे बाजार अभद्रता मामले में 24 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहाँपुर।** शक्ति मिशन के तहत क्षेत्र भ्रमण को निकली महिला पुलिस कर्मियों से सरे बाजार एक शराब नशे में धुत वकील द्वारा अभद्रता किए जाने के मामले में पुलिस ने घटना 24 घंटे बाद पीड़ितों की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज की और पकड़े गए आरोपी का शांति भंग में चालान कर दिया है। कोतवाली की महिला डेस्क में तैनात महिला पुलिस कर्मी आरती ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह साथी महिला पुलिस कर्मी प्रीती के साथ बुधवार शाम करीब छह बजे क्षेत्र मे महिला सुरक्षा केंद्र से सुरक्षा क्रम के तहत भ्रमणशील थी। इसी दौरान एक व्यक्ति शराब के नशे में उल्टा सीधा बोल रहा था और बाजार में गाली गलौज कर रहा था। उसे टोंका और बताया कि हम पुलिस मे है तो उसने उनके साथ भी अभद्रता की और गाली गलौज करने लगा। उसने कार्य सरकार में बाधा भी उत्पन्न की और पुलिस के साथ बहुत मुजहामद की। प्रीति ने चीता डयूटी पर मौजूद कांस्टेबिल अनिल कुमार को फोन करके बुलाया। बाद में उसे थाने ले जाया गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र शिव कुमार तथा गुरगवां कालोनी , तिलहर का निवासी बताया, जो पेशे से वकील है।

### राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का सीडीओ ने निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर।** शुक्रवार को पिपरौला स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान किशोरों को अध्ययन में संलग्न पाया गया तथा उनसे पढ़ाई, खेल-कूद एवं योग के संबंध में संवाद किया गया। निर्माणाधीन कक्ष, बरामदे के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व शीघ्र पूर्ण कराने, किशोरों की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल पर कंटीले तार लगाने तथा एण्टी-सुसाइड फैन स्थापित कराने के निर्देश दिए। डीपीओ गौरव मिश्रा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### बझेड़ा नखासे में सब्जी खरीदने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के गांव रौली बौरी निवासी मुबारक पुत्र महबूब ने थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद शुक्रवार दोपहर के 12 :00 बजे बताया अपनी मोटर साइकिल हीरो से बझेडा नखासे थाना जलालाबाद मे दिनांक 13.जनवरी को समय लगभग 2.50 बजे सब्जी खरीदने के लिए गया था । वह बाजार में मोटर साईकिल खड़ी करके सब्जी खरीदने लगा एवं सब्जी खरीदने के उपरान्त अपनी मोटर साईकिल तरफ देखा तो वहां से मोटरसाइकिल गायब थी. उसने अपनी मोटर साईकिल को काफी तलाश किया परन्तु वह नहीं मिली है। कोई अज्ञात चोर उनकी मोटरसाइकिल को लेकर रफू चक्कर हो गया। पीड़ित मुबारक ने बताया कि उसने 13 जनवरी को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी तब से वह रोज थाने के चक्कर काट रहा है परंतु पुलिस ने अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की है। हलके के सिपाही का देते हैं कि जब मोटरसाइकिल मिलेगी तो तुम्हें फोन करके सूचना दी जाएगी।

### कर्मचारियों को मुर्गा बोलते हैं जीएम, चीनीमिल जीएम पर तानाशाही का आरोप, हंगामा



**तिलहर - शाहजहांपुर।** किसान सहकारी चीनीमिल के जीएम की तानाशाही से आजिज आ चुके गन्ना किसानों एवं कैजुअल कर्मचारियों ने जोरदार हंगामा करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों के मिल की के कैरियर चेन में कूद जाने पर मजबूरन मिल को बंद करना पड़ा। जीएम शैलेंद्र अस्थाना द्वारा आश्वासन के करीब दो घंटे बाद चीनी मिल सुचारू हो सकी। शुक्रवार दोपहर ट्रॉली तौल कांटे पर गन्ना कटौती को लेकर किसान अचानक लामबंद हो गए और जीएम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके बाद कैजुअल कर्मचारी भी जीएम पर तानाशाही काआरोप लगाते हुए किसानों के समर्थन मे आकर प्रदर्शन करने लगे। किसानों ने आरोप लगाया कि ट्रॉली तौल कांटे पर दो से तीन कुंतल गन्ने की घटतौली की जा रही है । और गन्ना लाल एवं जड़ सहित होने पर गन्ने को ज्यादा काट दिया जाता है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 5009 एवं 0019 अर्ली गन्ना को सामान्य गन्ना पर्ची पर तौला जा रहा है। जिस कारण किसानों को 20 रुपए प्रति कुंटल का नुकसान हो रहा है। उधर कैजुअल कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जीएम उनके साथ अभद्रता करते हैं । और एक व्हाट्सएप ग्रुप पर कर्मचारियों को मुर्गा शब्द से संबोधन करते हैं। इसके साथी बेवजह उनकी ड्यूटी काट दी जाती है या फिर उन पर जुर्माना लगा दिया जाता है जिस कारण उनका लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों एवं कैजुअल कर्मचारियों ने गन्ना तौल बंद कराते हुए कैन केरियर की चेन में कूद कर चीनी मिल को बंद करा दिया। सूचना पर जीएम शैलेंद्र अस्थाना व सीसीओ दमिनेश रॉय मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त कराया। इस दौरान शिवम, सियाराम, रामकरन, मोहित कुमार, प्रभात कुमार, मनजीत वर्मा, हरीश गंगवार, राम प्रकाश, बुद्ध पाल समेत भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

### बीसीबी बाक्स बदलने से कई घंटे विद्युत आपूर्ति रही ठप्प



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा विद्युत उपकेंद्र में पुराने जर्जर वीसीबी पैनल बदलकर नये वीसीबी पैनल बदले जाने के कारण शुक्रवार की दोपहर से पूरे रोजा सहित अन्य क्षेत्रों में कई घंटे बिजली गुल रही। जिससे क्षेत्रवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना पड़ा। देर शाम बिजली के आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। विद्युत उपकेंद्र रोजा में लगे पुराने जर्जर वीसीबी पैनल बदलकर नये वीसीबी पैनल बदले जाने के कारण शुक्रवार की दोपहर से पूरे क्षेत्रकी बिजली गुल रही। जिसके चलते उपकेंद्र से पोषित रोजा रेलवे फीडर, मिश्रीपुर फीडर, केरू कंपनी फीडर, इंडस्ट्रियल एरिया रोजा व जमुई, आदर्श नगर कालोनी, मठिया कॉलोनी, चर्च कॉलोनी, रोजा मंडी, हांडा कॉलोनी, पुत्तुलाल चौराहा, फतेहपुर चुंगी, चमकनी गाड़ीपुरा, गढ़ी गाड़ीपुरा, दलेलगंज, ख्वाजा फिरोज, सरायकांइया, मिश्रीपुर, चुनाभट्टी रोड एवं रामबाग गौशाला, आईटीआई व चर्च कालोनी सहित अन्य इलाके में बिजली सप्लाई बंद रही। बीसीबी बाक्स को बदलने के लिये कर्मचारियों को घंटो मशक्कत करनी पड़ी। बिजली सप्लाई न आने के से क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोग पानी के लिए तरस गए और हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ा। देर शाम बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

### बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं, स्कूली वाहन चालकों को नियमों की सख्त नसीहत



**शाहजहाँपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को अटल ऑडिटोरियम, शाहजहाँपुर में स्कूली वाहन चालकों के लिए आयोजित बृहद कार्यशाला में प्रशासन, परिवहन, यातायात व शिक्षा विभाग के अधिकारी एक मंच पर नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्रा रहे। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिबंश कुमार, यातायात प्रभारी विनय कुमार पाण्डेय, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह, मोटरयान निरीक्षक विकास यादव, यात्री/माल कर अधिकारी आर.पी. गौतम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्कूली वाहन चालकों को बताया कि वे केवल वाहन चालक नहीं, बल्कि बच्चों के अभिभावक की भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला में सीट बेल्ट, स्पीड लिमिटर, सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस व एफडीएसएस सिस्टम को अनिवार्य बताते हुए उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

# अधजले शव की गुत्थी सुलझाने में उलझी पुलिस

- डीएनए टेस्ट आने के बाद दर्ज हुई हत्या की रिपोर्ट, पूछताछ के लिये लोग हिरासत में
- तीन बिंदुओं पर पुलिस कर रही हैं जांच, फोन करने वाले दोस्त की तलाश

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा थाने में करीब पांच साल बीत जाने के बाद अधजले शव का रहस्य का पर्दाफाश होने में कुछ समय लग सकता हैं। थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने गुमशुदगी को हत्याकांड की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर घटना से जुड़े तीन बिंदुओं पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। ज्ञात रहे कि 19 दिसंबर 20 को रोजा अड्डे पर नईम की मोबाइल और इलेक्ट्रिक की दुकान में रात करीब एक बजे आग लग गई थी। दूसरे दिन सुबह दुकान के अंदर एक तो अधजला शव बरामद हुआ था। जिसे थाना रोजा पुलिस व दुकान स्वामी ने जानवर का बताकर रेलवे अस्पताल के पीछे तालाब के किनारे फेंक दिया था। जब शव इंसान के होने की चर्चा हुई तो अधिकारी पहुंच गए थे। पशु चिकित्सक को बुलाकर जांच कराई गई जिसने पशु चिकित्सक डा. आदित्य गोयल ने इंसानी शव होने की संभावना जताई थी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम में भी इंसानी शव की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव के शरीर से एक कड़ा, एक ताबीज व अधजला अंडरवियर मिला था। हालांकि बंद दुकान के अंदर आग लगने की घटना संदिग्ध है क्योंकि दुकान में बिजली कनेक्शन न होने के कारण शॉटसर्किट की भी संभावना नहीं थी। सवाल यह उठता है कि आखिर बंद दुकान के अंदर कोई व्यक्ति कैसे घुसा था और आग कैसे लगी थी ? वहीं घटना के दिन आरसी मिशन थाना क्षेत्र के फतेहपुर रेती से अभिषेक यादव नाम का एक युवक लापता था। जिसकी गुमशुदगी लिखाने के लिए थाने में उसका पिता रामऔतार पहुंचा था। मामला आरसी मिशन और रोजा थाने के बीच में वह फंस कर रह गया था। आखिर आरसी मिशन पुलिस ने 15 फरवरी 21 को उसके बेटे की गुमशुदगी दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। तब से अभिषेक का पिता रामऔतार पोस्टमार्टम के दौरान मिले सामान की तस्दीक करने के लिए डेढ़ साल से अधिकारियों की चौखट पर चक्कर लगाता रहा। आखिर उसकी मेहनत सफल हुई। पांच अक्टूबर को रोजा पुलिस की मौजूदगी में पुलन्दा खोला गया था। पुलन्दे में कड़ा व तबीज देखकर उसने तस्दीक की कि ये सामान उसके ही बेटे अभिषेक का है। सामान की तस्दीक होने के बाद पुलिस ने डीएनए टेस्ट की कार्यवाही शुरू कर दी थी।

बताया जाता है कि तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा इस घटना के बेहद करीब पहुंच गये थे और उन्होंने डीएनए के लिए अधिकारियों से अनुमति मांगी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से अनुमति नहीं मिली थी। तमाम कोशिशों के बाद नवम्बर 2022 को मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष संभावित पिता रामौतार व मां सुमन का सैम्पल लेकर लैब भेज दिया गया था। ये सैंपल लैब में जांच करने के बाद इसकी पुष्टि हो जायेगी कि वह शव अभिषेक यादव का ही था। लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद आगे जांच की जायेगी। लेकिन लम्बा अरसा बीत जाने के बाद रहस्य का पर्दा उठ सकता है। थाना रामचन्द्र मिशन ने गुमशुदगी को हत्या की धाराओं में दो लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। पुलिस ने लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले रखा हैं। रामचन्द्र मिशन के थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के अनुसार पुलिस घटना से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच पड़ताल कर रही हैं। पुलिस उस दोस्त की खोजबीन कर रही है। जिसने घटना के दिन उसे फोन करके बुलाया था, फिलहाल थाना प्रभारी का कहना हैं कि दोषी को छोड़ेंगे नहीं और निर्दोष को जेल जाने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि घटना का जल्द पर्दाफाश कर देंगे।

## सहायक अध्यापक परीक्षा आज, 13 केंद्रों पर परीक्षार्थियों की अग्निपरीक्षा

- दस हजार से ज्यादा परीक्षार्थी दो शिफ्टों में देंगे परीक्षा, प्रशासन मुस्तैद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में आज शनिवार को सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी प्रारम्भिक परीक्षा 13 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा नकलविहीन, शांतिपूर्ण व सकुशल को लेकर पहले से ही तैयारियां मुकम्मल कर ली गई थी। खुद डीएम, एसपी द्वारा परीक्षा में लगाए, मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापकों, पुलिसकर्मियों को परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिए गए है। जनपद में दो पालियों में परीक्षा द्वारा कराई जा रही है। पहली पाली 9 बजे से 11 बजे व दूसरी पाली शाम 3 बजे से 5 बजे तक चलेगी। जिसके लिए 13 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें परीक्षा के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 10 हजार 752 है, पहली पाली में 5 हजार 472 व द्वितीय पाली 5 हजार 280 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, अलग अलग सत्र के लिए तैनाती की गई है। स्टैटिक मजिस्ट्रेट व नायब तहसीलदारों की ड्यूटी लगाते हुए, कन्ट्रोल रुम नंबर भी जारी किया गया है। साथ ही बाहर से परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा तीन हेल्प डेस्क, बरेली मोड़, बस स्टैंड रोडवेज, रेलवे स्टेशन पर बनाई गई है। जहां पर जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा बैठकर परीक्षार्थियों की हर तरह की मदद की जाएगी। शुक्रवार की शाम से जनपद में परीक्षार्थियों का आना शुरू हो गया था। रैन बसेरों में भी नगर आयुक्त द्वारा परीक्षार्थियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर मजिस्ट्रेटों ने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। खुफिया एजेंसियों द्वारा भी नकलचियों से निपटने के लिए नजर रखी जा रही है।

### यहां बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र

राजकीय इंटर कॉलेज खिरनीबाग, इस्लामिया इंटर कॉलेज जेल रोड, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कालेज, जनता इंटर कॉलेज सिंजई, आर्य महिला पीजी कालेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज दलेलगंज, एसएस कालेज ब्लाक ए, एसएस कालेज ब्लाक बी, जीएफ कालेज ब्लाक ए, जीएफ कालेज ब्लाक बी, राजकीय पालीटेक्निक लालपुर जलालाबाद रोड।

**जनपद** में सहायक अध्यापक परीक्षा 13 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न कराई जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं, पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मुन्नाभाइयों से निपटने के लिए खुफिया एजेंसियां लगाई गई है। कन्ट्रोल रुम से भी निगरानी कराई जा रही है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए तीन हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं।

**-एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा।**

सभी परीक्षा केंद्रों पर पुरुष -महिला पुलिसकर्मियों की अलग अलग शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। पुलिसकर्मियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं कि किसी तरह की लापरवाही न बरते। परीक्षा केंद्रों पर मुख्य गेट पर परीक्षार्थियों की सघन चैकिंग की जाएगी। पुलिस कन्ट्रोल रूम से भी हर परीक्षा केंद्र की निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है।

**- एसपी सिटी देवेंद्र कुमार।**

### बिजली विभाग ने चलाया बकाया वसूली अभियान

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद बिजली विभाग द्वारा गांव गुनारा में बिजली बिल बकाया दारो बिजली कनेक्शन काटने एवं बकाया बिल वसूलने के लिए अभियान चलाया जब बिजली विभाग की टीम गांव गुनारा में पहुंची तो गांव में कटिया चलाने वाले एवं बिल बकाया दारो में हड़कंप मच गया वही एक लाख से ऊपर के बिजली कनेक्शन धारकों के कनेक्शन काट दिए गए। वही अन्य बिल बकाया दारो ने अपना-अपना बिल गांव में लगे कैंप के दौरान जमा किया जिसमें उन्हें छूट भी मिली। वहीं जेई जगदीश सिंह ने बताया सरकार की जो बिजली बिल राहत योजना चलाई जा रही है उसी क्रम में यह बड़े बिजली बिल बकाया दारो को लेकर अभियान चलाया जा रहा है जिसका यह दूसरा फेस चल रहा है जिसमें लोगों का ब्याज 100 प्रतिशत माफ है और बिजली बिल 20 प्रतिशत माफ है इसी क्रम में और उन्होंने बताया दो लोगों के मीटर निकाल लिए गए हैं। और और लगभग 7 कनेक्शन काट दिए गए जिसके एवज मे लगभग 27 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा लिए। और वही ग्रामीणों का आरोप था गांव में जो मीटर खराब है। उनको बदलने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिए बदलने के लिए तो जो बदलने वाले लोग आते हैं वह 2500 रूपये मांगते हैं इस बात को लेकर जेई जगदीश सिंह से बात की तो उन्होंने बताया मीटर की कीमत विभाग द्वारा तत्काल नहीं ली जाती है। जो बिल में जुड़कर धीरे-धीरे आती है। और मीटर की कीमत 1168 रुपए हैं। उन्होंने बताया कि मीटर जो लगाए जाते हैं वह ठेकेदार के माध्यम से लगाए जाते हैं और हमने अपना नंबर सभी को दे रखा है अगर कोई पैसा मांगता है तो डायरेक्ट हमसे शिकायत करें हम उसका ठेकेदारी का लाइसेंस निरस्त करा देंगे। इस दौरान बिजली विभाग की टीम में जेई जगदीश सिंह, एसडीओ प्रेम कुमार और राहुल कुमार और लाइन मैंन अवधेश एवं विजपाल और बिजली ऑपरेटर अरविंद कुमार शाहिद टीम के अन्य लोग मौजूद रहे।

### दहेज प्रताड़ना के चलते मायके में रह रही महिला ने खाया विषाक्त

**तिलहर-शाहजहांपुर।** जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया । जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । जहां कुछ देर बाद ही उस ने दम तोड़ दिया । पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लखोहा के धनवीर ने बताया कि उसकी बहन फूलवती की शादी 10 वर्ष पहले जलालाबाद के गुनारा में हुई थी। ससुरालियों द्वारा दहेज प्रताड़ना को लेकर उसकी बहन फूलवती करीब छह वर्षों से उनके पास ही रह रही थी । और ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा चल रहा है। जिसकी 12 जनवरी को ही पेशी तारीख थी । तारीख के बाद से वह बहुत ज्यादा परेशान थी । गुरुवार की देर रात में उसकी बहन ने सल्फास की गोली खा ली। हालत बिगड़ने पर वह फूलवती को लेकर सीएचसी गए । जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## नवनिर्मित हाईवे पर बनी बिल्डिंग को किया जमींदोज

- राजस्व टीम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी व पुलिस फोर्स रही मौजूद

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खुटार क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 730 से जोड़ने वाले नवनिर्मित बाईपास हाइवे पर बनी एक बिल्डिंग को शुक्रवार को जमीदोज कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मुआवजा मिलने के बाद भी नवनिर्मित बाईपास हाईवे रोड पर अतिक्रमण को नहीं हटाया गया था। बिल्डिंग खुटार क्षेत्र के तिकुनिया के गांव कुसमा के पास स्थिति थी बिल्डिंग मलिक का नाम धर्मवीर मित्तल है जो कि जनपद रामपुर के निवासी हैं बिल्डिंग गाटा संख्या 90 व 205 में बनी हुई थी जो की नवनिर्मित बायपास हाईवे रोड शाहजहांपुर से राष्ट्रीय राजमार्ग 730 जोड़े जाने वाले पूरनपुर मार्ग के बीच में स्थित थी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा इस हाईवे रोड का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी के द्वारा बताया गया कि भूमिका मुआवजा भूमि मालिक को पहले ही दिया जा चुका है उसके बावजूद हालांकि हाईवे का निर्माण कार्य शुरू होने पर धर्मवीर सिंह मित्तल के द्वारा अपनी भूमि के मुआवजे को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका को दायर किया गया था इलाहाबाद उच्च न्यायालय के द्वारा हाईवे पर बनी बिल्डिंग (अतिक्रमण) को हटाने का आदेश दिया गया था उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के चलते यह कार्यवाही की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के भूमि अधिग्रहण अधिकारी यशवंत सिंह हाईवे कंसलटेंट टीम लीडर अनवर अली आरआई अमरेंद्र नारायण वीई उपेंद्र कुमार सिंह मौके पर मौजूद रहे। सभी अधिकारियों की मौजूदगी में बिल्डिंग को तोड़कर मलवा हटा दिया गया। धर्मवीर सिंह अपनी मां का इलाज दिल्ली में करा रहे हैं जिस वजह से अपनी बिल्डिंग को नहीं हटा पाए थे। बिल्डिंग मलिक धर्मवीर मित्तल के द्वारा बताया गया कि उन्हें बिना किसी पूर्व जानकारी के उनकी बिल्डिंग को जमीदोज कर दिया गया। वही खुटार के गांव नगरा निवासी प्रमोद वर्मा बलराम वर्मा बार रणंजय वर्मा की जमीन नवनिर्मित हाईवे के किनारे स्थित है। जिसका राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा अधिग्रहण किया जा रहा है।

'उच्च न्यायालय के आदेश पर हाईवे के बीच बनी बिल्डिंग जिसका मुआवजा मिल चुका था नहीं हटाई गई थी इसको मौके पर पहुंचकर हटवाया गया, साथ ही साथ एक खेत का थोड़ा सा कोना जो की हाईवे के बीच आ रहा था जिसका भी मुआवजा मिल चुका था उस पर गेहूं की फसल बोई गई थी जिस अधिग्रहण को हटवाया गया।'

**जगत मोहन जोशी नायब तहसीलदार।**

### भवन एवं जल कर वसूली के लिए लगा अंगदनगर में कैंप

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद नगर पालिका परिषद में राजस्व वसूली के लिए नगर के विभिन्न वार्डो में कैंप लगाकर भवन कर एवं जल कर वसूली शुरू की गई। जिस दौरान शुक्रवार को नगर पालिका जलालाबाद की तरफ से राजस्व वसूली हेतु पालिका कर्मियों द्वारा नगर के वार्ड अंगदनगर, शास्त्रीनगर, प्रेमनगर ओर सुभाषनगर में शिविर का आयोजन कर लोगों का भवन कर, जलकर एवं जलमूल्य जमा किया गया। इस दौरान कैंपों का निरीक्षण संबंधित लिपिक मोहम्मद जीशान एवं लिपिक नितिन शर्मा द्वारा कर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



मोहम्मद जीशान ने वार्डवासियों से मुलाकात कर शीघ्र टैक्स जमा करने की अपील भी की एवं बताया कि कैंप के अतिरिक्त अन्य प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालाबाद में भी अपना बकाया टैक्स जमा कर सकते हैं। इस दौरान संग्रहकर्मी राममोहन राठौड़, अजीत श्रीवास्त, सुधीर राठौड़ राजस्व वसूली में तत्परता से कार्य करते दिखे।

### स्कूली बच्चों के ई रिक्शा को मारी ईको बैन ने टक्कर, रिक्शा चालक व एक बच्चा गम्भीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाइवे पर स्कूली बच्चे लेकर जा रहे ई रिक्शा को सामने से ईको गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे एक बच्चा व ई रिक्शा चालक घायल हो गया। ई रिक्शा चालक को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला सितारगंज निवासी फैजान ई रिक्शा से सुबह सलेमाबाद पट्टी मोहल्ले में बच्चों को लेने जा रहा था तभी हाईवे पर बरेली की ओर से आ रही ईको गाड़ी ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रिक्शा चालक फैजान एवं सितारगंज मोहल्ला के छात्र आरव सिंह घायल हो गया। लोगों ने ईको गाड़ी को पकड़ लिया और घायलों को सीएचसी पहुंचाया । जहां से हालत गंभीर होने पर फैजान को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बुलेरो की टक्कर से सड़क पार कर रहा किशोर घायल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव कोला निवासी अजय पुत्र विनोद उम्र लगभग 12 वर्ष किशोर साइकिल से आटा पीस कर अपने घर जाने के लिए सड़क पार कर रहा था तभी कोला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर लगने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दौड़कर घायल पड़े किशोर को उठाया लेकिन तब तक टक्कर मारने वाला बुलेरो चालक बुलोरो लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जलालाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया अस्पताल में भर्ती कराया।

**सूचना**

मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2004-2005 जिसका अनुक्रमांक 0342201 का अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। अवधेश कुमार पुत्र विनोद कुमार नि.मो. आदर्श नगर कॉलोनी थाना रोजा, शाहजहांपुर।

## सांसद डिपल के जन्मदिन एवं मकर संक्रांति पर सपा नेता राज कुमार ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।** पूरनपुर मकर संक्रांति के पावन अवसर एवं लोकप्रिय सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 15 जनवरी को ग्राम पंचायत घुँघचीहाई विधानसभा 129-पूरनपुर में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव समाजवादी पार्टी पूरनपुर के वरिष्ठ नेता राज कुमार राजू द्वारा खिचड़ी भोज कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप दिया। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं प्रशांत अवस्थी द्वारा कुशलतापूर्वक संभाली गई, जिसकी उपस्थित जनसमूह ने प्रशंसा की इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि मकर संक्रांति एवं डिंपल यादव के जन्मदिन पर आयोजित यह खिचड़ी भोज सामाजिक समरसता और जनसेवा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाजवादी पार्टी की उस विचारधारा को मजबूत करते हैं, जो गरीब,वंचित और आम जनता के सम्मान के लिए समर्पित है कार्यक्रम के आयोजक राजकुमार 'राजू', राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा ने कहा कि यह आयोजन सेवा, सद्भाव और सामाजिक भाईचारे की भावना के साथ किया गया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के व्यवस्थापक युवा सपा नेता प्रशांत अवस्थी रहें इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ सपा नेता ओम शर्मा, महिला नेत्री पुष्पा, भगवान दीन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओमकार भारती, विक्रांत, सुनील आदि बड़ी संख्या में सपाई उपस्थित रहे।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस जनपद, अमेठी

पत्रांक-1044/न.पा.प.जायस/ई-टेण्डर/2025-26 — दिनांक- 14.01.2026

### अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

एतदद्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी में पं दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 14.01.2026 से 04.02.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 04.02.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदायें खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

टेण्डर शेड्यूल(www.etender.up.nic.in पर)

| क्रमांक | विवरण | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | | - |
| 2. | | Tender Download | 14.01.2026 2:00 PM | 04.02.2026 4:00 PM |
| 3. | | Bid Submission | 14.01.2026 2:00 PM | 04.02.2026 4:00 PM |
| 4. | Bid Opening | | 04.02.2026 4:00 PM | |

कार्य विवरण

| क्र. सं. | कार्य/स्थल का विवरण | अनुमानित लागत (जी.एस.टी सहित) | जमानत धन राशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 02 जायस सुल्तानपुर मार्ग से भट्ठा होते हुए चुरई की दुकान तक सीसी रोड का निर्माण कार्य। | 2695000.00 | 2695000.00 | 4800.00 | 3 माह |
| 2. | वार्ड नं. 03 इंटरलाकिंग रोड से गिरधारी लाला की मील तक सीसी रोड का निर्माण कार्य। | 1926000.00 | 1926000.00 | 3500.00 | 3 माह |
| 3. | वार्ड नं. 02 राधेश्याम के मकान से ट्रांसफार्मर तक सीसी रोड का निर्माण कार्य | 2388000.00 | 2388000.00 | 4300.00 | 3 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी।**

## कॉलेज का कलेजा

दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह इवनिंग कॉलेज का नाम बदलने की कोशिशें उन्नीसवीं सदी के एक दूरदर्शी और परोपकारी सरदार दयाल सिंह मजीठिया जी की स्मृति और विरासत की घोर अवहेलना को ही दर्शाती हैं। यह कॉलेज उन्हीं के नाम पर दिल्ली में स्थापित और प्रतिष्ठित है। 'द ट्रिब्यून' और 'पंजाब नेशनल बैंक' के संस्थापक रहे सरदार दयाल सिंह मजीठिया ने एक ऐसे धर्मनिरपेक्ष व समावेशी कॉलेज की स्थापना का स्वप्न साकार करना चाहा, जहां जनहित में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके। उल्लेखनीय है कि दिल्ली स्थित इस संस्थान का समृद्ध इतिहास 1910 से तब शुरू होता है, जब मजीठिया जी के निधन के बारह वर्ष बाद लाहौर में इसकी स्थापना हुई थी। लेकिन आज कॉलेज प्रबंधन की ओर से दलील दी जा रही है कि एक ही नाम से डे कॉलेज और इवनिंग कॉलेज संचालित नहीं किए जा सकते हैं। यह कहना तार्किक नहीं लगता कि नाम बदलने से प्रशासनिक कार्यों में किसी भी तरह की सुविधाजनक स्थिति भी बन सकती है। वहीं दूसरी ओर, यह कॉलेज के कलेजे रूपी गरिमामय विरासत और जनभावनाओं को नजरअंदाज करने जैसा है। यहां यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि इस बदलाव की कोशिशों के कानून पहलू भी ऐसा करने की इजाजत नहीं देते। दरअसल, वर्ष 1978 में हस्तांतरण डीड की धारा 12, जिसके तहत ही दिल्ली विश्वविद्यालय यानी डीयू ने कॉलेज का अधिग्रहण किया था, में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि 'संस्थान दयाल सिंह कालेज के नाम से ही जाना जाता रहेगा।' इस धारा का उल्लंघन करने की स्थिति में भूमि अधिकार छीनने और जबरन विस्थापन जैसी गंभीर कार्रवाई भी की जा सकती है। निश्चित रूप से इस तरह का जोखिम कोई भी जिम्मेदार प्रशासन हल्के में नहीं लेना चाहेगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संकाय सदस्यों को सिख योद्धा बंदा सिंह बहादुर के नाम पर कॉलेज का नाम बदलने के प्रस्ताव की जानकारी तब मिली जब पिछले दिनों दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति ने वीर बाल दिवस के मौके पर इसकी सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी। यहां उल्लेखनीय है कि दयाल सिंह इवनिंग कॉलेज एक कालखंड की गरिमामय स्मृतियों को सहेजे हुए है। भारत मां के महान सपूत सरदार दयाल सिंह मजीठिया ने अपने सारी संपत्ति समाज के लिये समर्पित कर दी थी। उन्होंने अपना जीवन एक स्वतंत्र प्रेस, उत्तर भारत में शिक्षा के प्रसार के लिये एक उच्चस्तरीय कॉलेज तथा जागरूकता के लिये पुस्तकालय की स्थापना के लिये लगाया। जिसका मकसद समाज में प्रगतिशील सोच विकसित करना और अज्ञानता को समाप्त करना ही था। ऐसे में एक पुनीत उद्देश्य के लिये स्थापित कॉलेज का नाम बदलने का प्रबंधनतंत्र द्वारा इस तरह का एकतरफा निर्णय विश्वविद्यालय के मूल सिद्धांत को ही कमजोर करता है। जिसका मूल उद्देश्य परामर्श और आम सहमति से कार्य करना होता है। इन कोशिशों के बीच कॉलेज के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने ऐसे किसी प्रयास का विरोध करने का फैसला किया है। कर्मचारी संघ द्वारा पारित प्रस्ताव में कॉलेज की पहचान और भविष्य को प्रभावित करने वाले इस कदम को लेकर असंतोष जताया गया है। छात्रों में भी इस बात को लेकर रोष देखा गया है। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान का केंद्र ही नहीं होता, बल्कि सामूहिक स्मृति का संरक्षक भी होता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में भी महाविद्यालय का नाम बदलकर 'वंदे मातरम् महाविद्यालय' रखने का प्रयास किया गया था। लेकिन यह प्रयास हितधारकों के विरोध के चलते सिरे नहीं चढ़ सका था। अब बदलाव की कोशिश करने वालों को पिछले असफल प्रयास को एक सबक के रूप में देखना चाहिए था। दिल्ली विश्वविद्यालय को ऐसे किसी प्रयास से पहले विचार विमर्श करने तथा चिंतन करने की आवश्यकता है। खासकर, ऐसे वक्त में जब एक महान व्यक्तित्व का नाम और साथ ही एक सदी से अधिक की शैक्षणिक और नैतिक विरासत दांव पर लगी हो।

# यमुना को बचाने के लिए जरूरी हैं छोटे प्रयास

*प्रदीप श्रीवास्तव*

दिल्ली की जीवनरेखा मानी जाने वाली यमुना नदी को साफ़ करने के लिए बीते तीन दशकों में हज़ारों करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त कोशिशों, विदेशी सहायता और न्यायिक हस्तक्षेप के बावजूद यमुना की स्थिति आज भी चिंताजनक बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारें अभी तक यमुना को साफ़ करने की मूलभूत रणनीति को ही नहीं समझ पाई हैं। नतीजा यह है कि यमुना, जो कभी दिल्ली की प्यास बुझाने वाली नदी थी, आज एक मरी हुई नदी बनती जा रही है। जबकि, बहुत छोटे स्तर पर एक एनजीओ द्वारा किया गया प्रयास रंग लाने लगा है। क्योर एनजीओ ने बहुत छोटे स्तर पर मलिन बस्तियों से निकलने वाले सीवेज को साफ करना शुरू कर दिया है, जो यमुना में जाकर मिलता है। विशेषज्ञों की मानें तो अगर इस मॉडल को दिल्ली की सभी मलिन बस्तियों में लागू कर दिया जाए, तो यमुना को साफ करने में काफी हद तक कामयाबी पाई जा सकती है।

दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या सीवेजः यमुना नदी की कुल लंबाई लगभग 1,376 किलोमीटर है लेकिन उसमें मिलने वाले कुल प्रदूषण का 70त्न हिस्सा केवल दिल्ली से आता है। दिल्ली के भीतर बहने वाला लगभग 22 किलोमीटर लंबा हिस्सा यमुना का सबसे ज़्यादा प्रदूषित भाग है।

दिल्ली जल बोर्ड और सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट (2023) के अनुसार, दिल्ली 720 मिलियन गैलन प्रतिदिन सीवेज उत्पन्न करती है। लेकिन इसके शोधन की क्षमता लगभग 597 मिलियन गैलन प्रतिदिन ही है। वास्तविकता यह है कि चालू स्थिति में सिर्फ़ 514 मिलियन गैलन प्रतिदिन सीवेज ट्रीट होता है। यानी लगभग 200 मिलियन गैलन प्रतिदिन से अधिक सीवेज बिना शुद्धिकरण के सीधे यमुना में चला जाता है। दिल्ली में कुल 35 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट हैं, लेकिन इनमें से 50% अपनी क्षमता से कम काम कर रहे हैं।

दिल्ली अर्बन शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में 1,800 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियाँ और लगभग 750 मलिन बस्तियाँ हैं, जिनसे निकलने वाला सीवेज केंद्रीकृत सीवर नेटवर्क से जुड़ा ही नहीं है। इसका मतलब है कि बड़ी योजनाएँ और एसटीपी लगाने के बावजूद, जब तक इन बस्तियों और कॉलोनियों को ध्यान में रखकर विकेंद्रीकृत समाधान नहीं अपनाया जाएगा, तब तक यमुना को साफ़ करना संभव नहीं है।

छोटे प्रयास, बड़ा असरः दिल्ली के वसंत विहार इलाके के शिवा कैंप में सेंटर फ़ॉर अरबन एंड रेज़ीलिएंस एक्सिलेंस एनजीओ बहुत प्रभावी है। क्योरने यहाँ डिसेंट्रलाइज़्डवेस्टवाटर ट्रीटमेंट सिस्टम लगाया है। यह सिस्टम इंटरसेप्टिक टैंक और बायो-रेमेडिएशन तकनीक पर काम करता है।बस्ती से निकलने वाला सीवेज पहले इंटरसेप्टिक टैंक में जमा होता है, जहाँ भारी गाद और ठोस अपशिष्ट बैठ जाते हैं। इसके बाद यह पानी एक बायो-फिल्टर यूनिट से गुजरता है, जिसमें प्राकृतिक बैक्टीरिया, पौधे और बायो मीडिया गंदगी को तोड़कर साफ़ कर देते हैं। अंत में पानी इतना साफ़ हो जाता है कि उसका उपयोग सिंचाई, ग्राउंडवॉटर रिचार्ज या सामुदायिक उपयोग में किया जा सकता है।

**इस मॉडल के फायदे:-** सीवेज को यमुना तक पहुँचने से पहले ही रोक दिया जाता है। महंगे एसटीपी और बड़े ड्रेनेज नेटवर्क पर निर्भरता कम होती है।स्थानीय स्तर पर रोज़गार और सामुदायिक भागीदारी बढ़ती है। बस्ती में स्वास्थ्य और स्वच्छता की स्थिति सुधरती है।

दिल्ली के वसंत विहार इलाका स्थित शिवा कैंप, एक छोटी मलिन बस्ती है, जहाँ करीब 105 घर और लगभग 735 लोग रहते हैं। यहां काम कर रहे एक एनजीओ क्योर ने एक इंटरसेप्टिक टैंक लगाया, जो बस्ती से निकलने वाले सीवेज को साफ़ करता है।

सिर्फ छह महीनों में इस मॉडल ने बस्ती की तस्वीर बदल दी। अब यहाँ मच्छर और गंदगी जनित बीमारियाँ कम हो गईं। लोगों का स्वास्थ्य बेहतर हुआ और आय में सुधार हुआ। अब बस्ती के लोग खुद मानते हैं कि बीमारी पर होने वाला खर्च कम हुआ है।

यहाँ के राजू प्रधान, जो अघोषित तौर पर इस बस्ती के कर्ताधर्ता हैं, कहते हैं कि यहाँ गंदगी इतनी होती थी कि पहले यहाँ कूड़े वाली गाड़ी नहीं आती थी, लेकिन बाद में जब यहाँ एनजीओ वालों ने सफ़ाई की अलख जगाई, तब यहाँ पर इतनी सफ़ाई हो गई कि अब कूड़े वालों को यहाँ आने में भी कोई दिक्कत नहीं होती है। वे कहते हैं कि यहाँ हर चीज में तीन माह में ही फ़र्क दिखने लगा।

वहीं, यहाँ के एक निवासी बृजमणि कहती हैं कि यहाँ गंदगी के कारण लोगों के सिर में दर्द की शिकायत रहती थी, जबकि कई लोग माइग्रेन और त्वचा से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थे, लेकिन यहाँ सफ़ाई व्यवस्था ठीक होने के कारण सब अच्छा हो गया और अब परेशानियाँ भी काफी कम हो गई है।

जबकि, आरती कहती हैं कि पहले मच्छर और मक्खियों की भरमार रहती थी लेकिन अब सफ़ाई होने के यहाँ गंदगी बहुत कम हो गई है। टायलेट की भी व्यवस्था काफी अच्छी है। मुस्कान कहती हैं कि अब रिश्तेदार भी यहाँ की सफ़ाई की तारीफ़ करते हैं। पहले रिश्तेदारों को बुलाने में शर्म महसूस होती थी, क्योंकि यहाँ काफी गंदगी रहती थी, लेकिन अब यहाँ पर कोई भी आ जाए, हमें कोई दिक्कत नहीं होती है।

असल में देखा जाए तो यमुना की सफाई काफी हद तक छोटे-छोटे प्रयासों में छिपी है। दिल्ली अर्बन शेल्टरइंप्रूवमेंट बोर्ड और डीडीए के अनुसार, दिल्ली में करीब 750 मलिन बस्तियाँ हैं, जिनमें 3.5 लाख परिवार और 30 लाख से अधिक लोग रहते हैं। यदि शिवा कैंप जैसा मॉडल हर बस्ती में लागू किया जाए तो यमुना में गिरने वाला अनट्रीटेड सीवेज कम हो सकता है। जल प्रदूषण में भारी गिरावट आ सकती है और यमुना को पुनर्जीवित करने का सपना साकार हो सकता है।

क्यों ज़रूरी है विकेंद्रीकृत मॉडलः दिल्ली की 750 मलिन बस्तियों में से अधिकांश केंद्रीकृत सीवर नेटवर्क से जुड़ ही नहीं सकतीं क्योंकि वे नदी किनारे, रेलवे लाइन और सरकारी भूमि पर बसी हैं। इन बस्तियों का सीवेज सीधे नालोंके ज़रिए यमुना में चला जाता है। अगर हर बस्ती में क्योर जैसा डिसेंट्रलाइज़्ड वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम लगाया जाए, तो प्रतिदिन लगभग 100-120 MGD सीवेज यमुना में जाने से रोका जा सकता है। यह बड़े प्रयासों की तुलना में सस्ता, तेज़ और स्थानीय समाधान है।

यमुना को बचाना केवल तकनीकी चुनौती नहीं बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामाजिक भागीदारी का मामला है। अरबों रुपये खर्च करने के बावजूद सरकारी योजनाएँ नाकाम रहीं, जबकि एक छोटे से एनजीओ का प्रयोग दिखाता है कि बदलाव संभव है। अब सरकारों को चाहिए कि वह मलिन बस्तियों और अनधिकृत कॉलोनियों में विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट मॉडल लागू करे। एनजीओ को शामिल करते हुए जनभागीदारी सुनिश्चित करे। सीवेज डेटा और ग्राउंड-लेवल मॉनिटरिंग को पारदर्शी बनाया जाए। यमुना खुद को पुनर्जीवित कर सकती है, बस ज़रूरत है ईमानदार प्रयास की और यह कोविड लॉकडाउन ने साबित कर दिया। अब ज़रूरत है कि हम प्रदूषण के स्रोतों को रोकें और छोटे-छोटे प्रयासों को बड़े पैमाने पर लागू करें।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*



**असल में देखा जाए तो यमुना की सफाई काफी हद तक छोटे-छोटे प्रयासों में छिपी है। दिल्ली अर्बन शेल्टरइंप्रूवमेंट बोर्ड और डीडीए के अनुसार, दिल्ली में करीब 750 मलिन बस्तियाँ हैं, जिनमें 3.5 लाख परिवार और 30 लाख से अधिक लोग रहते हैं। यदि शिवा कैंप जैसा मॉडल हर बस्ती में लागू किया जाए तो यमुना में गिरने वाला अनट्रीटेड सीवेज कम हो सकता है। जल प्रदूषण में भारी गिरावट आ सकती है और यमुना को पुनर्जीवित करने का सपना साकार हो सकता है। क्यों ज़रूरी है विकेंद्रीकृत मॉडलः दिल्ली की 750 मलिन बस्तियों में से अधिकांश केंद्रीकृत सीवर नेटवर्क से जुड़ ही नहीं सकतीं क्योंकि वे नदी किनारे, रेलवे लाइन और सरकारी भूमि पर बसी हैं। इन बस्तियों का सीवेज सीधे नालोंके ज़रिए यमुना में चला जाता है। अगर हर बस्ती में क्योर जैसा डिसेंट्रलाइज़्ड वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम लगाया जाए, तो प्रतिदिन लगभग 100–120 स्र्क्ष सीवेज यमुना में जाने से रोका जा सकता है। यह बड़े प्रयासों की तुलना में सस्ता, तेज़ और स्थानीय समाधान है। यमुना को बचाना केवल तकनीकी चुनौती नहीं बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामाजिक भागीदारी का मामला है। अरबों रुपये खर्च करने के बावजूद सरकारी योजनाएँ नाकाम रहीं, जबकि एक छोटे से एनजीओ का प्रयोग दिखाता है कि बदलाव संभव है।**

विचार

# इस्लामिक साम्राज्यवाद के विरुद्ध उठ खड़ी हुई सभ्यता

*प्रणय विक्रम सिंह*



ईरान में आज जो घट रहा है, वह किसी एक मुल्क की सियासी हलचल नहीं, यह इतिहास की छाती पर उठती हुई एक सभ्यतागत बगावत है। यह उस पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है, जिसे यह समझा दिया गया था कि मजहबी सत्ता ढांचे हमेशा के लिए समाजों की आत्मा पर कब्जा कर सकते हैं। नहीं, जब किसी कौम की तारीख, तहजीब और इंसानी आजादी को कुचला जाता है, तो इन्कलाब लाजिमी हो जाता है।

ईरान आज इस इन्कलाब की अग्रिम चौकी है। दशकों तक जिस इस्लामवादी सत्ता-व्यवस्था ने शरीयत, डर और वैचारिक निगरानी से जिंदगियों को जकड़े रखा, वही आज अपने ही अवाम की जागी हुई चेतना से घिर चुकी है। यह बगावत हमें यह याद दिलाती है कि किसी भी क़ौम का डीएनए मिटाया नहीं जा सकता। ईरान का डीएनए पर्शिया है। साइरस की सहिष्णुता, जरतुस्त्र की नैतिक ज्वाला और अवेस्ता की रूह हर कोने में समाई है। अरब से आई इस्लामवादी सत्ता-रचना ने इस पहचान पर परदे डाले, प्रतीकों को बदला, स्मृतियों को हाशिए पर धकेला मगर उसे बुझा नहीं सकी। आज वही भूली-बिसरी स्मृति फिर दहक रही है। अफगानिस्तान से लेकर मिस्र और यूरोप तक सवाल गूंज रहा है कि क्या मजहबी पहचान सभ्यतागत पहचान से बड़ी हो सकती है?

इस्लामवादी साम्राज्यवाद ने पर्शिया को ईरान बनाया और इस बदलाव में केवल नाम नहीं बदला, एक सभ्यता को परदे के पीछे धकेल दिया गया। पर्शिया वह धरती थी जहां नैतिकता, सहिष्णुता और मानवीय गरिमा राज्य-दृष्टि का आधार थीं। सत्ता-रूप में उभरी मजहबी विचारधारा ने इस प्राचीन पहचान को पूर्व-इस्लामी कहकर संदिग्ध बनाया। भाषा बदली, प्रतीक बदले, इतिहास की किताबों से स्मृति छीनी गई। आज ईरान की सड़कों पर उठती आग उसी दबाई गई पर्शियन आत्मा की पुकार है कि हम वही हैं जो थे। हमारी रूह को नाम बदल कर मिटाया नहीं जा सकता।

दरअसल, इस्लामी साम्राज्यवाद की बर्बरता उसकी आस्था, उसके सत्ता-रूप में दिखाई देती है। इतिहास गवाह है कि जब मजहब तलवार बनकर सभ्यताओं पर टूटा, तब नगर उजड़े, पुस्तकालय जले, मंदिर-प्रतिमाएं तोड़ी गईं, भाषाएं हाशिये पर डाली गईं और स्त्रियों की देह को नियंत्रण का मैदान बनाया गया। इनके द्वारा विविधता को कुफ्र, स्मृति को जाहिलियत और असहमति को बगावत कहकर कुचला गया। इस साम्राज्यवादी विस्तार ने संवाद नहीं, दहशत रची, आस्था नहीं, आज्ञाकारिता मांगी और न्याय नहीं, अधीनता थोपी। इतिहास गवाह है कि मजहबी अंधड़ ने इंसान से उसकी जड़ें, उसकी भाषा, उसकी कला और उसकी गरिमा छीनने की कोशिश की और वहीं से प्रतिरोध की नैतिक जरूरत जन्मी।

यहां यह समझना जरूरी है कि इस्लामवाद यानी मजहब का सत्ता-रूप अक्सर सभ्यता से टकराता है। उसकी भाषा द्वैत रचती है काफ़िर और मोमिन, दारुल-इस्लाम और दारुल-हरब। इस दृष्टि में स्थानीय परंपराएं, स्त्री की स्वतंत्रता, कला, स्मृति और विविधता संदेह के घेरे में आ जाती हैं। जहां यह वैचारिक कठोरता सत्ता बनती है, वहां इंसान अपनी जड़ों से काटा जाता है। यह धर्म नहीं विचारधारा का कब्जा है। इसीलिए जब ईरान की बेटियां सरे-आम बुर्क़ा जलाती हैं, तो वे कपड़ा नहीं डर और नियंत्रण को आग लगाती हैं।

वस्तुतः यह केवल स्त्री-अधिकार का एलान नहीं, यह उस देह पर थोपे गए मजहबी पहरे के खिलाफ खुली बगावत है। तेहरान की यह लपटें काबुल, कराची और गाजा तक जमीरों को झकझोर रही हैं। और जब शेर और अग्नि वाला पुराना फारसी झंडा फिर से उठता है, तो वह अरब-केंद्रित इस्लामवादी पहचान के विरुद्ध सभ्यता की चुनौती बन जाता है। वह तुर्की, मध्य एशिया और उत्तर अफ्रीका तक फैले समाजों को उनकी-उनकी भूली हुई सभ्यताओं की याद दिला रहा है।

यह जंग किसी आस्था से नहीं इस्लामवादी अधिनायकवाद से है। यह ऐलान है कि मजहब निजी है, मगर सभ्यता जनता की। और जब कोई मजहबी सत्ता सभ्यता को निगलने बढ़े, तो रहम नहीं बगावत उसका जवाब होती है। ऐसे में आज ईरान केवल एक देश नहीं, एक दर्पण बन चुका है और दुनिया उसके सामने खड़ी दर्शक। इस दर्पण में हर समाज अपनी शक्ल देख सकता है, कहीं दबाई गई स्मृतियां, कहीं कुचली गई अस्मिताएं, कहीं थोपे गए मजहबी पहरे। सवाल यह नहीं कि ईरान में क्या हो रहा है! सवाल यह है कि दुनिया उस प्रतिबिंब को देखकर क्या करेगी? नजर चुराएगी या सच स्वीकार करेगी। क्योंकि जब कोई सभ्यता अपने भीतर झांक लेती है, तब इतिहास दर्शक नहीं रहता, भागीदार बन जाता है। ईरान की यह आग इसलिए महज तेहरान की नहीं यह वैश्विक जमीर की दहकती मशाल है।

**(लेखक, स्तम्भकार हैं।)**

साहित्य



## जिंदगी


**श्याम सिंह बिष्ट**

धूप-छांव भरी यह जिंदगी
रचती नित्य दिन यह खेल निराले
कोई बेबस खुद से ही
किन्हीं के हाथों में रोज मधु भरे प्याले

चल रहे हैं जी रहे हैं
इंसान यहां खुद से ही लड़कर
कोई खुश अपनों की ही बातों से
कोई मोहताज यहां दो वक्त के निवालों से

है बड़ी कशमकश-ऐ जिंदगी
तेरी इस बे - दौड़ की
कभी तू हमसे खफा
कभी उलझी ही रह जाती यह जिंदगी
तेरे इन अनगिनत सवालों से।





## राशिफल

**मेषः-** पुराने गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनाएं। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृषभः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न गंवाएं। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्कः-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंहः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुलाः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय व्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

वृश्चिकः- नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

**धनुः-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट पहुंच सकता है।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप का कारण बन सकता है।

**मीनः-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# वैश्विक दबावों से परे भारत की आर्थिक उड़ान

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

अमेरिका के लाख दबाव के बाद भी भारत की आर्थिक ग्रोथ होना बताता है कि हम सही दिशा में हैं। वस्तुतः ये दुनिया के उन तमाम देशों के लिए भी मूक संदेश है कि कभी एक या सीमित देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, लाख असहमति के बाद भी दुनिया में एक साथ अनेक मित्र बनाए जा सकते हैं, संतुलित मित्रता, बहुआयामी साझेदारी और आत्मनिर्भरता ही भविष्य का रास्ता है, जिसका आज भारत सशक्त उदाहरण है। क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था ने यह साफ कर दिया है कि वह किसी एक देश या बाजार पर निर्भर नहीं है। इसलिए ही अमेरिका सहित वैश्विक शक्तियों के दबावों के बावजूद भारत ने निर्यात, उत्पादन और सेवाओं के क्षेत्र में आज मजबूती दिखाई है।

वाणिज्य मंत्रालय के ताजा आंकड़े इस आत्मविश्वास की ठोस तस्वीर पेश करते हैं। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच भारत का कुल निर्यात, जिसमें माल और सेवाएं दोनों शामिल हैं, 634.26 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 607.93 बिलियन डॉलर के मुकाबले 4.33 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। इसी तरह से अप्रैल से दिसंबर 2025 के दौरान माल निर्यात 330.29 बिलियन डॉलर तक पहुंचा, यह भी 322.41 बिलियन डॉलर पिछले वर्ष की तुलना से 2.44 प्रतिशत अधिक है। विशेष रूप से गैर पेट्रोलियम निर्यात का 288.16 बिलियन डॉलर तक पहुंचना और 5.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करना यह दर्शाता है कि भारत ऊर्जा आयात पर निर्भरता घटाते हुए विविध क्षेत्रों में मजबूती बना रहा है।

दिसंबर 2025 में ही माल निर्यात 38.51 बिलियन डॉलर रहा, जोकि इससे एक वर्ष पूर्व 2024 के दिसंबर के आंकड़े से बेहतर है। इस बीच हमें इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में तेज उछाल देखने को मिला, जहां यह 3.57 बिलियन डॉलर से बढ़कर 4.17 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। फार्मा सेक्टर ने अपनी विश्वसनीयता बनाए रखते हुए स्थिर वृद्धि दर्ज की है। इंजीनियरिंग गुड्स और समुद्री उत्पादों ने भी निरंतर मांग के दम पर मजबूती दिखाई देती है। कहना होगा ऐसे सकारात्मक वातावरण में खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित निर्यात भी पीछे नहीं रहे। मीट, डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों में आई वृद्धि दर्शाती है कि ग्रामीण भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का अहम हिस्सा बन चुका है।

देखने में आ रहा है कि जहां माल निर्यात उत्पादन क्षमता को दर्शाता है, वहीं सेवाओं का निर्यात भारत की बौद्धिक और तकनीकी शक्ति का प्रमाण है। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच सेवाओं का अनुमानित निर्यात 6.46 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 303.97 बिलियन डॉलर रहा है। आईटी, सॉफ्टवेयर और बिजनेस सर्विसेज ने यह सुनिश्चित किया कि वैश्विक मंदी के संकेतों के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। हालांकि दिसंबर 2025 में कुल निर्यात में हल्की गिरावट जरूर दर्ज की गई, किंतु सेवाओं का निर्यात 35.50 बिलियन डॉलर पर स्थिर रहा। यही वह क्षेत्र है जिसने ट्रेड बैलेंस को संभालने में निर्णायक भूमिका निभाई। ऐसे में 151.74 बिलियन डॉलर का ट्रेड सरप्लस यह दिखाता है कि भारत इस वक्त आयात आधारित अर्थव्यवस्था नहीं रही है, यह निर्यात प्रेरित विकास मॉडल की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

यहां समझने के लिए यह भी है कि भारत की निर्यात सफलता का एक बड़ा कारण उसका बदला हुआ वैश्विक दृष्टिकोण है। वह आज किसी एक देश पर निर्भर नहीं रह कर सभी के साथ अपने मित्रवत संबंध बनाने में सफल दिखता है। तमाम असहमतियों के बीच भी अमेरिका के साथ मजबूत व्यापारिक रिश्ते उसके बने ही हुए हैं। साथ ही एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका में भी अपने बाजारों का विस्तार किया है। चीन को निर्यात में दर्ज की गई तेज वृद्धि यह दर्शाती है कि यहां भी राजनीतिक असहमति के बावजूद आर्थिक संवाद और व्यापारिक संभावनाएं खुली रखी जा सकती हैं।

यूएई, मलेशिया, स्पेन और हॉन्गकॉन्ग जैसे बाजारों में भारतीय उत्पादों की बढ़ती मांग इस बात का प्रमाण है कि एक दुनिया, अनेक मित्र की नीति व्यावहारिक और लाभकारी भी है। यह रणनीति वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत को जोखिमों से बचाती है और नए अवसरों के द्वार खोलती है। हालांकि यह सच भी है कि आयात में वृद्धि होने के बाद भी मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट एक चुनौती बना हुआ है। किंतु इसे कमजोरी के रूप में देखने के बजाय संक्रमणकालीन चरण के रूप में समझना अधिक उचित होगा। क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर, मशीनरी और कच्चे माल का आयात भविष्य की उत्पादन क्षमता को मजबूत करने का आधार है। दूसरी ओर सोना और कुछ गैर जरूरी आयातों में आई कमी यह बताती है कि नीतिगत स्तर पर संतुलन साधने की कोशिशें जारी हैं।

कहना यही होगा कि मोदी सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं, मुक्त व्यापार समझौते और लॉजिस्टिक्स सुधार आने वाले वर्षों में भारत के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले हैं। लक्ष्य पूरी तरह स्पष्ट है कि भारत को एक सफल वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस हब बनाया जाना है, जिसके लिए जमीन पर अनेक कार्य होते हुए आज दिखाई दे रहे हैं।

वस्तुतः आज किसान, कारीगर, स्टार्टअप संस्थापक और आईटी पेशेवर, हर वर्ग यह महसूस कर रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था सही दिशा में बढ़ रही है। आज विश्व स्तर के तमाम दबावों के बीच भी सकारात्मक ग्रोथ बनाए रखना इस बात का प्रमाण है कि भारत ने आत्मनिर्भरता और वैश्विक सहयोग के बीच संतुलन साधने का अपने में हुनर पा लिया है। ऐसे में साल 2025 का यह निर्यात प्रदर्शन उस भविष्य की झलक है जहां भारत आत्मविश्वास के साथ कह सकता है कि हम अब आत्मनिर्भर हैं, हम दुनिया के साथ हैं और अपनी शर्तों पर आगे बढ़ रहे हैं। यही नया भारत है और यही उसकी आर्थिक उड़ान की आज की सफलतम कहानी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# रोड पर बेतरतीब चलने वाले ऑटो रिक्शा चालकों ने अधिवक्ता पर किया हमला

## जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों वकील कोतवाली पहुंचकर की कार्रवाई की मांग

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में टोल प्लाजा विवाद का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि शहर की कानून-व्यवस्था को चुनौती देता एक और गंभीर प्रकरण सामने आ गया। पल्हरी चौराहा पर ई-रिक्शा व ऑटो चालकों द्वारा एक जूनियर अधिवक्ता पर किए गए जानलेवा हमले से अधिवक्ता समाज में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को जूनियर अधिवक्ता मोहम्मद आसिफ अपने घर से कचहरी जा रहे थे। पल्हरी चौराहा पर उन्होंने एक ऑटो चालक से साइड देने को कहा, जिस पर ऑटो चालक ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उनका कॉलर पकड़ लिया। आरोप है कि कुछ ही देर में 10 से 12 ऑटो चालक मौके पर एकत्र हो गए और सभी ने मिलकर मोहम्मद आसिफ के साथ लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। हमलावरों ने मारपीट के दौरान उनके गले से सोने की चेन और हाथ से अंगूठी भी छीन ली। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए दो ऑटो चालकों को हिरासत में ले लिया। घायल अधिवक्ता ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी। घटना की जानकारी मिलते ही बाराबंकी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता कोतवाली नगर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने क्षेत्राधिकारी संगम सिंह से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। क्षेत्राधिकारी ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा शेष आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिससे पीड़ित जूनियर अधिवक्ता को न्याय मिल सके।

कोतवाली परिसर में देर तक अधिवक्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास जैदी, राहुल मिश्रा, कमलेश चंद शर्मा, सुजीत कुमार पासवान, रामराज यादव, हर्षित सिंह, रोहित कुमार, आदर्श श्रीवास्तव अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं पूर्व सभासद मौजूद रहे।

# बीमारी से तंग आकर युवती ने की आत्महत्या

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के चन्दौंई मजरे इब्राहिमाबाद में मंगलवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 22 वर्षीय युवती निशा ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार निशा लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद तनाव में थी। इसी पीड़ा के चलते उसने घर की छत पर लगे कुंडे से रस्सी के सहारे लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों का कहना है कि निशा स्वभाव से शांत और संवेदनशील थी, लेकिन बीमारी के कारण वह अंदर ही अंदर टूटती जा रही थी।

# बिजली चोरी चेक करने गई टीम, मकान मालिक ने नहीं खोला दरवाजा, हुई तकरार



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को बिजली की चोरी की सूचना पर बिजनेस टीम के साथ, जैदपुर के जेई एस डीओ द्वारा कस्बे के रईस कटरा निवासी मिसबाउर्रहमान के घर पर चेकिंग के दौरान घर मालिक ने अपने घर का गेट नहीं खोला, नाराज़ विभागीय लोगों ने सीढी के सहारे छज्जे पर बंधे केबिल मे बाईपास होने के दावे किये है जबकि विभाग के लोगों ने बिजली के कनेक्शन को भी काट दिया है। ज्ञात हो कि शुक्रवार को मोहल्ला रईस कटरा में बिजली विभाग जैदपुर और बिजनेस टीम ने मिस्बाउर्रहमान के घर पर चेकिंग करने पहुंचे जहां मकान का गेट न खोलने को लेकर मकान मालिक व विभागीय लोगों में काफी देर तक तकरार होती रही, और आखिर मकान का गेट नहीं खोला गया जबकि मीटर आज तक इनके घर के अंदर लगा है, ऐसे में विभाग द्वारा सीढी के सहारे छज्जे पर बांधी केबिल में कटिया लगा होने के दावे भी विभाग के लोगों ने किये है,वहीं मकान मालिक मिस्बाह ने घर में कोई न होने की बात कह रहे हैं। इस संबंध में जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन ने बताया कि चेकिंग में बाइपास होने के साथ मौजूद मकान मालिक ने दरवाजा नहीं खोला, जिसपर विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# पूर्व विधायक अशर्फीलाल यादव की श्रद्धापूर्वक मनाई गई 11वीं पुण्यतिथि

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** अशर्फीलाल यादव जनता मांटेसरी स्कूल बदोसराय में समाजवादी चिंतक और पूर्व विधायक स्वर्गीय मास्टर अशर्फीलाल यादव की 11 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह 'गोप', राकेश कुमार वर्मा, फरीद महफूज किदवई और पूर्व विधायक राम गोपाल रावत सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। स्वर्गीय अशर्फीलाल यादव के पुत्र और जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने अपने पिता के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह 'गोप' ने कहा कि मास्टर साहब को सच्ची श्रद्धांजलि आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की सभी सीटों पर समाजवादी विधायकों को जिताकर दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर इस लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया। 'गोप' ने यह भी बताया कि मास्टर साहब हमेशा शोषितों, दलितों, नौजवानों और किसानों के हितों की बात करते थे।पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मास्टर साहब को गरीबों का मसीहा माना जाता था। उन्होंने हमेशा वंचितों के लिए संघर्ष किया और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी।इस अवसर पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, राजा रितेश कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, पूर्व एमएलसी राजेश कुमार यादव, अजय कुमार बबलू, सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह ,मिथिलेश तिवारी, रामराज यादव, विकास यादव और सरताज चौधरी सहित कई अन्य नेताओं ने भी सभा को संबोधित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में राजस्व, प्रवर्तन व भूमि अर्जन से जुड़े कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

- प्रत्येक नगर निकाय में सप्ताह में एक दिन अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान के निर्देश
- अवैध खनन, अनधिकृत प्लॉटिंग व सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध सतत प्रवर्तन पर जोर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजस्व, प्रवर्तन एवं भूमि अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति, प्रवर्तन कार्यवाहियों तथा भूमि अर्जन से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्टों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक नगर निकाय में सप्ताह में कम से कम एक दिन अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए तथा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में अवैध खनन एवं अनुमति से अधिक खनन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि शहर एवं नगरीय क्षेत्रों के आसपास अवैध रूप से विकसित की जा रही प्लॉटिंग के विरुद्ध सतत प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराई जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।इसके साथ ही सभी नगर निकायों को सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नियमित अभियान चलाने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में भूमि अर्जन से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग में शेष बची परिसंपत्तियों एवं भूमियों का अर्जन शीघ्रता के साथ पूर्ण किया जाए। साथ ही देवा-फतेहपुर मार्ग में शेष बची भूमि का क्रय कर शीघ्र कब्जा प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में कोई बाधा न आए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राज कुमार जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रामनगर गुंजिता अग्रवाल,जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सिरौली गौसपुर तेजस के0 सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नेताजी की जयंती पर होगा ब्लैकआउट व मॉक ड्रिल का आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को ब्लैकआउट एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शाम 6 बजे नई पुलिस लाइन, गौरीगंज में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की स्थिति को दर्शाया जाएगा। सायरन बजते ही सभी लोगों को जमीन पर लेटने तथा खुले स्थानों पर मौजूद लोगों को निकटतम सुरक्षित भूमिगत स्थानों में जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान समस्त यातायात रोक दिया जाएगा और विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। साथ ही इनवर्टर, जनरेटर एवं मोबाइल फोन के उपयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस दौरान आग लगने, लोगों के घायल होने अथवा मृत्यु जैसी परिस्थितियों का भी अभ्यास कराया जाएगा। स्वयंसेवकों एवं स्वास्थ्य विभाग की मदद से घायलों को अस्पताल भेजकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त दूरसंचार एवं विद्युत व्यवस्था को बहाल कराया जाएगा। इस संपूर्ण अभ्यास में आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, नगर पालिका, होमगार्ड, स्वयंसेवक, एनसीसी सहित सभी विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि आम जनमानस में इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि सायरन बजने पर लोग घबराएं नहीं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### उत्पीड़न मामलों को लेकर महिला आयोग अध्यक्ष ने की जनसुनवाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न सहित अन्य गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान कुल 10 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न मामलों में सहायता राशि, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, महिला पेंशन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान व छात्रवृत्ति योजना, स्वास्थ्य विभाग की टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व लाभ योजना, आयुष्मान कार्ड योजना तथा दिव्यांगजन कल्याण विभाग की पेंशन एवं कृत्रिम अंग/उपकरण वितरण योजना की भी समीक्षा की गई। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि टैक्सी, ऑटो व स्कूली बसों में चालक का नाम व मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित कराया जाए।

# दो किलो एक सौ ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के अन्तर्गत शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल संख्या यूपी 44 बीके 0816 सवार 2 अभियुक्त पवन कुमार यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी पिलाई मजरा निमडी थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या व हरिश्चन्द्र यादव पुत्र रामअवध यादव निवासी महुली थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से कुल 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जरुरतमंदों को बांटे गए कंबल



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के लक्ष्मी वस्त्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गरीबों और असहाय लोगों को कम्बल व वस्त्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के आयोजक सतीश कुमार गुप्ता (बबलू) एवं उनके पुत्र कृष्णा गुप्ता अनुराधा गुप्ता शांभवी गुप्ता व उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, महेश सोनी ,अप्पू शर्मा, शिवम गुप्ता, शिव शक्ति मानव सेवा समिति के अध्यक्ष रवि मुरारका पारुल गुप्ता प्रतीक शर्मा रौनक सिंह मां पार्वती सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल जी गौरव सोनी वरुण सोनी शिवेंद्र गुप्ता दीपक गुप्ता आदर्श बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

# गिर रही है रिश्तों की गरिमा, दूषित मानसिकता की भेंट चढ़ी महिला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली में एक महिला की घर के भीतर मुहं दबाकर हत्या किये जाने का मामला सामने आया है। हत्या का आरोप प्रतापगढ़ ज़िलें में उसी के गांव निवासी युवक पर लगा है। परिजनों ने आरोपी युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। मामला शहर कोतवाली इलाके के बस्तेपुर का है। यहाँ प्रतापगढ़ के रहने वाले प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पत्नी तनु और एक आठ वर्षीय बेटी के साथ रहते हैं। आज सुबह पति अपने स्कूल और बेटी अपने स्कूल गई तब मृतका तनु घर में अकेली थी। उसी दौरान किसी समय उसके गांव का रहने वाला वैभव तिवारी घर पर आया था। बताया जा रहा है कि वैभव तिवारी एक ही गांव का होने के नाते अक्सर तनु के यहाँ आता जाता था। संभव है कि पड़ोसियों ने आज भी जाते देखा हो लेकिन बराबर आने जाने के कारण किसी को शक न हुआ हो। प्रत्यक्षदरशियों का कहना है कि पड़ोसियों ने घर में शोर शराबा सुनकर शिक्षक को सूचित किया। शिक्षक ने अपने मित्र ओम प्रकाश को बताया तो वह घर पर पहुंचे तो वहां आलमारी खुली थी और ज्वेलरी वगैरह वहीँ बिखरी पड़ी थी। पास में ही तनु का शव पड़ा था। उतने में ही आरोपी भी कमरे से निकल कर भागने की कोशिश करने लगा जिसे पड़ोसियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शिव शंकर सिंह का कहना है कि मुहं दबाकर हत्या हुई है। मृतका और आरोपी एक ही गांव के हैं। आरोपी हिरासत में है जिससे पूछताछ की जा रही है।

# बेकाबू हाइड्रा की टक्कर से ई-रिक्शा चालक सहित दो महिलाएं घायल





**लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**

नगर के डलमऊ रोड पर मनोज धर्म कांटा के पास शुक्रवार को एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और बेकाबू हाइड्रा ने सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक सहित दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद वाहन पास की एक गुमटी से जा टकराया। उसी गुमटी के पास बैठकर धूप सेक रही दो महिलाएं भी हादसे की चपेट में आ गई। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी और चीख पुकार मच गई। संत नगर मोहल्ला निवासी ई-रिक्शा चालक श्याम बाबू सड़क किनारे ई-रिक्शा खड़ा कर सवारियों का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान डलमऊ की ओर जा रहा हाइड्रा अचानक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार धक्के से पास की बेंच पर बैठी मोहल्ले की शीला और रानी यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा चालक को हिरासत में ले लिया।

लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है। हाइड्रा चालक को हिरासत में लिया गया है। हाइड्रा पुलिस के कब्जे में है।

# अधिवक्ता के साथ मारपीट के दोषियों पर रासुका लगाने की मांग

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अधिवक्ता के साथ टोल प्लाजा पर हुई मारपीट की घटना में दोषियों पर कड़ी कार्वाई को लेकर नाराज अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

सलोन लायर्स बार एसोसिएशन सलोन तहसील द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नयाब तहसीलदार सलोन को देकर मांग किया कि जनपद बाराबंकी के हैदरगढ़ के टोल प्लाजा पर अधिवक्ता के साथ की गई बर्बरता पूर्वक मारपीट में सम्मिलित दोषी टोलकर्मियों के विरुद्ध रासुका के अंतर्गत कार्यवाही किए जाने की मांग की।उत्तर प्रदेश के सभी टोलों पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाने की मांग की गई।

इस मौके पर अध्यक्ष विनय त्रिपाठी,अध्यक्ष श्रीनाथ भारती, संरक्षक राजीव द्विवेदी, महामंत्री पवन श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, मिडिया प्रभारी रामानुज पांडेय,पूर्व अध्यक्ष लालता प्रसाद यादव आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला की अब तक की गयी तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला की अब तक की गयी तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 84 कोसीय परिक्रमा एवं पंचकोसीय परिक्रमा पड़ाव के मार्गो का दुरूस्तीकरण कराया जाये एवं जहां पर सड़क पैचिंग का कार्य होना है, वहां पर कार्य प्रारम्भ किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये गये कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कराया जाये। उन्होंने संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव में पड़ने वाले मार्गों की झाड़ियों की साफ-सफाई अवश्य करा दी जाये एवं जहां-जहां अवैध अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न हो रही है, ऐसे में अतिक्रमण को हटवाये जाने की कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों पर बैरीकेटिंग, साफ-सफाई, शौचालय, रंगाई-पुताई आदि के कार्य होने हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये एवं जिन स्थानों पर साइजेन लगाये जाने हैं, उनको भी लगवा दिया जाये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत के जर्जर हुये तारों को बदलवानें की कार्यवाही की जाये तथा जहां पर तार नीचे लटक रहे हैं, उनके लिये उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाये तथा विद्युत के खम्भों को सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध किये जायें। पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परिक्रमा के दौरान मॉस एवं मदिरा की दुकानें पूर्णतया बन्द रखी जायें, इसके लिये विशेष प्रबंध सुनिश्चित किये जायें।

# डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के निर्धारण के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार समस्त आयोजन सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजनमानस सभी आयोजनों में बढ़चढ़कर प्रतिभाग करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी पार्कों, प्रतिमाओं/मूर्तियों के आस-पास के स्थलों एवं अन्य सभी आयोजन स्थलों की सफाई व्यवस्था समय सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होंने बैठक के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर कार्यक्रम की रूप-रेखा आवश्यकतानुसार संशोधित किये जाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ परम्परागत ढंग से मनाया जायेगा। इस अवसर पर 25 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों से अपेक्षा की कि गणतंत्र दिवस की गरिमा के अनुसार इस अवसर पर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया जाये। समस्त शिक्षण संस्थाओं, कार्यालयों एवं अन्य निर्धारित स्थलों में भी इस अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास भी बताया जाये और सशस्त्र सैन्यबलों के बलिदान को नमन करते हुए देश भक्तों के जीवन के प्रेरक प्रसंग दोहराये जायें, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस एक महत्वपूर्ण एवं राष्ट्रीय पर्व है इस कार्यक्रम में बच्चे, बूढ़े, नौजवान सभी बढ़ चढ़कर भाग लें और समारोह के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराएं।

# विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक का किया गया आयोजन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।** सिधौली तहसील क्षेत्र के बाड़ी गांव में स्थित एक कालेज में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह ने जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त एसओपी में 21 बिंदुओ को पूर्णतः लागू करने तथा विद्यालयों में प्रपत्रों के रख-रखाव तथा छात्र उपस्थिति बढ़ाने, एमडीएम के सुचारू रूप से चलने, एसएमसी और पीटीएम बैठकों के व्यवस्थित आयोजन एवं सार्थकता पर चर्चा की।बीईओ द्वारा समस्त प्रधानाध्यापकों से अभिभावकों की बैठक कर विद्यार्थियों के यूनिफॉर्म में आने के लिए प्रेरित करने की भी बात कही।

# भगवान बुद्ध ने पूरी दुनिया को दिया शांति का संदेश

- नेपाल से आए बौद्ध पर्यटकों का आत्मीय स्वागत
- आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक है गौतम बुद्ध का संदेश



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तथागत गौतम बुद्ध विहार जनकल्याण सेवा समिति, कमालपुर की ओर से नेपाल से आए बौद्ध पर्यटकों का सौरिख तिराहा पर पारंपरिक एवं आत्मीय ढंग से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा आगंतुक पर्यटकों के सम्मान में भोजनदान कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं बौद्ध समाज के लोग शामिल हुए। बुद्ध वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बौद्ध पर्यटकों को पुष्पमाला व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा के दर्शन कर बुद्ध के शांति, करुणामैत्री और अहिंसा के संदेश को आत्मसात किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने धंम्पपट्टिका व धम्म पगड़ी पहनाकर सभी का स्वागत करते हुए कहा कि तथागत गौतम बुद्ध का संदेश आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक है। ऐसे आयोजनों से भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। समिति के सचिव रामेंद्र कुमार ने कहा कि जनकल्याण सेवा समिति का उद्देश्य समाज में भाईचारे, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। उपसचिव राजेश बौद्ध ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर देश-विदेश से आने वाले बौद्ध श्रद्धालुओं को सम्मान दिया जाता रहेगा। अंत में समिति की ओर से सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करके बुद्ध के शांति संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में पंकज शाक्य, अनिल शाक्य, अश्वनी यादव, दीपक शाक्य,आदित्य विक्रम सिंह, मीरा शाक्य, मीना , पूजा शाक्य, निशा विकास बौद्ध, ब्रजेश, विकास शाक्य, शिवप्रताप एडवोकेट सहित समिति के अन्य सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# गौमाता के प्रति करुणा, समर्पण और मानवता का दिया संदेश

- सेवा और संकल्प के साथ मनाया दिवंगत गौ सेवक प्रणव पांडेय का जन्मदिन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जन्मदिन को केक व मोमबत्तियों से अलग, सेवा और संकल्प में बदलते हुए ग्राम लडैता गौशाला में एक भावनात्मक और प्रेरक दृश्य देखने को मिला। गौ सेवक रंजीत पांडेय के बड़े बेटे दिवंगत गौ सेवक प्रणव पांडेय की स्मृति में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में गौ माता के प्रति करुणा, समर्पण और मानवता का संदेश दिया गया। दिवंगत गौ सेवक प्रणव पांडेय पूर्व में भी नियमित रूप से लडैता गौशाला जाकर गौ सेवा में सक्रिय रहते थे। कार्यक्रम का आयोजन उनके छोटे भाई गौ सेवक कृष्णा पांडेय ने किया। इस अवसर पर गौशाला में गायों को केला, गुड़ और गजक खिलाई गई। गौ सेवक प्रणव पांडेय का मानना था कि ÷गौ सेवा सिर्फ धर्म नहीं, मानवता की सबसे बड़ी पूजा है।÷ आज उसी विचार को आगे बढ़ाते हुए गौ सेवा के कार्य को निरंतर विस्तार दिया जा रहा है। आयोजक ने भावुक शब्दों में कहा कि भले ही वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका प्रेम, उनकी सोच और गौ माता के प्रति करुणा हर कदम पर मार्गदर्शन करती है। इस सेवा कार्य में सेवाभावी के पिता गौ सेवक रंजीत पांडेय (राष्ट्रीय संयोजक, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना - गौ रक्षा प्रकल्प), अंशुल राठौर, रामकिशोर दुबे, पप्पू चौहान, अंशु सक्सेना (जिला संयोजक), दिव्यांशु सक्सेना, सनी सक्सेना, अरुण राजपूत, जय पंडित, धीरू कुमार, गौरव कुमार, कृष्ण ठाकुर, सानू राठौर एवं देव कुमार सहित अन्य गौ सेवक उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा अभियान में छात्राओं ने ली शपथ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान की गई। महाविद्यालय के हिंदी प्रवक्ता डॉ. अनुपम मिश्र ने 30 छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई, जिसमें उन्होंने सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट का उपयोग और यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी सड़क सुरक्षा डॉ. भोजराज रिह, अंग्रेजी प्रवक्ता ने छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, बचाव उपायों और आपातकालीन सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जोर दिया कि जागरूकता ही सड़क हादसों को रोकने का सबसे मजबूत हथियार है। यह आयोजन छात्राओं में सुरक्षा के प्रति उत्साह जगाने में सफल रहा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पवन सिंह चौहान ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बताई।

# संसार में इंसान के दिलों में जगह बनाना कठिन : अमित यादव

- बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में विद्यालय संस्थापक सदस्य की मनाई गई चौथी पुण्यतिथि



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

इस संसार में पैसा कमाना बड़ा आसान है लेकिन किसी इंसान के दिलों में जगह बनाना बड़ा कठिन है। विद्यालय के संस्थापक सदस्य तथा क्षेत्र में डॉक्टर साहब के नाम से प्रसिद्ध डॉ. अनिल कुमार ने हमेशा पैसों से ज्यादा इंसान को महत्व दिया और उनके दुःख सुख में हमेशा साथ खड़े रहे। आज के ही दिन वे हम सब को छोड़ गये थे, हम सभी उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि ऐसे महापुरूषों को ईश्वर अपने चरणों में स्थान दे। शुक्रवार को यह बात बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज तेराजाकेट के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। विद्यालय के संस्थापक सदस्य एवं तेराजाकेट चौराहा स्थित कुमार मेडिकल स्टोर के संचालक रहे डॉ. अनिल कुमार की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा को नया आयाम देने के लिए इस विद्यालय की स्थापना में अपना पूर्ण योगदान देने वाले डॉक्टर साहब हमें गरीबों व असहायों का साथ देते रहे। क्षेत्र में शिक्षा के महत्व में ध्यान में रखकर उन्होंने इस विद्यालय की नींव डलवाई और गरीब बच्चों का निशुल्क प्रवेश कराया। इससे पहले प्रधानाचार्य एवं उनके पुत्र अतुल कुमार ने संयुक्त रूप से संस्थापक सदस्य के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किये और नमन किया। इस मौके पर शिक्षक विकास कुमार, ओमेन्द्र सिंह, सरनाम सिंह, राशिद खान, फूल मोहम्मद, दुर्गेश दुबे, रिषभ तिवारी, एजाज सिद्दीकी, धीरेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, संदीप कुमार, रंजीत कुमार, अमन यादव, सचिन कुमार, शिक्षिका अल्का दुबे, सीमा सिंह, आरती राजपूत, संजू यादव, प्रेमा राजपूत, सौम्या, श्रुति, मुस्कान इदरीसी सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

# जन जागृति फाउंडेशन ने जरूरतमंदों में वितरित किए कंबल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम रौतामई में जन जागृति फाउंडेशन के तत्वावधान में 22 महिलाओं को कंबल एवं 10 बच्चों को गर्म कपड़े कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि के मुख्य आतिथ्य में वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने फाउंडेशन के पदाधिकारियों की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता अनुसार मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इसके अलावा फाउंडेशन के अध्यक्ष बृजराज कश्यप, संरक्षक आशुतोष कश्यप, विशिष्ट अतिथि राजेश मिश्रा, विवेक दुबे, एडवोकेट मिथिलेश भारती, ललित कटियार सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किए। देवेंद्र यादव देव के संचालन में हुए कार्यक्रम में अजय कश्यप, गौरव कश्यप, वर्षा, आदर्श यादव, अशोक, अनिल दिवाकर, अंकित कटियार, शिवसंत कश्यप, राजीव कुशवाहा, गौरव कश्यप सहित काफी संख्या में महिलाएं पुरुष तथा बच्चे मौजूद रहे।

# मित्रता का अनुपम उदाहरण है कृष्ण-सुदामा का प्रेम

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




शनि मंदिर अस्पताल रोड पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में अंतिम दिवस आचार्य पंडित हरिओम दास ने भक्तों को सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कृष्ण और सुदामा का प्रेम मित्रता और निस्वार्थ भक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कृष्ण-रुक्मिणी विवाह एवं परीक्षित मोह की कथाओं से सभी को भावविभोर कर दिया। आचार्य श्री ने सुदामा चरित्र की कथा में कहा गरीब ब्राह्मण सुदामा, कृष्ण के बाल सखा, पत्नी के प्रोत्साहन पर थोड़े से चावल लेकर द्वारका पहुंचे। कृष्ण ने राजसी स्वागत किया, पुरानी यादें ताजा कीं। सुदामा ने उपहार न देकर लज्जा महसूस की, किंतु कृष्ण ने चुपके से उनके घर को धन-समृद्धि से भर दिया। यह मित्रता और निस्वार्थ भक्ति का अनुपम उदाहरण है। अंत में परीक्षित मोह का प्रसंग सुनाते हुए कहा राजा परीक्षित को तक्षक नाग के डसने से सात दिनों में मृत्यु का श्राप मिला। शुकदेव जी ने भागवत कथा सुनाई। छह दिन बाद भी जीवन मोह से ग्रस्त परीक्षित अंतिम दिन मोक्ष प्राप्ति के साथ शांत हो गए, जो मृत्यु भय पर विजय का संदेश देता है। इस अवसर पर आयोजक डॉ मयंक सक्सेना एडवोकेट के बड़े भाई बैकुंठ नाथ सक्सेना एडवोकेट ने आचार्य श्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा जिस तरह भागीरथ पूर्वजों को तृप्त करने के लिए गंगा जी को धरती पर लाए थे उसी तरह जिले में एकमात्र वकालत में डॉक्टरेट डिग्री प्राप्त छोटे भाई मयंक सक्सेना एडवोकेट ने भागवत कथा का आयोजन करके हमारे पूर्वजों को तृप्त करने का कार्य किया है। कथा में परीक्षित का दायित्व एडवोकेट डॉ. मयंक सक्सेना एवं उनकी पत्नी गीता सक्सेना ने निभाया।

## खबरें एक नजर में

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के एसडीएम ने दिए निर्देश

**छिबरामऊ, कन्नौज।** 196 छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है, जिसके संदर्भ में उपजिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने आदेश जारी किया है। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को निर्देशित किया है कि वे 17 जनवरी (शनिवार), 18 जनवरी (रविवार), 31 जनवरी (शनिवार) तथा 1 फरवरी (रविवार) को अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहें। इन दिनों बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) तथा आम जनता की मौजूदगी में आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जाएगा। साथ ही मतदाताओं से दावे व आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, फोटोग्राफ लिए जाएंगे और मतदाता सूची वाचन का कार्यवृत तैयार किया जाएगा। सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### माघ माह में प्रत्येक शनिवार को होगा सामाजिक समरसता भोज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाज में प्रेम सद्भाव सौहार्द के लिए शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में प्रत्येक शनिवार को माघ माह में दोपहर 12 बजे से समरसता खिचड़ी भोज का कार्यक्रम होगा। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि सभी श्रद्धालु जन शनिदेव की कृपा प्राप्त करने के लिए शक्तिपीठ गमा देवी में दोपहर 12 बजे समरसता प्रसाद ग्रहण करने के लिए आधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों।

### घने कोहरे में पिकअप-कंटेनर की भीषण टक्कर, तीन घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र में सुबह घने कोहरे के कारण एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम नगला सदारी के सामने पिकअप वाहन और कंटेनर की आमने–सामने टक्कर हो गई, जिसमें पिकअप पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पिकअप चालक सौरभ कुमार के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि ग्राम करमुल्लापुर निवासी मुकेश कुमार और रामपाल (छोटे) भी बुरी तरह घायल हुए। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों युवक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने छिबरामऊ जा रहे थे। कंटेनर चालक चंदौली से फरीदाबाद जा रहा था और डीजल भरने के लिए रॉन्ग साइड से हाईवे उतरकर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा और कम दृश्यता बताया है। मौके पर पहुंची सिकंदरपुर चौकी पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया।

### लुईस खुर्शीद ने न.पं. अध्यक्ष आसमा बेगम से की मुलाकात



**समधन, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस की लुईस खुर्शीद ने समधन नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम से मुलाकात की यह मुलाकात उनके पति अखलाक हुसैन सिद्दीकी के चार दिन पूर्व हुए निधन के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए शुक्रवार दोपहर बाद उनके आवास पर पहुंची। इस दौरान लुईस खुर्शीद ने आसमा बेगम का हालचाल जाना और उन्होंने सांत्वना दी उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आपके साथ खड़ी थी और आगे भी खड़ी रहेंगी। लुईस खुर्शीद ने अखलाक हुसैन के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कांग्रेस पार्टी काफी क्षति पहुंची है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे, तारिक बसीर, डाक्टर जहीर अहमद, आफाक हुसैन, आकिल हुसैन सिद्दीकी,अयान हुसैन सिद्दीकी,शमशाद खान, जमील खां, अताउल्ला अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाड़े में रखी घास में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**जालौन (उरई)।** मकान के बगल के बाड़े में मूर्ति बनाने के लिए रखी घास में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। नगर क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी राम कुशवाहा व लखन कुशवाहा नवरात्र और गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर मिट्टी और घास की मूर्तियां बनाने का काम करते हैं। यह कार्य काफी पहले से ही शुरू हो जाता है। इसके लिए घर के बगल के बाड़े में काफी घास संग्रहित करके रखी थी। शुक्रवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते अचानक से घास में आग लग गई। घास में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया। आसपास लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन बढ़ती हुई आग को देखकर उन्होंने दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने लगभग आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि बाड़े में अधिक सामान न होने की वजह से बड़ा हादसा टल गया।

# बेजुबानों की सेवा करने वाले युवा हुए सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में महोत्सव समिति के तत्वावधान में चल रहे युवा चेतना सप्ताह के अंतर्गत पांचवें दिन गाय सहित बेजुबान पशुओं की सेवा को समर्पित युवाओं को मानव चेतना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्तवीर के नाम से प्रसिद्ध समाजसेवी रजनीश दुबे ने गौ सेवा एवं निराश्रित पशुओं की सेवा में निरंतर कार्य कर रहे अंशु सक्सेना, कृष्णा पांडेय, सतनाम सिंह, दक्ष दुबे, शानू राठौर, विकास यादव, सनी, दीपांशु, गौरव, अरुण एवं धीरू को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेजुबानों की सेवा मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। आज के युवा जिस संवेदनशीलता और समर्पण के साथ निराश्रितों की सेवा कर रहे हैं, वह समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मानित युवा अंशु राठौर ने कहा कि गौ सेवा और घायल पशुओं की देखभाल करना हमारी मानवीय जिम्मेदारी है। कृष्णा पांडेय ने कहा कि बेजुबान बोल नहीं सकते, लेकिन उनका दर्द समझना ही सच्ची सेवा है।

सतनाम सिंह ने कहा कि लावारिस पशुओं को सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार देना मानव धर्म है। दक्ष दुबे ने कहा कि सेवा कार्य हमें मानसिक शांति और संतोष देता है। शानू राठौर ने कहा कि अब तक सौ से अधिक पशुओं की मदद कर पाना संगठन के लिए गर्व की बात है। संस्थापक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि सूचना मिलने पर इन युवाओं द्वारा घायल गायों, कुत्तों, बंदरों और पक्षियों की सेवा की जाती है और लावारिस स्थिति में मृत्यु होने पर विधिविधान से दफन भी किया जाता है। सतेंद्र सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में विशाल, छोटू, शुभम, उत्कर्ष आदि मौजूद रहे।

## पैदल हज यात्रा कर रहे कामरान का जोरदार स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पिछले साल पैदल अजमेर शरीफ का सफर तय करने के बाद 7 दिन पूर्व पैदल हज यात्रा करने का मजबूत इरादा लेकर सफर को निकले मोहम्मद कामरान का नगर में पहुंचते ही जोरदार स्वागत किया गया। उन्नाव क्षेत्र के तालिब सराय निवासी 28 वर्षीय मो. कामरान एलएलबी के छात्र और एडवोकेट मेराजुद्दीन के पुत्र हैं। उन्होंने मक्का–मदीना तक पैदल हज यात्रा का साहसी संकल्प लिया है। पिछले एक वर्ष से इस कठिन सफर की तैयारी कर रहे कामरान ने शारीरिक दृढ़ता के लिए रोजाना 10 से 15 किलोमीटर पैदल चलने का अभ्यास किया। इससे पूर्व जून–जुलाई में उन्होंने उन्नाव से अजमेर शरीफ तक की पैदल यात्रा मात्र 22 दिनों में सफलतापूर्वक पूरी की थी, जिसने उनके हौसले को और मजबूत किया। करीब 7 दिन पहले उन्होंने अपनी ऐतिहासिक पैदल हज यात्रा शुरू की। इस दौरान वे भारत से निकलकर अफगानिस्तान, ईरान, इराक, कुवैत होते हुए सऊदी अरब पहुंचेंगे। प्रतिदिन लगभग 25 से 30 किलोमीटर चलने की योजना के साथ यह सफर पूरा करने में एक वर्ष से अधिक समय लगने का अनुमान है। शुक्रवार को नगर में पहुंचते ही स्थानीय लोगों ने उनके इस जज्बे की खूब सराहना की तथा फूलमाला पहनकर जोरदार स्वागत किया और उनके लिए दुआएं की। शनिवार की सुबह अपने सफ़र पर निकलने की बात कहते हुए रात नगर में ही रुके।

# धूमधाम से मनाएं गणतंत्र दिवस, समय पर करें ध्वजारोहण




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आगामी उत्तर प्रदेश दिवस (24 जनवरी), राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) एवं गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2026) के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रम शासन की गाइडलाइन के अनुरूप भव्य, गरिमामय एवं जनसहभागिता के साथ आयोजित किए जाएं। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर समस्त शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, चिकित्सालयों, प्रमुख मार्गों व चौराहों की समय से साफ- सफाई तथा स्वच्छ व अक्षत राष्ट्रीय ध्वज के सही समय पर ध्वजारोहण के निर्देश दिए। शहीद स्मारकों व महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई व माल्यार्पण कराने को कहा। विद्यालयों में खेल प्रतियोगिताएं, मैराथन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक व कवि सम्मेलन तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा क्रॉस कंट्री रेस आयोजित कराने के निर्देश दिए गए। चिकित्सालयों में मरीजों को फल-मिष्ठान वितरण, नगर निकायों में विशेष स्वच्छता अभियान व सौंदर्यीकरण, वृद्धाश्रमों व गौशालाओं में कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश भी दिए गए।

डीएम ने सभी विभागों को अपनी विकास योजनाओं से संबंधित झांकियां, स्टॉल व प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही आईजीआरएस संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण तथा सुबह 10 बजे कार्यालयों में जनसुनवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी सहित अन्य अधिकारी रहे।

# टायर फटने से पांच व्यक्तियों पर चढ़ा ट्रक, तीन की मौत

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

एट थाना क्षेत्र में एनएचएआई-27 पर ग्राम जखौली के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। प्याज से भरा एक ट्रक अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पांच व्यक्तियों पर चढ़ गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उपचार के उपरांत दोनों घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्वयं ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क पर बिखरी प्याज की बोरियों को हटवाया। ट्रक से प्याज की बोरियां हाइवे पर फैल जाने के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे प्रशासनिक प्रयासों से लगभग 20 मिनट में सामान्य कर दिया गया। हादसे में मृतकों की पहचान माया देवी (46 वर्ष) पत्नी अनंतराम, निवासी जखौली तथा लौंगश्री (45 वर्ष) पत्नी बलबान, निवासी उसरगांव, कालपी के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है, अनुमान लगाया जा रहा है कि वह ट्रक चालक हो सकता है।

## पुलिया से बाइक टकराने से चालक की मौत

**जालौन,उरई।** बंगरा मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बाइक पुलिया से टकरा गई। पुलिया से बाइक टकराने के घायल हुए बाइक चालक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी विनोद कुमार शिवहरे (58) बृहस्पतिवार की शाम बाइक लेकर किसी काम के चलते जालौन आए थे। रात में खरीदारी कर देर रात करीब साढ़े नौ बजे वह बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब वह सुढ़ार सालाबाद के आगे बंगरा मार्ग पर स्थित पेट्रोल के पास स्थित पुलिया पर पहुंचे तभी सामने से आ रहे वाहन की लाइट में वह पुलिया को नहीं देख सके और उनकी बाइक पुलिया से टकरा गई। पुलिया से टकराकर वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी जब छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी को मिली तो वह मौके पर पहुंच गए।

## हार-जीत की बाजी लगाते छह जुआरी पकड़े

**जालौन,उरई।** औरैया मार्ग पर हुल्की माता मंदिर के पास हार जीत की बाजी लगा रहे छह लोगों को चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से 10240 रुपये नकद व ताश की गड्डी बरामद की है। चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को सूचना मिली कि औरैया मार्ग पर मोहल्ला दलालनपुरा में हुल्की माता मंदिर के पास कुछ हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही हार जीत की बाजी लगा रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से हरीपुरा निवासी रवि कुमार, सहावनाका निवासी धर्मराज, दलालनपुरा निवासी चंद्रेश एवं चिमनदुबे निवासी दीपक कुमार, अजीत व छोटेलालको पकड़ लिया।

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ. आरके मिश्रा ने असहाय लोगों को खिलाया खाना

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**



सामाजिक जीवन में हर किसी की अपनी-अपनी संवेदनायें होती है जो उनके जीवन जीने की शैली का हिस्सा बन जाती है। आज के अर्थ प्रधान व्यस्ततम समय में यदि लोग अपने जीवन को ही सामाजिक दायित्व के प्रति जोड़कर कुछ अलग करने का प्रयास करते हैं तो निश्चित ही यह समूचे समाज के लिये एक प्रेरणादायी पहल कही जा सकती है। इसीक्रम में नगर के हुल्की माता मंदिर में पूजा अर्चना कर जरूरतमंदों को भोजन भी कराया। यहां जनपद के वरिष्ठ पत्रकार डा. आरके मिश्रा ने अपनी धर्मपत्नी स्व. शशि मिश्रा की पुण्य तिथि को भी समाज के जरूरतमंद, असहाय लोगों की सेवा करने के प्रति समर्पित कर दिया। उनके इस सामाजिक कार्य में उनके परिवार के लोग भी पूरी संवेदनशीलता के साथ इस स्वस्थ्य परंपरा का निर्वहन करने में सहभागी रहे। इस दौरान उन्होंने हुल्की माता मंदिर में ऐसे जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया। लेकिन इतना साफ है कि समाज को इस तरह की स्वस्थ्य परंपरायें इसकी समृद्धि और खुशहाली की सूचक बन रही है। बताते चलें कि आज के ही दिन 16 जनवरी को वरिष्ठ पत्रकार डा. आरके मिश्रा की धर्मपत्नी हमेशा के लिये दुनिया को छोड़कर चली गयी थी जिनकी स्मृति में वह सामाजिक स्तर पर जरूरतमंदों और असहाय लोगों की मदद करने का संकल्प लिया और इस दिन को उनकी सेवा करने में समर्पित कर दिया वह पिछले 5 वर्षों से जरूरतमंद और असहाय लोगों को भोजन कराकर अपनी धर्मपत्नी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर इस परंपरा को विरासत के तौर पर अपनी जिम्मेदारी महसूस करते हुये अपनाया है। वरिष्ठ पत्रकार डा. आरके मिश्रा के इस कार्य को उनकी बेटियां आरती शुक्ला, पूजा द्विवेदी व दामाद निखिल शुक्ला, नितिन द्विवेदी सहित अन्य रिश्तेदारों ने भी सहभागिता कर इस स्वस्थ्य परंपरा को सामाजिक चेतना बनाने की दिशा में अग्रसर है जो कि पूरे समाज के लिये प्रेरणादायक कहा जा सकता है।

## बाइक में टक्कर मारकर कार सवार मौके से भागा

**जालौन (उरई)।** सब्जी मंडी स्थित मिठाई की दुकान पर मिठाई लेने गए युवक की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारकर कार सवार मौके से भाग निकला। राहगीरों ने घायल बाइक सवार को सीएचसी में भर्ती कराया। छोटे भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी ऋषभ गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके बड़े भाई अंकित गुप्ता बृहस्पतिवार की शाम बाइक लेकर सब्जी मंडी के पास स्थित मिठाई की दुकान से मिठाई खरीदने के लिए गए थे। जब वह सब्जी मंडी पहुंचे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर भाई की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में भाई सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। मौका पाकर कार चालक कार लेकर मौके से भाग गया। सब्जी मंडी में मौजूद लोगों ने बेहोश भाई को सीएचसी में भर्ती कराया है। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** दहेज उत्पीड़न के मामले में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। कोंच कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी अब्दुल शहीद दहेज उत्पीड़न के मामले में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। शुक्रवार की सुबह कोतवाली में तैनात एसआई उमेशचंद्र को सूचना मिली कि वारंटी अपने मोहल्ले में ही टहल रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वारंटी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

**NOTICE**

My Adhar card is registered My Name SANJEEV s/o HETRAM, Which my educational records in my name is ragestered NARENDRA s/o HETRAM. SANJEEV and HETRAM both my name. So correct in ADHAR CARD my name SANJEEV TO NARENDRA. NARENDRA s/o HETRAM R/o: DURGA NAGAR, Tirwa Dist. Kannauj (UP)

# कोहरे के कारण अनियंत्रित ट्रक दुकानों में घुसा, कई दुकानदार घायल

▸ घटना से गुस्साये दुकानदारों ने लगाया जाम, दो को बनाया बंधक
▸ थानाध्यक्ष/नगर पंचायत अध्यक्ष ने समझा बुझाकर खुलवाया जाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घने कोहरे के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर दुकानों में जा घुसा। जिससे तीन दुकानदार घायल हो गये, जबकि पांच दुकानें क्षतिग्रस्त हो गयीं। घटना से गुस्साये दुकानदारों ने ट्रक में मौजूद दो लोगों को बंधक बना लिया तथा सड़क पर पेड़ की टहनियां आदि डालकर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे थानाध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया।

पुलिस चालक समेत दो लोगों को पकड़कर थाने ले गयी। दुकानदार हर्जाना देने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल ट्रक मालिक को सूचना दे दी गयी है। वह मौके पर नहीं पहुंचा था। समाचार लिखे जाने तक दो लोग हिरासत में हैं। ज्यादा घायल दुकानदार बबलू को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को घना कोहरा था। अलीगंज की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव उम्मरपुर में किशनपाल की परचून व अड्डे की दुकान, बबलू की दुकान के अलावा कुतुबुद्दीनपुर निवासी अवधेश यादव की मिठाई की दुकान, उम्मरपुर निवासी सुनील कुमार की परचून व सब्जी, दिलीप कुमार की चाट पकौड़ी की दुकान की दुकान में जा घुसा। जिससे करीब पांच दुकानें क्षतिग्रस्त हो गयीं। जिससे बबलू गंभीर रुप से घायल हो गये, जबकि अन्य दुकानदार अवधेश, सुनील कुमार व उनका छोटा भाई रतिभान मामूली रुप से घायल हुए। घटना से गुस्साये दुकानदारों ने ट्रक पर मौजूद दो लोगों को बंधक बना लिया तथा मौके पर पेड़ की टहनियां आदि डालकर जाम लगा दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 व 112 पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस ने घायल बबलू को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया, जबकि रतिभान को एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जाम की सूचना पाकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार, एसआई रामसिंह के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों को काफी समझाया। इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस से जमकर नोकझोंक हुई। करीब दो घंटे तक चली वार्ता के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। वहीं पुलिस ट्रक में सवार दो लोगों को अपने साथ थाने ले गयी। ग्रामीणों ने पुलिस व नगर पंचायत अध्यक्ष से मुआवजे की मांग की। पुलिस ने मुआवजा दिलाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष का कहना था कि ट्रक मालिक को बुलाया गया है। उसके आने के बाद मुआवजे की बात की जायेगी। बताया जा रहा है कि ट्रक लोडिंग करने नवाबगंज की तरफ जा रहा था। इस घटना में एक बिजली का पोल भी टूटा गया तथा समेलपुर निवासी रामनिवास की मोटरसाइकिल भी कुचल गयी। पुलिस ने जेसीबी को बुलाकर ट्रक निकलवाने का प्रयास किया।



दुकानों में घुसा ट्रक — मौके पर मौजूद लोगों को समझाते थानाध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष

## भूमाफियाओं से त्रस्त पीड़ित सिटी मजिस्ट्रेट की शरण में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भूमाफियाओं से त्रस्त पीड़ित ने सिटी मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है।
पीड़ित विवेक मिश्रा पुत्र स्व0 कमलेश नरायन मिश्रा निवासीगण दीनदयाल बाग अमेठी कोहना ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी निजी भूमि आराजी संख्या 261, 262, 268 का सम्मिलित खाता है। पीड़िता का किसी व्यक्ति से कोई सम्बन्ध वास्ता नहीं रहा है। पीड़ित की उक्त भूमि पर सख्ती व दबंगई के बल पर अमित यादव व प्रदीप कठेरिया निवासीगण भगुआ नगला व रिजवान निवासी सोता बहादुरपुर जो कि दबंग व भूमाफिया किस्म के व्यक्ति है और सपा सरकार के गुण्डे है इनका पीड़ित की भूमि पर किसी प्रकार का कोई वास्ता नहीं है। उक्त लोग पीड़ित के प्लाट पर जबरिया प्लाटिंग कर रहे हैं व निहास भरवा रहे है। पीड़ित के द्वारा मना करने पर जान से मारने व बच्चों को परेशान करने की धमकी दे रहे हैं और धमकी दी कि हम लोग अवश्य कब्जा करेंगें। पीड़ित अपनी जान बचाकर चला आया। यह लोग जबरिया कब्जा करके प्लाटिंग कर रहे हैं। इनकी 4-5 जगह अबैध प्लाटिंग चल रही है। जिनकी न कोई परमीशन है न ले आउट है। जब इनसे मैंने अपनी जमीन की बात की, तब यह धमकी देने लगे व एस0सी0/एस0टी0 मुकदमें के झूठे मुकदमें में फंसाने की बात कही तथा कहा कि मेरे पास बहुत पैसा है। प्रार्थी ने इस सम्बन्ध में आईo0जी0आर0एस0 माध्यम से शिकयत की परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जब जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने आया तब उन लोगों को जानकारी लग गयी और उन्होने फोन पर जान से मारने व गाली-गालौज किया। इसकी आडियों रिकार्डिंग की पैन ड्राईव संलग्न है।

# मेला श्री रामनगरिया में कल्पवास कर रहे संत की हालात बिगड़ी



संत के दर्शनार्थ मेला क्षेत्र से मौजूद साधु संत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट गंगा तट पर लगे मेला श्री रामनगरिया में पांचवी सीढ़ी के कल्पवास कर रहे जनपद हरदोई निवासी संत की हालत बिगड़ गयी। शिष्य उन्हें लेकर मेला अस्पताल में पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भाई द्वारा उन्हें पांचाल घाट (घटियाघाट) पर आश्रम में भू समाधि दे दी गयी है। जनपद हरदोई के थाना पाली क्षेत्र के ग्राम परलिया निवासी संत मनमोहन गिरी महाराज पांचाल घाट आश्रम पर काफी समय से रह रहे थे। उनके शिष्य रामसागर महाराज ने बताया कि मनमोहन गिरी महाराज ने अपने जीवन का अधिकांश समय आश्रम पर ही बिताया था और वह वर्तमान में माघ मेला श्रीरामनगरिया की पांचवी सीढ़ी के पास कल्पवास कर रहे थे। बताया कि संत मनमोहन गिरी महाराज काफी समय से बीमार चल रहे थे और उनका स्वास्थ्य खराब था। शुक्रवार को उनकी सांस फूलने लगी। जिस पर शिष्य उन्हें मेला श्री रामनगरिया में बनाए गए अस्थाई अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने संत मनमोहन गिरी महाराज को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद ब्रह्मलीन हुए संत के शिष्य उन्हें पांचाल घाट (घटियाघाट) स्थित आश्रम में लेकर पहुंचे। जहां उन्हें भू समाधि देने के लिए स्थल पर खुदाई शुरू कर दी गयी और संत के दर्शनार्थ मेला क्षेत्र से बड़ी संख्या में साधु संत और कल्पवासी आश्रम में पहुंचे।

जिसके बाद ब्रह्मलीन हुए संत मनमोहन गिरी महाराज को भू समाधि से दी गई।

## गैंगेस्टर के मामले में दो सगे भाइयों को आठ-आठ वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने नागेंद्र सिंह, जसवीर सिंह पुत्रगण बहादुर सिंह निवासीगण रोहिला मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आठ-आठ वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते 29 वर्षों पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद के तत्कालीन प्रभारी महेश चंद्र चतुर्वेदी ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 गैंगेस्टर एक्ट के तहत नागेंद्र, जसवीर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश दीपेंद्र कुमार सिंह ने नागेंद्र, जसवीर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आठ-आठ वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# जिला गंगा समिति के तत्वाधान में मेला रामनगरिया में गंगा गोष्ठी सम्पन्न

▸ अपनी संस्कृति, अपना पर्यावरण को बचाने का प्रयास करना चाहिए: महंत ईश्वरदास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद युवा व अन्य

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में मेला श्रीरामनगरिया के सांस्कृतिक पंडाल में गंगा गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महन्त ईश्वरदास महाराज ने की। कार्यक्रम में गंगा ग्राम से आये युवाओं एवं अन्य युवाओं ने प्रतिभाग किया। युवाओं ने नुक्कड़ नाटक, नृत्य, गीत एवं भाषण के माध्यम से गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने कहा कि आधुनिक युग में हम सभी आगे बढ़ रहे हैं परंतु कहीं न कहीं हम प्रकृति का दोहन कर रहे हैं। हम सभी प्रतिदिन कई माध्यमों से प्रदूषण का उत्पादन करते हैं। जिसके जरिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। हम सभी को प्रयास करना चाहिए कि ऐसा उपयोग करना चाहिए जिससे प्रदूषण कम हो। महंत ईश्वरदास महाराज ने जागरूक करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति, अपना पर्यावरण को बचाने का प्रयास करना चाहिए। हमें अपने जल, जंगल, जमीन को संरक्षित करना चाहिए। अपनी आने वाली पीढ़ी को भी इसके लिए शिक्षित करना चाहिए।

कार्यक्रम में राष्ट्रपति सम्मान से पुरस्कृत भारती मिश्रा, जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी, जिला गंगा विचार मंच के संयोजक भूपेंद्र प्रताप सिंह, पर्यावरण सहायक गुंजा जैन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कार किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी दीप्ति वत्स, प्रशिक्षक रोहित दीक्षित, जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। कार्यक्रम में गंगा योद्धा दीक्षा दीक्षित, सुमित कुमार, मीना कटियार, दिव्या, अस्मित, घनश्याम, वैभव, विकास ने सहयोग किया।

## खबरें एक नजर में

### पॉक्सो व छेड़छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश मेराज अहमद ने मल्लू सिंह उर्फ सुबेक पुत्र मनोज निवासी हरिहरपुर राजेपुर को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व तीन हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। बीते पांच वर्ष पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के वादिनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 13 जनवरी को मेरी पुत्री समय करीब पांच बजे शाम को भैंस को चारा डालने व पानी पिलाने के लिए गई थी, तभी मल्लू ने हाथ पकड़कर गंदी हरकत करने लगाष। लड़की के चिल्लाने पर गांव के काफी लोग आ गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने मल्लू सिंह को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में तीन वर्ष का कारावास व तीन हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### तीन अभियुक्त कार, तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा रात्रि गश्त व वाहन चेकिंग के दौरान बैगनआर कार में सवार तीन व्यक्तियों को 03 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस व 01 मिस कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया है। दिनांक 15.01.2026 की रात्रि को थाना मऊदरवाजा पुलिस रात्रि में गश्त व चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक बैगनआर कार में तीन व्यक्ति अवैध तमंचों व कारतूस के साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम सौरभ पुत्र सुभाषचंद्र निवासी ग्राम बरौन थाना मऊदरवाजा, मनु कुमार उर्फ अशोक कुमार पुत्र योगेश कुमार निवासी ग्राम बरौन थाना मऊदरवाजा, श्लोक पुत्र सुरेशचंद्र निवासी ग्राम बरौन थाना मऊदरवाजा बताया। उपरोक्त लोगों के पास से 03 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस व 01 मिस कारतूस 315 बोर बरामद हुए। पुलिस ने उपरोक्त बैगनआर कार को 207 एम.वी. एक्ट में सीज कर दिया तथा थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया।

### रामनगरिया मेले में लगी भीषण आग, साधु की झोपड़ी जली



संत की जली झोपड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद ढाईघाट गंगा तट पर लगे मेला रामनगरिया में साधु संत कल्पवास कर रहे हैं। बाबा धर्मदास निवासी गांव महोटा थाना गढ़िया रंगीन जनपद शाहजहांपुर कल्पवास करने गंगा तट ढाई घाट शमशाबाद आए हुए है। दूध गर्म करते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने पूरी झोपड़ी को अपने आगोस में ले लिया। वहीं पर दूसरा गैस सिलेंडर भरा हुआ रखा होने पर उसने भी आग पकड़ ली। आग की सूचना मेले में जैसे ही फैली वैसे ही ढाईघाट पर लगे मेला रामनगरिया में भगदड़ और अफरा तफरी मच गई। वहीं झोपड़ी से कुछ दूरी पर अग्निशमन वाहन खड़ा था। जैसे ही दमकलकर्मियों को आग की सूचना मिली, तो वह मौके पर पहुंचे। तब तक आग ने पूरी झोपड़ी जलक राख हो चुकी थी। बाबा धर्मदास ने बताया कि हम सिलेंडर पर दूध गर्म कर रहे थे और अचानक आग लग गई। जिसमे लगभग 20,000 की नगदी अन्य कीमती वस्त्र, खाने पीने का सामान, राशन सामग्री समेत सभी सामान जलकर राख हो गया। मेला कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज भाटी ने बताया बाबा धर्मदास अपनी झोपड़ी में दूध गर्म कर रहे थे, तभी गैस सिलेंडर लीक हो गया और उनकी झोपड़ी में आग लग गई। आग की सूचना मुझे मिली और मैंने विलंब बना करते हुए तत्काल प्रभाव से जनकल की गाड़ियों को अवगत कराया और घटनास्थल पर बुलाया।

# एसपी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक में मातहतों के कसे पेंच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक एवं सैनिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक व समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना एवं शाखा प्रभारीगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, वांछित/इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध रोकथाम, रात्रि गश्त, जनशिकायत निस्तारण एवं आगामी त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना जनपद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



मातहतों की बैठक लेंती पुलिस अधीक्षक

# फांसी के फंदे पर झूलती मिली सफाईकर्मी की पत्नी, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला भीकमपुरा गढ़ी जान निवासी अनिल की 28 वर्षीय पत्नी सोनम ने घर के कमरे में फंदा लगाकर अपनी जान दी। परिजनों ने सोनम को फंदे से लटका देखा तो चीख पुकार मच गई। बताया गया कि सुबह के समय वह अपनी बेटी को स्कूल छोड़कर आई थी। जिसके बाद यह घटना हुई। सूचना पर थाना प्रभारी अजब सिंह, बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार, कांस्टेबिल सौरभ चौधरी, विनीत चौधरी, अनुज तिवारी, महिला कांस्टेबिल गोल्डी और रेखा सहित पुलिस बल तहसीलदार सनी कनौजिया और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की शादी सात वर्ष पूर्व हुई थी और उसके एक पांच वर्षीय बेटी मानत तथा एक तीन माह का बेटा है। मृतका सोनम कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला कैट कॉलोनी कासिमबाग निवासी मदनलाल की पुत्री थी। उसका विवाह छह वर्ष पूर्व अनिल से हुआ था। सोनम के दो बच्चे हैं। जिनमें दो वर्षीय पुत्री सोना और चार माह का बेटा शामिल है। घटना से पहले सुबह सोनम अपनी पुत्री को कन्हई नगला स्थित स्कूल छोड़कर आई थी।

मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को बताया कि चार माह पहले बेटे के जन्म के बाद से सोनम का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और उसका इलाज चल रहा था। उन्होंने पोस्टमार्टम न कराने की मांग की, लेकिन पुलिस ने नियमानुसार पोस्टमार्टम कराए जाने की बात कही।

पुलिस पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। थानाध्यक्ष अजब सिंह नें बताया की पोस्टमार्टम कराया जा रहा हैं। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।



पंचनामा भरती पुलिस

# उपनिरीक्षक व सिपाही को दस-दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ता के साथ मारपीट कर लूट करने वाले कर्नलगंज के तत्कालीन चौकी इंचार्ज व सुरेन्द्र सिपाही को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र शैलेन्द्र सचान ने दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस-दस वर्ष का कारावास व सत्तर सत्तर हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते आठ वर्षो पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला नेकपुर कला निवासी शैलेन्द्र कुमार शर्मा अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी। जिसमें बताया कि दस जनवरी 2018 को समय करीब नौ बजे शाम दयानंद कटियार, अभिनव कटियार व आशा कटियार ने मेरे साथ मारपीट कर जान से मारने की नियत से फायर किया। जिसकी सूचना देने कर्नलगंज चौकी जा रहा था, तभी रास्ते चौकी इंचार्ज अनिल भदौरिया ने फोन कर कोतवाली फतेहगढ़ बुलाया। जैसे ही कोतवाली पहुंचा, वैसे ही दरोगा गली-गलौज करने लगा। मना करने पर अनिल भदौरिया, सिपाही नवनीत, सुरेन्द्र ने मिलकर लाठी-डंडों व पटा से जानलेवा हमला कर धार्मिक भावना को आहत होकर दरोगा ने चोटी काट दी और जेब से 2200 रूपये व एटीएम कार्ड, सोने की अंगूठी छीन ली और रात भर हवालात में बंद रखा। उक्त घटना तत्कालीन प्रभारी दीपक कुमार के कहने पर हुई। साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय ने अनिल भदौरिया, सुरेन्द्र सिंह, नवनीत, दीपक को तलब कर लिया था। नवनीत, दीपक कुमार की पत्रावली पृथक हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अनिल भदौरिया, सुरेन्द्र सिंह को न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस -दस वर्ष का कारावास व सत्तर-सत्तर हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। कुल अर्थदंड एक लाख चालीस हजार रुपए में से चोटिल शैलेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार उर्फ बड़े, अमित तिवारी को चालीस-चालीस हजार रुपए दिए जाएंगे।



पीड़ित अधिवक्ता

## देवस्थान के पास पड़ी भूमि पर कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव बराबिकू के मजरा गढ़ी निवासी लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण शुक्रवार को तहसील कायमगंज पहुंचकर संयुक्त प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी अतुल कुमार को सौंपकर कार्रवाई की मांग की। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर देवस्थान बना हुआ है। वहीं पर खाली पड़ी भूमि पर गांव के ही राधेश्याम पुत्र अनोखे लाल व बालकराम पुत्र इतवारी लाल कई वर्षों से अस्थाई कब्जा किए हुए हैं। अब कब्जे वाले स्थान पर उक्त दोनों लोग निहास भरने की तैयारी कर रहे हैं। अगर कोई कुछ कहे तो गाली-गलौज और मारपीट एवं धमकी देने लगते हैं। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से दबंगों द्वारा कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीण जवाहरलाल, राम भरोसे, जबर सिंह, रामविलास, रजनेश, राहुल सहित लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे।

## पार्सल वेरिफिकेशन के नाम पर महिला से 8500 की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** ऑनलाइन ठगी का एक नया मामला सामने आया है। कमलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गदनपुर देवराजपुर गांव की एक महिला से जालसाजों ने पार्सल वेरिफिकेशन के नाम पर 8500 ठग लिए। ठगों की हिम्मत इतनी बढ़ गई थी कि उन्होंने अगले दिन फिर 2000 की मांग की। जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। घटना के संबंध में पीड़ित काजल रानी ने बताया कि हाल ही में एक ऑनलाइन सामान ऑर्डर किया था। बुधवार दोपहर करीब 12:50 बजे उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को डिलीवरी बॉय बताया। उसने दावा किया कि पार्सल डिलीवर करने से पहले एक डिजिटल वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। जालसाज ने वेरिफिकेशन के नाम पर 999 रुपये ऑनलाइन जमा करने को कहा और यह आश्वासन दिया कि यह राशि तुरंत वापस मिल जाएगी। पीड़िता ने उसके भेजे गए क्यूआर कोड पर 1000 ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठग ने तकनीकी खराबी का बहाना बनाकर बार-बार ट्रांजेक्शन करने को कहा। रुपये वापस पाने के लालच में पीड़िता जाल में फंसती गई और किस्तों में कुल 8500 गंवा दिए। ठगी यहीं नहीं रुकी। गुरुवार को जालसाज ने दोबारा फोन कर 2000 और मांगे। इस बार महिला को शक हुआ और उसे ठगी का एहसास हो गया। जिसके बाद उसने आगे कोई भुगतान नहीं किया। पीड़िता ने इस संबंध में स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिल गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों का पता लगा लिया जाएगा।

# छुट्टियां खत्म होने के बाद बीईओ ने बुलायी शिक्षकों की बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

छुट्टियां खत्म होने के बाद विद्यालय खुलते ही खंड शिक्षा अधिकारी ने उच्च अधिकारियों के पत्र का संज्ञान लेते ही शिक्षकों की बैठक बुलायी और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर उच्च अधिकारियों के पत्र का संज्ञान लेने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने अमर सिंह राणा ने शिक्षकों की अहम बैठक बुलायी। जिसमें छुट्टियां खत्म होने पर उच्च अधिकारियों ने छात्रों के हितों को देखते हुए पत्र जारी किया। जिसमें बताया गया की सभी शिक्षक अपने विद्यालय में तथा विद्यालय के क्षेत्र में अभिभावकों को जागरुक कर बताएं कि सभी छात्र-छात्राएं स्वेटर, जूता मौजा पहनकर आएं। जिससे कि किसी भी छात्र को सर्दी का सामना न करना पड़े। भीषण सर्दी को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने पत्र भेजकर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी हालत में किसी भी विद्यालय में कोई भी छात्र-छात्रा सर्दी का सामना ना करें और गर्म कपड़े पहनकर विद्यालय में आए। ऐसे ही कई और शिक्षा के बिंदुओं पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने शिक्षकों को मीटिंग बुलाकर निर्देशित किया। इस मौके प्रखंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, प्रधानाध्यापक शालिग्राम गंगवार, अशोक कुमार यादव, आरपी संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, आनंद, रोहित द्विवेदी, प्रवेंद्र सिंह, रामवरन सिंह, शालिनी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।


# पीड़ितों के नगदी रहित उपचार हेतु पुलिस लाइन सभागार में संगोष्ठी

▸ हिट एंड रन योजना तथा राहगीर योजना पर भी परिचर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी हुई। जिसमें जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी तथा थाना अध्यक्ष उपस्थित रहे। संगोष्ठी में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा जिला रोल आउट मैनेजर दीपक कुमार द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

एआरटीओ ने बताया कि सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति के लिए कैशलेस ट्रीटमेंट की सुविधा भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जानी है।



बैठक लेते अपर पुलिस अधीक्षक

जिसके अंतर्गत घायलों को 7 दिन तक के लिए 1.50 लाख तक का इलाज मुफ्त कराया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कैशलैस ट्रीटमेंट की प्रक्रिया के संबंध में पीपीटी के माध्यम से रोल आउट मैनेजर दीपक कुमार द्वारा विवरण प्रस्तुत किया गया। एआरटीओ द्वारा राहवीर योजना की जानकारी देते हुये बताया गया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 21.04.2025 से राहवीर योजना प्रारम्भ की गयी है, जो 31.03.2026 तक प्रभावी रहेगी। इस योजना के अन्तर्गत घातक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के उपरान्त एक घण्टे (गोल्डन ऑवर) के अन्दर अस्पताल पहुंचाने से रू0 25000/- के पुरस्कार का प्राविधान है। घातक दुर्घटना में बड़ी सर्जरी, न्यूनतम तीन दिन अस्पताल में रहना, मस्तिष्क की चोट रीढ़ की हड्डी की चोट एवं इलाज के दौरान घायल की मौत सम्मिलित है। राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से मृतकों की संख्या में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।

एआरटीओ द्वारा बताया गया कि हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों के लिये मुआवजा योजना-02022 के अन्तर्गत अज्ञात वाहन से घटित सड़क दुर्घटना में मृत्यु की दशा में रूपया 2.00 लाख तथा गम्भीर रूप से घायल होने की दशा में रूपया 50 हजार के मुआवजा का प्राविधान है। मुआवजा प्राप्ति हेतु प्रारूप-1 में आवेदन पत्र दुर्घटना स्थल के उप जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष मृतक के वारिस अथवा गम्भीर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता की आधार कार्ड की प्रति, बैंक खाता पासबुक की प्रति, एफआईआर की प्रति, पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रति/इलाज के साक्ष्य तथा प्रारूप-4 में वचनबन्ध संलग्न किया जायेगा। आवेदन में उस अस्पताल चिकित्साधिकारी का नाम लिखा जायेगा जिसने क्षतिग्रस्त/मृत व्यक्ति की देखभाल की। इसके साथ ही दावाकर्ता का नाम व पता आदि आवेदन पत्र में भरा जायेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में हिट एण्ड रन की 109 दुर्घटनायें घटित हुई हैं। जिनमें 89 व्यक्तियों की मृत्यु हुई हैं तथा 81 व्यक्ति घायल हुये हैं।

## दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों पर मारपीट के मामले में दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या सात न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने राजकुमार, राजेश्वर उर्फ राजेंद्र पुत्रगण प्यारे लाल, जितेंद्र पुत्र राजेंद्र निवासीगण दलेलगंज शमशाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।
बीते 15 वर्षों पूर्व थाना शमशाबाद पुलिस को वादिनी रीता ने जुबानी सूचना में बताया कि मेरे जेठ का लड़का बलराम अपने दरवाजे के सामने बैठा था। जिसने गुटखा पुड़िया खाकर थूक दिया। उसी समय राजकुमार की पत्नी निकली और गाली -गलौज करने लगी। इस विवाद को लेकर राजकुमार, राजेश्वर, जितेंद्र के ईट पत्थर चलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर राजकुमार, राजेश्वर, जितेंद्र को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तिथि नियत है।

# गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की सीडीओ ने की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते सीडीओ मौजूद अधिकारीगण

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि प्रातः 07:00 बजे स्टेडियम से कैंट स्थित फायरिंग रेंज तक 05 किमी की क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित की जाएगी। प्रातः 08:30 बजे समस्त सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 09:30 बजे पुलिस लाइन में परेड का आयोजन होगा। प्रातः 10:00 बजे सभी शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 10:30 बजे स्टेडियम से बड़ा चौराहा, कोतवाली, एमआईसी इंटर कॉलेज होते हुए पुनः स्टेडियम तक रूट मार्च आयोजित किया जाएगा। प्रातः 11:00 बजे लोहिया अस्पताल में जिलाधिकारी द्वारा मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। प्रातः 11 से 12 बजे तक कुष्ठ आश्रम में रोगियों को फल वितरित किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे जिला एवं केंद्रीय कारागार में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सीडीओ ने निर्देशित किया कि समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, रंग-रोगन कराते हुए प्रकाश व्यवस्था एवं माल्यार्पण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सभी सरकारी कार्यालयों में साफ-सफाई कराते हुए 25/26 जनवरी की रात्रि में लाइटिंग की व्यवस्था की जाए तथा प्रोटोकॉल के अनुसार ध्वजारोहण किया जाए। 24 से 26 जनवरी 2026 तक ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, पीडीडीआरडीए तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले के मामले में दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने जानलेवा हमले के मामले में बल्लन पुत्र रामखिलाड़ी दीक्षित निवासी बबुरारा नवाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। बीते 15 वर्षों पूर्व थाना नबावगंज क्षेत्र के ग्राम जानकीपुर निवासी फूल सिंह पुत्र गंगासिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि दिनांक 14 जून 2011 को मेरे भाई महेंद्र, अनिवेश अपने खेत में खीरे की फसल की रखवाली कर रहे थे। उसी समय मेरे खेत में अरविंद पंडित, बल्लन पंडित, कल्लन पंडित आए और खेत में बिना पूछे खीरे तोड़ने लगे। जब खीरे तोड़ने से मना किया, तो तब उक्त लोग तमंचे से फायर करने लगे। गोली महेंद्र सिंह के सीने में जा लगी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान अरविंद पंडित, कल्लन पंडित की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने बल्लन पंडित को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लि 17 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।

# कोचिंग क्लास बम धमाके की पुनः जांच व मुआवजे की मांग


जानकारी देता पीड़ित मौजूद अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोचिंग क्लास में बम धमाके के मामले में आरोपियों पर कार्यवाही व आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग को लेकर पीड़ित ने अधिवक्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

थाना मेरापुर के वरखिरिया निवासी विवेक कुमार पुत्र नाहर सिंह ने दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि 4 अक्टूबर को समय करीब 3 बजे शाम को सन क्लासिस कोचिंग में बम विस्फोट हुआ था। जिसमें पुत्र रिदम यादव गंभीर रूप से घायल हुआ था। मैंने अपने पुत्र का इलाज कर्ज लेकर कराया है। क्योंकि आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है। घटना के बाद घटनास्थल पर घायल आकाश सक्सेना ने बयान दिया था कि वह व आकाश कश्यप व एक अन्य लोग सुतली बम लेकर आये थे। जिससे असावधानी के कारण विस्फोट हुआ है। इसके बावजूद प्रशासन ने घटना सेफ्टी टैंक से सम्बंधित दिखा दी है जो गलत है। जबकि मृतक आकाश सक्सेना व आकाश कश्यप के शरीर से पोस्टमार्टम में बारूद के अवशेष पाये गये थे तथा मौका पर भी सुतली बम एवं अन्य सामग्री बरामद हुई है। इसके बावजूद शासन ने घटना पर पर्दा डालते हुये सभी तथ्यों को छिपाकर टैंक ब्लास्ट दिखाया। अभी तक हुई जांच से संतुष्ट नहीं है। क्योंकि मृतक आकाश सक्सेना के मृत्यु से पूर्व के बयान व उससे पूर्व की घटनाओं के साक्ष्य यह साबित करते है कि उक्त घटना वारूदी विस्फोट से हुई है। जिसकी जिम्मेदारी मृतक व मकान मालिक की है। घटना की पुनः जांच कराये जाने व आर्थिक सहायता प्रदान कराये जाने की मांग की।

# प्रत्येक कर्मों का फल मनुष्य को भोगना पड़ता है: चन्द्रदेव शास्त्री



प्रवचन करती साध्वी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के अंतर्गत प्रातःकाल यज्ञ किया गया। यज्ञोपरान्त आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि पाप कर्म से बचने के लिए ईश्वर का सर्वत्र व्यापक मानना अत्यावश्यक है। व्यक्ति पाप कर्म इसलिए करता है क्योंकि वो ये मानता है कि हमें कोई देख नहीं रहा। मनुष्य जो भी कर्म करता है उस कर्म का फल परमात्मा अवश्य देता है। परमात्मा की न्याय व्यवस्था से कोई नहीं बच सकता।

ईश्वर कण-कण में व्यापक होके सभी के कर्मों का यथायोग्य फल देता है। श्रेष्ठ कर्मों का फल सुख और बुरे कर्मों का फल दुख के रूप में प्रत्येक मनुष्य को भोगना ही पड़ता है। धर्मानुकूल आचरण के द्वारा मनुष्य दुखों से बच सकता है। आचार्या दिव्या रामायणी ने भजन के माध्यम से बताया कण कण में बसा प्रभु देख रहा, चाहे पुण्य करो चाहे पाप करो, जहाँ मनुष्य कर्म करने में स्वतंत्र है वहीं फल भोगने में परतंत्र है। फल सुख के रूप में प्राप्त हो इसलिए मनुष्य को वेदानुकूल कर्म करने चाहिए। पण्डित शिवनारायण शास्त्री ने रामकथा के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

पंडित रामवीर आर्य ने वेदोपदेश के द्वारा वेद के बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। स्वामी महेन्द्रानंद ने संचालन किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, मंगलम आर्य, डॉ0 सत्यम आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, उपासना कटियार, उदिता आर्या, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।


स्व. कमलेश तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

## हिन्दू समाज पार्टी ने स्व. कमलेश तिवारी की मनायी जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू समाज पार्टी द्वारा मेला श्रीराम नगरिया पांचाल घाट पर मां गंगा सेवा धाम कैलाश सेवा संस्थान के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन हुआ। सभी ने बलिदानी स्व0 कमलेश तिवारी की जयंती पर नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्व0 कमलेश तिवारी द्वारा हिन्दू हितों में किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला गया। श्रद्धांजलि सभा का प्रारंभ वटुकों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। राष्ट्रीय संरक्षक राजेश मिश्रा, आचार्य प्रदीप नारायन शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी, जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष हिन्दू वाहिनी अनुपम मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सोनू गुप्ता, आदर्श शर्मा, अभिषेक शर्मा, अर्पित पंडित, मोहित दुबे, रोहन कश्यप, अनमोल मौर्या, सोनू मौर्या, शिवम दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# परमार्थ संस्थान द्वारा गंगापार में वितरित किये गये कम्बल

**सेवा कार्य अनवरत रहेगा जारी: केशव भान साध**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कम्बल वितरित करते केशव भान साध व भईयन मिश्रा

भीषण सर्दी में समाजसेवी परमार्थ संस्थान के प्रमुख केशवभान साध एवं फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कंबल वितरित किये। कटरी गंगपुर, ढोली की मढैया, ठाठ की मड़इया, पृथ्वीपुर, शिकारपुर, छोटी गुलरिया, बड़ी गुलरिया, कटरी धरमपुर आदि ग्रामों में कंबल वितरण एवं गर्म शर्ट आदि वितरित की गई।

पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ से अधिकांश गांव बिल्कुल खत्म हो गए। लोगों के घर मकान खेत गंगा जी की भीषण बाढ़ में डूब गए। लोगों की परेशानी को देखते हुए शुक्रवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम परमार्थ संस्थान के प्रमुख केशवभान साध ने किया। उन्होंने कहा की सर्दी में जो लोग जरूरतमंद है उनको सर्दी से बचने के लिए कंबल एवं पुरुषों को गर्म शर्ट का वितरण किया गया है। हमारी कोशिश है की जो भी हम जरूरतमंदों के लिए कर सकते हैं वह हमें करना चाहिए। सरकार भी ऐसे लोगों को जो भी सरकारी स्तर पर मदद हो सकती है देख क्योंकि यह लोग वास्तव में मुश्किल से जीवन यापन कर रहे हैं। फर्रुखाबाद विकास मंच एवं तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि मुसीबत के समय जो सेवा व्यक्ति की जाती है सच्चे अर्थों में वही सेवा ईश्वर पसंद करते हैं। कंबल वितरण में डॉ. पंकज राठौर, राजीव वर्मा, नरोत्तम सिंह, प्रधान धर्मवीर राजपूत, शेर सिंह यादव, मनोज यादव, संजय यादव, संजय साध, नरसिंह राजपूत, रामबरन शाक्य, सत्यनारायण शाक्य, आलोक मिश्रा, भूरे, विपिन तिवारी उपस्थित रहे।

# लोकप्रियकरण एवं विज्ञान जागरुकता कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


छात्राओं को सम्मानित करती दीपिका राजपूत

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के निर्देशन में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अनुमति पर जिला विज्ञान क्लब द्वारा आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज में विज्ञान लोकप्रियकरण एवं विज्ञान जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शुभारंभ प्राचार्य आरपी डिग्री कॉलेज के डॉ. सूरजभान सागर ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। जिला विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना के अंतर्गत बताया कि विज्ञान लोकप्रिय करण एवं विज्ञान जन जागरूकता हेतु ब्लॉक कमालगंज के 4 विद्यालय आरपी इंटर कॉलेज, फिरोज़ गांधी जनता इंटर कॉलेज, आदर्श जनता इंटर कॉलेज रानूखेड़ा, डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया के छात्र- छात्राओं ने स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन विषय पर व्याख्यान, मॉडल, पोस्टर तथा निबंध, लेखन आदि गतिविधियों में प्रतिभाग किया।

आरपी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट के द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतिकरण किया गया। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने कहा कि पवित्र पावनी गंगा तट को स्वच्छ रखना है तथा प्लास्टिक थैले के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करने का संकल्प करना है। जीव विज्ञान प्रवक्ता हरेंद्र प्रताप सिंह ने संतुलित आहार और योग द्वारा जीवन को स्वस्थ रखने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्यान गतिविधि में नैन्सी फिरोज़ गांधी जनता इंटर कॉलेज, मॉडल में जावित्री तथा निबंध में नंदनी आरपी इंटर कॉलेज, पोस्टर में जैनब डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश वर्मा, आशुतोष पांडे उपस्थित रहे। संचालन संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में रामवीर सिंह, अमिताभ सिंह, राजेश कुमार पाण्डेय, राधा यादव, रणजीत सिंह, सुनील कुमार, दिव्या शर्मा, राजेश कुमार, शिवराम वर्मा, अमित कुमार, राजकुमार यादव, देवेश कुमार, सनी बाथम ने सहयोग किया।

# नोशनल वेतन वृद्धि को लेकर सेवानिवृत्त शिक्षकों ने उठायी मांग

**वित्त लेखाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


वित्त लेखाधिकारी को ज्ञापन सौंपते सेवानिवृत्त शिक्षक

उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के जिला संयोजक विजय बहादुर यादव की अध्यक्षता में बैठक शिक्षक भवन फतेहगढ़ में सम्पन्न हुई। मासिक बैठक में पूर्व शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण पर चर्चा हुई। साथ ही जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन वित्त लेखाधिकारी को सौंपा गया। वित्त लेखाधिकारी ने शिक्षक भवन पहुंचकर पूर्व शिक्षकों की समस्याओं का ज्ञापन लिया।

संचालन मगनानंद अग्निहोत्री ने किया। दिये गये ज्ञापन में कुछ सेवानिवृत्त शिक्षकों के समय, सेवा पुस्तिका वापस न करने के कारण, सेवा पुस्तिकायें न मिलने के कारण नेशनल वेतन वृद्धि नहीं लग पा रही है। इन पूर्व शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाये। कुछ अध्यापकों की सेवानिवृत्त की नोशनल वेतन वृद्धि लगायी जानी है। उसके लिए समस्त बाबुओं को आदेशित किया जाये। जिले के 18 अध्यापक 15 जून 2015 में सेवानिवृत्त हुए तथा उन्हें पुनः सेवा में रहने का आदेश दिया गया और वह लोग 2016 में सेवानिवृत्त होने के कारण एक लाभ तो मिला, परन्तु जुलाई 2015 से लगने वाली नोशनल वेतन वृद्धि नहीं दी गई। इस समस्या का समाधान किया जाये। इस मौके पर बलवीर सिंह, करन सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षक मौजूद रहे।

## आतिफ अहमद का बैंक ऑफ बड़ौदा में हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हाथीखाना फतेहगढ़ के निवासी सुहेल अहमद फारूकी एडवोकेट के बड़े बेटे आतिफ़ अहमद फारूकी का बैंक ऑफ बड़ौदा में (पीओ) बैंक अधिकारी की परीक्षा में बैठकर चयनित हुए।

आतिफ़ अहमद ने अधिकारी के पद पर चयनित होकर अपने पिता व माता का नाम रोशन किया। आतिफ का बैंक में अधिकारी के पद पर चयनित होने की खबर आते ही घर वालों के साथ-साथ फतेहगढ़ शहर वासियों, रिश्तेदारों व अधिवक्ता साथियों में खुशी की लहर दौड़ गई और घर पर मुबारकबाद देने वालों की कतार लग गई। अधिवक्ताओं ने भी सुहेल अहमद फारूकी व उनके बेटे को मुबारकबाद दी।

## खबरें एक नजर में

### सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन पर बांटे गये कम्बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम ने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव व जिला महासचिव इलियास मंसूरी के साथ देर शाम वृद्धाश्रम पहुंचकर कम्बल बांटे। देर शाम कादरीगेट स्थित सीनियर सिटीजन होम पहुंचकर सपा नेताओं ने पहुंचकर मैनपुरी सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गरीब व असहाय एवं वृद्धजनों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया और कम्बल बांटे। वृद्धा आश्रम में मौजूद सभी वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी दिखी और उन सभी ने सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन पर उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, इजहार खान, भैया खान, मुख्तार आलम, डॉ0 ऋषि गुप्ता, रागिनी यादव, कर्मेंद्र सिंह, छोटे सभासद, माजिद अली आदि मौजूद रहे। यह जानकारी स0 प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता ने दी है।

### डीएम के आदेश पर फिर पकड़ा गया अवैध खनन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना शमसाबाद क्षेत्र के अंतर्गत 2 ट्रेक्टर मय बालू/बालू एवं थाना कायमगंज क्षेत्र के अंतर्गत 1 ट्रेक्टर मय बालू के अवैध परिवहन में खनन अधिकारी ने जब्त कर लिये। खनन अधिकारी ने वाहनों को संबंधित थाना की अभिरक्षा में दिया गया है। कार्यवाही से विभाग को लगभग रुपये 78000 जुर्माने के रूप मे प्राप्त होगा।

### शौच करने गयी युवती को चार युवकों ने बुरी नियत से दबोचा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** खेत पर शौच करने गयी युवती को बुरी नियत से चार युवकों ने उसे पकड़ लिया और तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। चीखपुकार होने पर परिजन व गांव के लोग आ गये। इस दौरान जानमाल की धमकी आरोपी भाग गये। थाना कम्पिल के एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने थाने पहुंचकर दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री शुक्रवार को सायं काल 4 बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित सरसों के खेत में शौच करने गयी थी, तभी जरशीद, तसलीम पुत्रगण मुरशीद, महसीम पुत्र जमशाद, खुर्शीद पुत्र रशीद ने एकराय होकर बुरी नियत से मेरी पुत्री को दबोच लिया और दुपट्टे से उसका मुहं बांद दिया। विरोध करने पर मारपीट की व महसीम ने तमंचा दिखाकर धमकाया और कपड़े उतारकर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। चीखपुकार की आवाज सुनकर मैं अपने परिजनों व अन्य लोगों के साथ भागकर पहुंचे। आरोपी हम लोगों को देखकर जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### कानपुर शिक्षा निदेशक के नोटिस पर हाईकोर्ट ने लगाया स्टे

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रबंधक एम.ए. फारुकी मेमोरियल इंटर कालेज काजीटोला के विरुद्ध संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल द्वारा जारी किये गये कारण बताओ नोटिस पर उच्च न्यायालय ने स्टे कर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी, सहायक अभिजीत कुमार अधिवक्ता उच्च न्यायालय कर रहे थे और राज्य प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता की दलीलें सुनी गईं। वरिष्ठ वकील द्वारा उठाया गया एकमात्र तर्क यह है कि संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा जारी दिनांक 22 नवम्बर 2025 का विवादित नोटिस अधिकारहीन है और इस न्यायालय द्वारा विशेष अपील संख्या 55/2022 दिनांक 1 सितम्बर 2022 में पारित निर्णय के विपरीत है, जिसमें न्यायालय की खंडपीठ ने यह माना है कि संयुक्त शिक्षा निदेशक को मध्यवर्ती शिक्षा अधिनियम, 1921 की धारा 16(डी) के तहत नोटिस जारी करने का कोई अधिकार नहीं है। अगली सुनवाई की तिथि तक संचालन स्थगित रखा जाये। वहीं इस संदर्भ में एमए फारुकी मेमोरियल इंटर कालेज के प्रबंधक नदीम अहमद फारुकी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजनीतिक प्रति द्विस्तता वश विजय गुप्ता ने झूठी शिकायत शासन में की थी। जिसकी सुनवाई संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल द्वारा की जा रही थी। जिसमें संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा नोटिस जारी कर पक्ष रखने हेतु निर्देश दिया था। उक्त नोटिस के विरुद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद में याचिका प्रस्तुत की गई। जिस पर 14 जनवरी 2026 को सुनवाई कर उच्च न्यायालय ने नोटिस के विरुद्ध स्टे कर दिया। जिस कारण शिकायत प्रक्रिया स्थिगित कर दी गई है।

# शिक्षकों ने पुण्यतिथि पर स्व. ओमप्रकाश शर्मा को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ओमप्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि मनाते शिक्षक

भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में शिक्षक हितों के मसीहा व शून्य से शिखर तक के मार्गदर्शी, उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के सर्वमान्य नेता स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई। भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करके पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षक हितों की रक्षा को ही उन्होंने अपने जीवन का मुख्य लक्ष्य बनाया था। आज हमें स्वर्गीय शर्मा के संघर्ष पदचिन्हों पर चलना होगा, नहीं तो शिक्षक समुदाय अत्यंत कमजोर हो जाएगा। शिक्षक अखिलेश कुमार पांडे ने यह रेखांकित किया। शिक्षक समुदाय के व्यापक समर्थन के कारण वह उत्तर प्रदेश विधानसभा के लगातार आठ कार्यकाल तक एमएलसी बने रहे। सरकार ने उनकी सेवाओं को देखते हुए उन्हें पद्म विभूषण भी प्रदान किया। इकाई अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश शर्मा के दिखाएं रास्तों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सर्वेश कुमार यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अभिलाष कुमार संखवार, डॉ. संजीव त्रिवेदी, देवाशीष पाठक, बृजमोहन, देवेन्द्र पाठक, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, राजवीर राठौर, डॉ. जगवीर यादव, डॉ. समरेंद्र शुक्ला, करन पाल यादव, जयवीर राजपूत, नितिन यादव, मनोज कुमार, सरिता शर्मा, केशव गंगवार, दिलीप कुमार, संघ प्रिय गौतम, बच्चू लाल आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं म्युनिस्पिल इंटर कालेज में प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर व जिला महामंत्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी एवं जिला उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि मनायी और उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शिक्षक नेता प्रदीप जायसवाल, मयंक रस्तोगी ने विचार रखे। वहीं स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि पर रस्तोगी इंटर कालेज में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुधाकर चतुर्वेदी व जिला कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे ने पुष्प अर्पित किये और उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए विचार व्यक्त किये। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# रेलवे रोड का कार्य शुरु न होने पर रविवार को व्यापारी करेंगे अमरण अनशन

**नगर पालिका अध्यक्ष बोली निर्माण कार्य हो गया शुरु**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


सोनी शुक्ला

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला व युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव रेलवे रोड का निर्माण आश्वासन के बाद न होने पर 18 जनवरी से त्रिपुलिया चौक पर अमरण अनशन पर बैठेगें। दोनों व्यापारी नेताओं के साथ बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी एवं नगर के व्यापारी भी शामिल होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल द्वारा 15 जनवरी से हर हाल में निर्माण कार्य शुरु करने का आश्वासन दिया गया था। जो शुरु नहीं किया गया, यह वादा खिलाफी है। इसके विरोध में अमरण अनशन पर 18 जनवरी रविवार को अमरण अनशन पर व्यापारी बैठेंगे। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने बताया कि 15 जनवरी से निर्माण शुरु करने का समय दिया था। जिसके अनुसार ईओ विनोद कुमार ने दुकानदारों से बात की और कार्य शुरु करा दिया है। कुछ लोग अपनी आपसी लड़ाई के चलते विवाद को तूल दे रहे है।

# मेला श्रीराम नगरिया के संस्कृति पाण्डाल में गायन एवं वादन हुई प्रतियोगिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

पांचाल घाट स्थित मेला श्रीरामनगरिया के संस्कृति पाण्डाल में जनपद स्तरीय शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, लोक एवं सुगम संगीत विधाओं में गायन एवं वादन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। संस्कृति उत्सव के अन्तर्गत जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से ब्लाक एवं तहसील स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में तीनों तहसीलो के 19 विद्यालयों से कुल 80 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निर्णायक मंडल में गुलशन जहां (नोडल-कला उत्सव) सहायक अध्यापिका, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, अंजलि चौहान, नृत्यांगना (कत्थक)/ प्रशिक्षिका, नीरज शुक्ला शिक्षक परिषदीय विद्यालय एवं गोविन्द यादव नृत्य कोरियोग्राफर सम्मिलित रहे। विजेताओं को 24 जनवरी को यू.पी. दिवस के अवसर पर प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेगें। विजेताओं का नाम मंण्डल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रेषित किए जायेगें। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी दीप्ति वत्स, जिला विद्यालय निरीक्षक एन.पी. सिंह, संस्कृति विभाग के संयोजक सुरेन्द्र पाण्डे आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन आकाश मिश्रा ने किया।

# मुजफ्फरनगर के रोहित हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते लोग

निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल/निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर में रोहित उर्फ सोनू कश्यप की हत्या की निष्पक्ष जांच हेतु मुख्यमंत्री सम्बोधित डीएम व नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मुजफ्फरनगर में रोहित उर्फ सोनू कश्यप की हत्या जो एक नाबालिग और उसके कुछ साथियों द्वारा ईंट से कुचलकर और जलाकर हत्या कर दी गई है। इस घटना की निंदा की गई है। निषाद पार्टी मांग करती कि मुख्यमंत्री इस हत्याकाण्ड के दोषियों को पकड़ने के लिए सीबीआई जांच कर दोषियों को फांसी की सजा दिये जाने की मांग की गई। इस मौके पर सोहन लाल बाथम, इंदर कश्यप, अजीत बाथम, मुनेश कश्यप, सुरेश कश्यप, अरविन्द बाथम, कुलदीप बाथम, अमर नाथ बाथम, मोहन लाल बाथम, विमलेश, राजवीर, मनोज कश्यप, अंकुश कश्यप, अभिषेक बाथम, राकेश बाथम, अतुल बाथम, संजीव बाथम, सौरव कश्यप, बाबूराम, राजवती बाथम, जंगाली लाल बाथम, जेके बाथम, अरविन्द कश्यप, ज्ञानेन्द्र कश्यप, शिवम कश्यप, दीपचन्द्र, सागर कश्यप, गीता कश्यप, रविन्द कश्यप, दुर्गेश कश्यप, रोहन कश्यप मौजूद रहे।

## पूर्व में कंबल ले जाने की घटना बनी विवाद की पृष्ठभूमि

# पलिया में कंबल प्रकरण ने पकड़ा तूल, बार एसोसिएशन का प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**पलिया/लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



पलिया तहसील क्षेत्र में सरकारी कंबल वितरण से जुड़ा मामला शुक्रवार को गंभीर रूप ले बैठा। पलिया बार एसोसिएशन ने तहसील प्रशासन के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोलते हुए रैली और विरोध प्रदर्शन किया, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर से रैली निकालते हुए प्रशासन पर अनियमितता के आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने 'तहसील प्रशासन मुर्दाबाद ', 'कंबल चोरों होश में आओ' और 'लेखपाल रजनीश मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए। बार एसोसिएशन का आरोप है कि गरीबों के लिए आए सरकारी कंबलों के वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और प्रशासन सवालों से बच रहा है। दरअसल, विवाद की शुरुआत बीती रात उस समय हुई थी, जब सरकारी कंबलों के गट्ठर एक ऑटो में लादकर ले जाते हुए देखे गए। इस पर संदेह जताते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप मेनरो ने ऑटो को रुकवाया और चालक से कंबलों के स्रोत व गंतव्य के बारे में जानकारी मांगी। संतोषजनक जवाब न मिलने पर मामला बढ़ गया। इसी दौरान की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसमें ऑटो चालक के साथ हाथापाई और थप्पड़ मारने के दृश्य भी सामने आए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप मेनरो का कहना है कि यदि कंबल वास्तव में जरूरतमंदों में वितरण के लिए थे, तो उन्हें दिन में भी ले जाया जा सकता था। रात के अंधेरे में बिना किसी स्पष्ट रिकॉर्ड के कंबल ले जाना संदेह पैदा करता है। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए। वहीं, एसडीएम पलिया अवनीश सिंह ने अधिवक्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि कंबल वितरण पूरी तरह शासन के निर्देशों और नियमों के अनुसार किया जा रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की अनियमितता नहीं पाई गई है और कानून हाथ में लेना कतई स्वीकार्य नहीं है। शुक्रवार को हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पलिया में प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। आमजन पूरे मामले में पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# लाठी-डंडों से हमले और मारपीट के दो मामलों में सात नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**दो पक्षों के बीच हिंसक झड़पें**

**मितौली, लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना कोतवाली मितौली क्षेत्र के ग्राम कैमीभूड़ में आपसी विवादों ने हिंसक रूप ले लिया। गांव में अलग-अलग समय पर हुई दो घटनाओं में रास्ता रोककर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला तथा बच्चों के विवाद को लेकर घर के बाहर मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने कुल सात नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना 14 जनवरी 2026 की शाम करीब चार बजे की है। पीड़ित विजय कुमार सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम कैमीभूड़ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मितौली बाजार से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव के प्राइमरी स्कूल कैमीभूड़ के पास पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही रवि सिंह पुत्र राकेश सिंह, विपिन उर्फ तिकोन्ने सिंह पुत्र रंजीत सिंह तथा कमलेश सिंह पुत्र मुनेन्द्र सिंह ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने एक राय होकर मां-बहन की गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई और शरीर के कई हिस्सों में गहरी चोटें पहुंचीं। हमले के दौरान विजय कुमार सिंह मौके पर ही बेहोश हो गए। घटना के बाद गांव के विमलेश सिंह, अरविंद सिंह, सुरेश सिंह सहित अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर पीड़ित को बचाया और घायल अवस्था में घर पहुंचाया। बाद में उन्हें थाने ले जाया गया, जहां से पुलिस ने सीएचसी मितौली भेजकर चिकित्सकीय परीक्षण कराया। चोटों और बेहोशी के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज न हो सकी। हालत में सुधार होने के बाद पीड़ित ने 16 जनवरी 2026 को थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## खबरें एक नजर में

### कृषि निवेश मेले का आयोजन



**बबेरू/बांदा।** विकासखंड बबेरू सभागार में कृषि निवेश मेले का आयोजन हुआ। क्षेत्र के कई गांव के किसानों ने मेले में प्रतिभाग किया। किसानों ने मेले में कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी हासिल की। कृषि वैज्ञानिक डा. चंचल सिंह ने फसलों के रोग व कीटों की रोकथाम के लिए जानकारी दी। तकनीकी प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने सोलर पंप, सोलर फेंसिंग, कृषि यंत्र, फसल बीमा व किसान सम्मन निधि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। सहायक विकास अधिकारी कृषि श्रीकांत बिरथरे ने कृषि में तकनीकी पद्धति को अपना कर अधिक लाभ प्राप्त करने के उपाय बताए। छेदीलाल पटेल ने प्राकृतिक व जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। इस दौरान 50 से अधिक किसान मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**बांदा।** बीती रात पोस्टर लगाकर वापस लौटते समय ई रिक्शा आनियंत्रित होकर पलट गया। जिस पर युवक की मौत हो गई। शव को कब्जे में लेने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। गिरवा थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव निवासी मुन्नालाल 26 पुत्र कमलेश कुमार बैनर पोस्टर लगाने का काम करता था। गुरुवार की रात तिंदवारा से पोस्टर लगाकर ई रिक्शा में बैठकर वह बांदा आ रहा था। तभी नवाब टैंक के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई दयाशंकर ने बताया कि एक दुकान में काम करता था। उसी के साथ सोनू ई रिक्शा चलाता था। बैनर लगाकर तिंदवारा से वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में ई रिक्शा पलट जाने से यह हादसा हो गया। तभी यह हादसा हो गया। मौत के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### विशेष अभियान चलाकर होगा मुकदमों का निस्तारण

**बांदा।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों अनुसार श्रीमती अल्पना जिला जज/अध्यक्षा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में 01 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक तीन माह विशेष मध्यस्थता अभियान 2.0 (द्वितीय चरण) अभियान चलाकर मुकदमों का निस्तारण किया जायेगा। मध्यस्थता अभियान के तहत मुकदमों के निस्तारण में सुलह समझौते से होने वाले मुकदमों के निस्तारण में वादी व प्रतिवादी दोनो पक्षों को लाभ मिलेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज के द्वारा बताया कि तीन महीने तक चलने वाली विशेष मध्यस्थ अभियान में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक पत्रावलियों की चिन्हित कर मध्यस्था केन्द्र में वैवाहिक विवादों के मामले, दुर्घटना दावे के मामले घरेलू हिसां के मामले वाणिज्यिक के मामले, विवाह के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले बेदखली से सम्बन्धित मामले भूमि अधिग्रहण के मामले और अन्य उपयुक्त सिविल मामलों में मध्यस्थता कर कर मुकदमों का निस्तारण कराया जायेगा।

### व्यापार संघ चौराहा बचाओ संघर्ष समिति का अनशन जारी

**बबेरू/बांदा।** मुख्य चौराहे के सुंदरीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा व्यापारियों को नोटिस दिये जाने पर व्यापार संघ चौराहा बचाओ संघर्ष समिति द्वारा तीसरे दिन मे क्रमिक अनशन जारी रहा।और चेतावनी देते हुये कहा अगर हमारी समस्या का समाधान नही हुआ। तो बड़ा आंदोलन करेंगे। कस्बे के मुख्य चौराहे के चौड़ी करण व सुंदरीकरण के लिए सरकार ने चार करोड़ रुपए आवंटित किया ।इसके बाद नाप की प्रक्रिया स्थानीय प्रशासन राजस्व विभाग ने शुरू किया जिसमें की सैकड़ो व्यापारियों की दुकानें एवम घर दायरे में आ रहे।

## तेज रफ्तार पल्सर की टक्कर से युवक गंभीर घायल, चालक मौके से फरार

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली निघासन क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही एक पल्सर मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनिवास पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ग्राम कौड़िया, पोस्ट दुबहा ने कोतवाली निघासन में दी गई तहरीर में बताया कि 01 जनवरी 2026 को वह अपने भाई संदीप कुमार के साथ निजी कार्य से मोटरसाइकिल संख्या क्क31,क्क2612 से बम्हनपुर जा रहे थे। दोपहर करीब 2:30 बजे जब वे दुबहा फ्रेशर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक पल्सर मोटरसाइकिल के चालक ने तेज गति, गाली-गलौज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पल्सर चालक अपनी मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना में पीछे बैठे संदीप कुमार को गंभीर चोटें आईं। उन्हें दाहिने हाथ और दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया। घायल को तत्काल 112 पीआरबी की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में परिजनों ने निजी अस्पताल नवजीवन नर्सिंग होम में भर्ती कराया। पीड़ित रामनिवास ने बताया कि भाई के इलाज में व्यस्त रहने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी।

# तन मन से एसआईआर पर लग जाएं कार्यकर्ता : सुनील सिंह

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में भारतीय जनता पार्टी लखीमपुर खीरी की आवश्यक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पार्टी के पुरोधा पं0 दीनदयाल उपाध्याय,डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान से की गई।इसके उपरांत जिला महामंत्री रामजी मौर्य ने एसआईआर पर मण्डल अध्यक्षों से फार्म 06 ,07 तथा 08 के द्वारा नये मतदाता बनाने, संशोधन तथा गलत मतदाताओं के नाम हटाने की समीक्षा रिपोर्ट ली। जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2003 के बाद एसआईआर हो रही है यह मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य है इसलिए तन मन धन से एसआईआर पर लग जाइए। जिला उपाध्यक्ष/चेयरमैन नगर पालिका परिषद गोला विजय शुक्ला रिंकू ने कहा दस दिन का समय ही शेष बचा है , सब काम छोड़कर नये मतदाता बनाना होगा जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक ज्योतिर्मय बरतरिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं को मनोयोग से एसआईआर के ड्राफ्टेड वोटर तथा नये मतदाताओं के फार्म भरवाने होंगे।

कोई भी पात्र व्यक्ति रहना नही चाहिए बैठक में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामू पाण्डेय, जिला महामंत्री आशू मिश्रा,विनोद लोधी, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, संतोष कुमारी, जिला मंत्री उमेश शुक्ला, उमा राज,बृजेश सिंह, राकेश अर्कवंशी, दुर्गेश नंदन पाण्डेय, विनय गुप्ता,पूर्व जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, अशोक अवस्थी, रामजी रस्तोगी,बालमुकुंद दीक्षित, संदीप मौर्य ,रामानुज मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, दीपक मिश्रा, नीरज सिंह चौहान, अरविन्द गुप्ता ,धीरज बाजपेयी ,सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दरिगापुर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन, हिंदू एकता व जागरूकता पर दिया जोर

**खमरिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




दरिगापुर बाजार में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने हिंदुत्व, सामाजिक समरसता और हिंदू समाज की एकता पर विस्तार से अपने विचार रखे।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता रामनरेश (प्रांत समरसता प्रमुख) ने अपने संबोधन में हिंदू समाज को संगठित रहने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज की मजबूती के लिए जागरूकता और एकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हिंदू संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों की रक्षा के लिए सभी को सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। साथ ही समाज में आपसी भाईचारे और समरसता को बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में पालक शुभम (विद्यार्थी विद्यालयीन कार्य प्रमुख), खंड प्रचारक नितिन, प्यारे लाल मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक चेतना का संचार होता है और युवाओं को सही दिशा मिलती है।

कार्यक्रम के आयोजक सुनील मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सह संयोजक दिलीप के साथ ही सूरज, धीरेन्द्र, मुनेंद्र मिश्रा, क्रांति मिश्रा, धीरज मिश्रा, दिनेश मिश्रा, रजनीकांत मिश्रा, राज तिवारी, कमलेश पाल, अरुण मिश्रा, आलोक त्रिवेदी, सुनील तिवारी, अनिल मिश्रा, अटल राजपूत, हरिशंकर विश्वकर्मा, राजाराम तिवारी, सुशील मिश्रा, शशांक पांडे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

सम्मेलन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खमरिया पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन के सफल संचालन पर उपस्थित लोगों ने आयोजक मंडल की सराहना की।

## प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ महंगी दवाओं से मिलेगी राहत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के आनन्द टॉकीज रोड पर आमजन के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का विधिवत शुभारम्भ किया गया। महंगाई के इस दौर में जन औषधि केंद्र के खुलने से नगरवासियों को कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी राहत मिलेगी। शुभारम्भ अवसर पर भाजपा के लखीमपुर नगर महामंत्री गंगापुत्र मनीष मिश्र ने जन औषधि केंद्र के संचालक नीरज शुक्ला एवं रुचि शुक्ला को स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान मनीष मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सस्ती और प्रभावी दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। इससे नगर के लोगों को कम खर्च में बेहतर इलाज का लाभ मिलेगा।

उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा नगर उपाध्यक्ष वैभव शुक्ल, अंकुर, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं सभासद विक्रम गुप्ता, कवि शशांक पाण्डेय, शक्ति केंद्र संयोजक आदर्श मिश्र, घनश्याम सिंह, वेद प्रकाश गुड्डु सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने जन औषधि केंद्र की पहल को सराहते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# सीएचसी में डाक्टर न होने पर घायल मरीज आधा घंटा तक तड़पता रहा

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज़।** बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इस समय डॉक्टरो की बड़ी लापरवाही सामने देखने को मिली है। गुरुवार की शाम करीब काजी टोला गांव के पास दो बाईकों की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार खंती में पहुंच गए, इसमें एक बाइक में सवार सुनील पुत्र तेजा उम्र 35 वर्ष, निवासी पिंडारन थाना मरका यह गंभीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में गुरुवार समय करीब 7रू30 बजे लेकर पहुंचे, जहां कोई भी डॉक्टर मौके पर मौजूद नहीं था। वहीं सीएचसी पर सिर्फ वार्ड बॉय ही मौजूद मिला, जिन्होंने अपना काम ड्रेसिंग का काम किया, लेकिन आधा घंटे तक घायल सुनील तड़पता रहा। लेकिन फोन करने के बाद भी ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर शिखा गुप्ता नहीं पहुंची, वहीं जब तीमारदार ने सीएमओ को फोन किया, और तीमारदारों ने बताया कि डाक्टर ड्यूटी में नहीं है कुर्सी खाली पड़ी है, और घटना की जानकारी दिया, तो करीब 8रू00 बजे डॉक्टर रामनरेश सीएचसी पर पहुंचे, जिसमें घायल मरीज को देखा और तुरंत जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। वहीं घायल के परिजन ने बताया कि सीएचसी पर ड्यूटी पर डॉक्टर नहीं है, कुर्सी खाली पड़ी हुई है। और मलहम पट्टी कर दी गई है, और बांदा ले जाने की बात कर रहे हैं। लेकिन यहां पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं, जिससे रेफर कागज हमको दे सके। इस विषय में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू के अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश सिंह से जानकारी ली गई तो कहा कि मैं अभी अभी बाहर हूं इस प्रकरण की जांच कराई जाएगी, जो दोषी होगा उस पर कार्यवाही की जाएगी, और वेतन रोकने के साथ-साथ सीएमओ को पत्र भेजा जाएगा।



# युवा महोत्सव में प्रतिभागियों ने दिखायी प्रतिभा

### मैं देश की सेवा करना चाहती हूं: हर्षिता जौहरी



हर्षिता जौहरी, मिस इंडिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा महोत्सव समिति में मिस इंडिया का खिताब जीतने वाली मध्य प्रदेश भोपाल की हर्षिता जौहरी ने बताया कि मैं फिल्मों के अलावा देश की सेवा करना चाहती हूं।

मेरी मां हाउस वाइफ है। मैं तीन भाई बहन हूं। हर कार्य में पिता का सहयोग मिलता है। वर्तमान में पत्रकार हूं। एक जनवरी को भोपाल में ऑडीशन में भाग लिया।

### मेरी एक सफल मॉडल बनने की इच्छा: कशिश



कशिश पटेल,मिस यूपी

प्रतियोगिता में मिस यूपी का खिताब जीतने वाली वाराणसी की कशिश पटेल ने बताया कि मेरी मां प्रेरणा स्रोत है। वह एक शिक्षिका है। मैं भी एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापन कार्य करती हूं। मैंने लखनऊ में भी एक कार्यक्रम में ऑडीशन दिया है। मुझे मॉडल बनने का शौक है। अगर मुझे फिल्मों में काम मिला तो आगे अभिनेत्री बनकर मनोरंजन के क्षेत्र में कार्य करना चाहती हूं।

### मैं फिल्म अभिनेत्री बनना चाहती हूं: मुस्कान



मुस्कान सक्सेना, मिस फर्रुखाबाद

मिस फर्रुखाबाद का खिताब जीतने वाली फतेहगढ़ की मुस्कान सक्सेना ने बताया कि मैं गाइडेंस सिंगापुर एयरलाइंस में केबिन क्रू हूं। मैं मॉडल बनना चाहती हूं। इससे पहले भी मैंने प्रतियोगिता में भाग लिया और दिल्ली में भी ऑडीशन दे चुकी हूं। मेरी आदर्श फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा हैं। मैं उन्हीं की तरह बनकर देश का नाम रोशन करना चाहती हूं। परिवार का पूरा सहयोग मिलता है।

### मैं पुलिस में जाना चाहता हूं: तन्मय सिंह



तन्मय सिंह, मिस्टर फर्रुखाबाद

फतेहगढ़ जेएनवी रोड निवासी तन्मय सिंह ने मिस्टर फर्रुखाबाद का खिताब जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि मैं रोजी पब्लिक स्कूल कक्षा-12 का छात्र हूं। मेरे पिता महेन्द्र कुमार एसडीएम कार्यालय में सेवारत है। मैं एक अच्छा मॉडल बनने के साथ-साथ पुलिस की नौकरी कर देश की सेवा करना चाहता हूं। मैं अपना आदर्श अपने पिता महेन्द्र कुमार को मानता हूं।

# युवतियों ने कैटवॉक कर रैम्प पर बिखेरा जलवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद युवा महोत्सव के प्रतियोगिताओं के क्रम में 22वीं ब्यूटी विद ब्रेन प्रतियोगिता का आयोजन समिति के सभागार में हुआ। युवा महोत्सव समिति के अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा ने कहा कि युवाओं में देश, प्रदेश एवं क्षेत्रीय ज्ञान की कमी है। 19 प्रतिबन्धों के तहत इस वर्ष भी ब्यूटी विद ब्रेन कन्टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें भोपाल की 27 वर्षीय मिस हर्षिता जौहरी के सिर पर सजा मिस इण्डिया का ताज, वाराणसी की 21 वर्षीय मिस कशिश पटेल बनी मिस उत्तर प्रदेश। 21 वर्षीय मुस्कान सक्सेना को मिस फर्रुखाबाद और 17 वर्षीय तन्मय को मिस्टर फर्रुखाबाद का ताज मिला। फर्रुखाबाद के 23 वर्ष वर्षीय अभय तिवारी मिस्टर उत्तर प्रदेश बने, रचित मिश्रा को मिस्टर उत्तर प्रदेश प्रिन्स का ताज मिला। कानपुर के क्षितिज दुबे मिस्टर कानपुर रीजन बने। हनी सक्सेना मिस्टर फर्रुखाबाद प्रिन्स बने। सत्यम तिवारी को मिस्टर माडल फर्रुखाबाद का ताज मिला। फर्रुखाबाद के मिस्टर निहाल वर्मा को मिस्टर कानपुर रीजन प्रिन्स का ताज मिला। आलोक पाल मिस्टर मॉडल कानपुर रीजन, आदर्श मिश्रा को मिस्टर ग्राण्ड फर्रुखाबाद का ताज मिला। मिसेज विद्या गुप्ता को मिसेज उत्तर प्रदेश बनी। राजेपुर ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी, भाजपा नेता शैलेन्द्र राठौर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, डॉ0 शिवानी शुक्ला, कृष्णकांत अक्षर, हर्ष दुबे, हर्षित मिश्रा मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में सम्मानित होती युवतियां

